सूर्योदय 5:35 सूर्यास्त 7:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.8 न्यू | 26.2 अधि |
| धर्मशाला | 18.0 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81343.46 |
| निफ्टी | 24800.85 |
| सोना | 74,840 |
| चांदी | 94,126 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



यूरोस्पोर्ट इंडिया ने शिखर धवन को बनाया ब्रांड एंबेसडर

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 19 जुलाई, 2024 | 4 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 212, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन फिर कोरोना संक्रमित



**मिलवाउकी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन एक बार फिर कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं। हालांकि, उनमें संक्रमण के हल्के लक्षण हैं। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के महत्वपूर्ण मोड़ पर उन्हें अपना अभियान रोकना पड़ा है। बाइडेन ने 'एक्स' पर लिखा कि मैं बीमार हूं।

### श्रीलंका के पूर्व अंडर 19 कप्तान की हत्या

**श्रीलंका।** श्रीलंका के अंडर-19 के कप्तान रह चुके पूर्व क्रिकेटर धम्मिका निरोशन की अंबालांगोडा स्थित उनके घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि एक अज्ञात हमलावर ने निरोशन के घर में घुसकर उन्हें गोली मार दी, तब वह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ थे। 41 साल के निरोशन ने अंडर-19 स्तर पर श्रीलंका प्रतिनिधित्व किया, उन्होंने 2000 में सिंगापुर के खिलाफ अपना डेब्यू मैच खेला। उन्होंने दो साल तक अंडर-19 टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेला। 2002 अंडर-19 वर्ल्ड कप में नोरोशन ने 5 पारियों में 19.28 के एवरेज से 7 विकेट झटके थे।

### के. कविता मेडिकल जांच के लिए एम्स रेफर



**नई दिल्ली।** दिल्ली के चर्चित आबकारी नीति घोटाले में आरोपी के. कविता को एम्स रेफर किया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता को चेकअप के लिए एम्स भेजने का आदेश सुनाया है। कोर्ट ने एम्स से बीआरएस नेता की मेडिकल रिपोर्ट भी मांगी है। दिल्ली की अदालत में शराब घोटाले में सीबीआई से संबंधित केस में सुनवाई के दौरान के कविता को रेफर किए जाने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई 22 जुलाई को होगी।

### बब्बर खालसा का आतंकी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**चंडीगढ़।** अमृतसर में बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकी गिरफ्तार किया गया है। स्टेट स्पेशल आपरेशन सेल की ओर से पकड़े गए आतंकी का यूएस में बैठे आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया और इटली में बैठे आतंकी रेशम सिंह से कनेक्शन है। आतंकी के पास से एक पिस्टल, दो मैगजीन और नौ कारतूस बरामद हुए हैं। एक खाली बुलेट शेल भी बरामद की गई है।

### साढ़े 3 करोड़ की डकैती मामले में 12 अरेस्ट

**नई दिल्ली।** गुलाबी बाग इलाके में स्थित रोडलाइंस कंपनी के ऑफिस में हुई साढ़े तीन करोड़ की डकैती मामले में पुलिस ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लूट की रकम भी बरामद की गई है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- पुलिस ने प्रयागराज से गिरफ्तार किया लॉकअप से फरार तस्कर -पेज 2
- आईजीएमसी में जल्द शुरू होगा ट्रामा सेंटर -पेज 3
- बजट के अभाव में मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल के निर्माण में देरी -पेज 12
- नासा ने चंद्रमा पर लैंडर भेजने का मिशन किया रद्द -पेज 13
- भारत 124वें स्थान पर और अर्जेंटीना शीर्ष पर -पेज 14


# यूपी में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन पटरी से उतरी; 4 की मौत, 20 जख्मी

## ज्यादातर घायल यात्री एसी कोच के, खिड़की के कांच तोड़कर निकले बाहर

**एजेंसी, गोंडा**

**उत्तर** प्रदेश के गोंडा जिले में वीरवार को चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के आठ डिब्बे मोतीगंज-झिलाही के बीच पटरी से उतर गए। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य घायल हो गए। ज्यादातर घायल यात्री एसी कोच के बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद यात्री खिड़की के कांच तोड़कर बाहर कूदे।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हुई है। मौके पर रेस्क्यू टीम को भेजा गया है। राहत और बचाव कार्य जारी है। वहीं, जिलाधिकारी डॉ. नेहा शर्मा ने बताया कि सभी मृतकों और घायलों को बाहर निकाला जा चुका है। उन्होंने कहा कि घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है।

40 सदस्यीय मेडिकल टीम और 15 एंबुलेंस मौके पर मौजूद हैं। मौसम खराब होने के कारण राहत और बचाव कार्य में बाधा आ रही है। हादसे पर पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज सिंह ने कहा कि बचाव अभियान जारी है।



### चंडीगढ़ से असम जा रही थी ट्रेन

**चंडीगढ़** से यह ट्रेन असम के डिब्रूगढ़ जा रही थी। ट्रेन में सवार एक यात्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि मैं सुरक्षित हूं। चिंता मत कीजिए, मैं ठीक हूं। दुर्घटनास्थल के वीडियो में लोग पटरी से उतरे डिब्बों से अपना सामान निकालते दिख रहे हैं। डिब्बों में से एक पलट गया और मुड़ गया, जिसके ऊपर कुछ यात्री खड़े थे।

### सीएम योगी ने दिए राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**रेल** दुर्घटना पर सीएम योगी ने मुख्य सचिव और डीजीपी से बात कर अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सीएम के निर्देश के बाद आस-पास के जिलों के सभी अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी को अलर्ट मोड पर रखा गया है। एसडीआरएफ की टीम को मौके पर पहुंच कर राहत कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए गए। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को उत्तर प्रदेश में डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस के पटरी से उतरने के बारे में जानकारी दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय स्थिति पर नजर रख रहे हैं और असम सरकार संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हैं।

### 2 ट्रेनें कैंसिल, 11 के बदले रूट

**ट्रेन** हादसे के रेलवे ने गोंडा गोरखपुर पैसेंजर गाड़ी 5094 और 5031 को रद्द कर दिया। वहीं, 11 ट्रेनों का रूट बदला गया है।

### मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख देने का ऐलान

रेल मंत्रालय ने मृतकों के परिवार को 10-10 लाख, गंभीर रूप से घायलों को 2.5-2.5 लाख और मामूली रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की है।

### एटीएस टीम करेगी हादसे की जांच

**डिब्रूगढ़**-चंडीगढ़ ट्रेन हादसे की जांच यूपी एटीएस की टीम करेगी। जांच करने के लिए टीम शुक्रवार को मनकापुर पहुंचेगी।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

HELPLINE

कमर्शियल कंट्रोल : 9957555984
फरकाटिंग (एफकेजी): 9957555966
मरियानी (एमएक्सएन) : 6001882410
सिमलगुरी (एसएलजीआर) : 8789543798
तिनसुकिया (एनटीएसके) : 9957555959
डिब्रूगढ़ (डीबीआरजी) : 9957555960

# कुपवाड़ा में सेना के जवानों ने दो आतंकियों को किया ढेर




**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**उत्तरी** कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में वीरवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने यहां दो आतंकियों को मार गिराया है। सेना को यहां कुछ आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसी दौरान आतंकियों-सेना के बीच मुठभेड़ शुरू हुई।

उधर, डोडा में भी दो जगह एनकाउंटर चल रहा है। वीरवार तड़के आतंकवादियों के हमले में दो सैनिक घायल हो गए। कास्तीगढ़ इलाके के जद्दन बाटा गांव में स्कूल में बने अस्थायी सुरक्षा शिविर पर आतंकियों ने गोलीबारी की। इसमें दो जवान घायल हुए। सेना ने फायरिंग की तो आतंकी जंगल की ओर भागे। सेना ने आतंकियों को घेर लिया है और रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। वहीं, जिले में एक अन्य जगह भी एनकाउंटर जारी है। (अनंत ज्ञान)

### छत्तीसगढ़ में आईईडी की चपेट में आने से दो जवानों की गई जान

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंडीमरका के जंगल में नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से एसटीएफ के दो जवानों भरत साहू और सत्येर सिंह कांगे की मौत हो गई। वहीं, चार जवान पुरुषोत्तम नाग, कोमल यादव, सियाराम सोरी और संजय कुमार घायल हैं, जिनका मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में उपचार जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी और नक्सलियों के खात्मे तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

### नवनिर्वाचित विधायक 22 को लेंगे शपथ

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के लिए नवनिर्वाचित 3 विधायक कमलेश ठाकुर, हरदीप सिंह बावा और आशीष शर्मा 22 जुलाई को शपथ ग्रहण करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया तीनों नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के अलावा प्रदेश सरकार के मंत्री एवं विधायकों के मौजूद रहने की संभावना है। प्रदेश में तीन सीटों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में उपचुनाव करवाए गए थे।

## हमीरपुर के अग्निवीर निखिल ने खुद को मारी गोली, मौत

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



**घर पर पसरा है मातम, आज होगा अंतिम संस्कार**

**हमीरपुर** जिला मुख्यालय के वार्ड-11 के 23 वर्षीय निखिल डडवाल की जम्मू-कश्मीर के अखनूर में मौत हो गई है।

घर पर सूचना दी गई कि निखिल ने खुद को गोली मारी है। शुक्रवार को अंतिम संस्कार होगा। नगर परिषद हमीरपुर के वार्ड-11 के पार्षद वकील सिंह के मुताबिक, बुधवार रात को हेडक्वार्टर से फोन आया था, जिसमें बताया कि निखिल की मौत हो गई है।

मौत की खबर सुनते ही घर पर मातम छाया हुआ है। निखिल पौने दो साल पहले अग्निवीर बना था और उसकी पहली तैनाती बीकानेर में हुई थी। करीब तीन महीने पहले अखनूर में तैनात हुआ था। (अनंत ज्ञान)

### नीट-यूजी परीक्षा पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश, रिजल्ट सिटी और सेंटर वाइज जारी हों

## मार्क्स वेबसाइट पर अपलोड करने के आदेश

**एएनआई, नई दिल्ली**

**नीट**-यूजी परीक्षा में हुई गड़बड़ियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने छात्रों के मार्क्स वेबसाइट पर 20 जुलाई तक अपलोड करने के आदेश दिए हैं। साथ ही एनटीए को आदेश दिया कि अंकों को अपलोड करते समय छात्रों की पहचान गुप्त रखी जाए।



कोर्ट ने कहा कि नतीजे शहर और केंद्र के हिसाब से अलग-अलग घोषित किए जाने चाहिए। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़

**छात्रों की पहचान गुप्त रखने को कहा, 22 जुलाई को होगी सुनवाई**

और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने नीट-यूजी से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने अगली सुनवाई 22 जुलाई की तारीख तय की। कोर्ट ने सोमवार तक काउंसिलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। वरिष्ठ वकील नरेंद्र हुडा ने कहा कि हमने सुप्रीम कोर्ट में वे सारी बातें उठाई हैं, जो संकेत देती हैं कि पेपर लीक हुआ है। पेपर सिर्फ हजारीबाग और पटना में ही नहीं, बल्कि अन्य जगहों पर भी लीक हुआ है। वहीं, कोर्ट ने सोमवार को बिहार पुलिस और भारत सरकार को बिहार पुलिस की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लाने का आदेश दिए है। सीजेआई ने कहा कि पुनः परीक्षा कराने के लिए यह ठोस आधार होना चहिए कि पूरी परीक्षा की शुचिता पर असर पड़ा है।

### पटना एम्स से चार मेडिकल छात्र गिरफ्तार

**पटना।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले की जांच अब पटना एम्स तक पहुंच गई है। सीबीआई ने पटना एम्स के 4 मेडिकल छात्रों को हिरासत में लिया है। इन छात्रों से सीबीआई पूछताछ कर रही है। छात्रों के कमरों को सील कर दिया गया है। वहीं, एम्स के निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल ने बताया कि सीबीआई ने तीन मेडिकल छात्रों को पकड़ा है, जबकि एक ने खुद समर्पण किया है। हम जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं।

## फिर खोला जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार

**एजेंसी, पुरी**

**ओडिशा** के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के खजाने रत्न भंडार को वीरवार को फिर खोला गया। इस दौरान भक्तों का प्रवेश बंद कर दिया गया। एक दिन पहले ही मंदिर में प्रवेश बैन का नोटिस चस्पा कर दिया था।

**कीमती सम्मान अस्थायी स्ट्रांग रूम में किया शिफ्ट**

अधिकारियों ने बताया कि कीमती सामान को अस्थायी स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित किया गया। इससे पहले 46 साल बाद 14 जुलाई को रत्न भंडार खोला गया था। पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्ष एवं ओडिशा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने बताया कि कीमती सामान को स्थानांतरित करने के दौरान केवल अधिकृत लोगों और कुछ सेवकों को ही मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई है।

### एएसआई को नहीं दी जाएंगी चाबियां

**न्यायमूर्ति** रथ ने बताया कि बाहरी कक्ष से कीमती सामान पहले ही मंदिर परिसर के भीतर 'चांगडा मेकप' कक्ष में अस्थायी स्ट्रांग रूम में ले जाया जा चुका है, जहां भगवान के बिस्तर रखे जाते हैं। आभूषणों को बाहर ले जाने के बाद एएसआई आंतरिक कक्ष का भौतिक निरीक्षण करेगा। एएसआई को आंतरिक कक्ष की चाबियां नहीं दी जाएंगी।

### हाईकोर्ट से अडाणी समूह को झटका

## हिमाचल सरकार नहीं लौटाएगी 280 करोड़

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**जंगी** थोपन पॉवर प्रोजेक्ट को लेकर हिमाचल प्रदेश सरकार को बड़ी राहत मिली है। प्रदेश हाईकोर्ट की डिवीजन बैंच ने सिंगल बैंच के फैसले को पलटते हुए सरकार के हक में फैसला सुनाया है।



जस्टिस विवेक सिंह ठाकुर और बिपिन चंद्र नेगी की डिवीजन बैंच ने अडाणी समूह को 280 करोड़ रुपए की प्रीमियम राशि लौटाने के सिंगल बैंच के फैसले को रद्द कर दिया है और कहा कि अडाणी समूह इसका हकदार नहीं है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अडाणी समूह ने कोर्ट में विचाराधीन मामले में बैक डोर से प्रोजेक्ट में इनवेस्ट किया जो कि प्रोजेक्ट के करार के खिलाफ है। ऐसे में अडाणी समूह को प्रीमियम राशि नहीं लौटाई जाएगी। सरकार ने प्रोजेक्ट का करार ब्रेकल कंपनी के साथ किया था लेकिन कंपनी ने फ्रॉड करके फर्जी दस्तावेज पर प्रोजेक्ट हासिल किया था, जो करार के खिलाफ पाया गया और बाद में बिना सरकार की सहमति से अडाणी समूह को प्रोजेक्ट का मेंबर बना लिया। ऐसे में ब्रेकल कंपनी भी प्रीमियम राशि की हकदार नहीं है। (अनंत ज्ञान)




**बेरहम मानसून** | प्रदेशभर में पांच दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, धर्मशाला में हुई 142.8 मिलीमीटर बारिश

# किन्नौर में दरकी पहाड़ी, यातायात बाधित

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

किन्नौर जिले में पोवारी के समीप भारी बारिश होने से पहाड़ी दरक गई, जिससे यातायात बाधित हो गया है। लोग पैदल सफर करने के लिए मजबूर हो गए हैं।

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में बीते 24 घंटों के दौरान बादल झमाझम बरसे हैं। धर्मशाला में 142.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं, गमरूर 53.0, बैजनाथ 36.0, ओलिंडा 32.2,पालमपुर 22.4 व कांगड़ा में 19.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेशभर में पांच दिनों तक भारी बारिश का येलो-ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।



राज्य के कई हिस्सों में 24 जुलाई तक बारिश जारी रहेगी। ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, किन्नौर, सोलन और सिरमौर जिले के कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट है। 21 जुलाई के लिए बिलासपुर, चंबा, कांगड़ा व मंडी जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शिमला में पूरा दिन धुंध छाई रही। वहीं, भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने जनता से आग्रह किया है कि उपमंडल के उच्च स्थानों कमरूनाग व शिकारी देवी मंदिर की तरफ न जाएं।

उपमंडल में घूमने आ रहे पर्यटक भी मौसम की पूरी जानकारी व होटल आदि में रहने की व्यवस्था उपलब्ध होने पर ही यात्रा करना सुनिश्चित करें। लोग किसी भी आपात स्थिति में दूरभाष नंबर 1077, 100, 112, 108, पुलिस थाना गोहर 01907-250228 तथा उपमंडल कार्यालय गोहर के कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01907-250262 संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| बिलासपुर | 37.9° |
| ऊना | 37.0° |
| हमीरपुर | 36.2° |
| बरठीं | 35.8° |
| चंबा | 35.6° |
| सुंदरनगर | 34.4° |
| कांगड़ा | 34.0° |
| मंडी | 33.8° |
| धौलाकुआं | 33.1° |
| सोलन | 31.0° |
| धर्मशाला | 30.0° |
| शिमला | 26.2° |

## न्यूज ब्रीफ

### लक्कड़ बाजार में चोरों ने वारदात को दिया अंजाम

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** शिमला में चोरी की वारदात थम नहीं रही है। आए दिन लोगों के घरों में चोरी हो रही है। ताजा मामला शिमला के लक्कड़ बाजार में पेश आया है। शिकायतकर्ता जगत राम निवासी विल्लो होटल लक्कड़ बाजार ने मामला दर्ज करवाया है की 16 जुलाई को वह अपनी प ी के साथ चेकअप के लिए अस्पताल गया था, वापस आकर देखा तो किसी अज्ञात व्यक्ति ने इसके कमरे का ताला तोड़कर अलमीरा के अंदर से करीब 90 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली थी। पुलिस ने थाना सदर शिमला में मामला दर्ज कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

### 25 को भाजयुमो निकालेगा मशाल यात्रा

**रविंद्र जस्टा, शिमला ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश की 68 विधानसभा क्षेत्रों में मशाल यात्रा निकलेगा। युवा मोर्चा के प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता तथा कारगिल विजय दिवस के प्रदेश संयोजक अजय चौहान ने बताया कि इस दिवस को भाजपा देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के संकल्प के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाते आ रहे हैं। अजय चौहान ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा हिमाचल प्रदेश भी प्रत्येक विधानसभा में मशाल रैलियों का आयोजन करेगा, क्योंकि यह कारगिल दिवस की 25वीं वर्षगांठ है तो 25 जुलाई की शाम से 26 जुलाई की शाम तक 25 घंटे तक विजय दीप किसी प्रमुख स्थान पर प्रज्वलित रहेगा। (अनंत ज्ञान)

### जूडो में राजकीय उच्च पाठशाला भडेच ने मनवाया लोहा



**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** भडेच पाठशाला के छात्रों ने अंडर 14 खेलकूद प्रतियोगिता में सर्वोच्च प्रदर्शन करते हुए जूडो की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके ट्रॉफी अपने नाम की। राजकीय उच्च विद्यालय भड़ेच के शारीरिक शिक्षक सुखदेव ने बताया कि दीक्षित ने 35 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, अक्षत ने 30 किलोग्राम भार में रजत पदक जीता। इसी प्रकार 40 किलोग्राम भार वर्ग में सूर्याश ने स्वर्ण पदक और शिवम ने रजत पदक जीता। इसके साथ ही अन्य प्रतियोगिताओं में भी बच्चों ने पदक जीते। शारीरिक शिक्षक सुखदेव राणा ने इस सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान पूजा देवी, मुख्य अध्यापिका संगीता गुप्ता, वरिष्ठ शिक्षिका मुकेश भारद्वाज और अन्य सभी अध्यापकों को दिया है।

### एसके उप्पल के निधन पर जताया शोक

**बीबीएन ।** सीएमओ मुख्य चिकित्साअधिकारी सोलन राजेश उप्पल के पिता एसके उप्पल का देहांत हो गया है। उनका अंतिम संस्कार सोला शहर में किया गया। एसके उप्पल की मृत्यु पर भाजपा, कांग्रेसी नेताओं व पत्रकारों ने गहरा दुख जताया है और उप्पल के शोक संतृप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की है। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मंत्री धनी राम शांडिल, सीपीएसआर कुमार, संजय अवस्थी, विधायक विनोद सुल्तानपुरी, बाबा हरदीप सिंह, केएल ठाकुर, हरप्रीत सैनी, पूर्व मंत्री राजीव सहजल, जिला भाजपा के पूर्व कोषाध्यक्ष प्रेम लाल गौतम, एपीआरओ रविंद्र कुमार, सुदर्शन अधिकरी, डीसी मनमोहन शर्मा, पीए ललित कुमार, विनोद कुमार, मधु वर्मा, सुंदर राम, डा. राठौर, डा. अमरजीत सिंह, डा. जय सिंह, पत्रकार संगठनों के रमेश, शांति स्वरूप गौतम, संदीप सचदेवा, सुनील शर्मा, विकास शर्मा, अरविंद गोयल, सतीश बंसल आदि ने दुख व्यक्त किया है और शोक संतृप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की है। उन्होंने कहा कि उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है सकेगा, उनका जाना अपूरणीय क्षति है। उनके द्वारा किए गए सेवा हमेशा याद रखे जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### जुखाला महाविद्यालय में अंकित को किया सम्मानित



**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी।** एचपीयू की कला स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा में पांचवां स्थान हासिल करने वाले राजकीय महाविद्यालय जुखाला के छात्र अंकित को कॉलेज में सम्मानित किया गया। इस महाविद्यालय की स्थापना 2007 में हुई थी तब से लेकर के 2023 तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में इस महाविद्यालय से किसी भी विद्यार्थी की टॉप 10 में कोई पोजीशन नहीं आई थी, जोकि 2024 में अंकित ने हासिल की। महाविद्यालय प्राचार्य, शिक्षक वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग द्वारा अंकित को सम्मानित किया गया और उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। अंकित ने सीजीपी 8.85 हासिल किया। इसी महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य मेजर मंजुला शर्मा इस छात्र को वार्षिक पारितोषिक समारोह में 5000 की राशि देकर सम्मानित करेंगे। अगले शैक्षणिक सत्र में अंकित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से हिंदी विभाग में एमए करने जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### घुमारवीं कॉलेज में टॉपर्स को दिया गया सम्मान

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में सत्र 2023-24 में स्नातक अंतिम वर्ष हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में मेरिट लिस्ट में रहने वाले टॉपर्स वैष्णवी शर्मा तथा रक्षित का सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों रक्षित बीए तृतीय वर्ष ने हि. प्र. विश्वविद्यालय की परीक्षा में द्वितीय स्थान तथा वैष्णवी शर्मा ने बीएससी मेडिकल परीक्षा में पांचवां स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन कया। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा इन दोनों विद्यार्थियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.रामकृष्ण ने की। महाविद्यालय प्राचार्य ने इन विद्यार्थियों को महाविद्यालय की ओर से पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर दोनों मेधावी विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा कर महाविद्यालय प्राचार्य तथा प्राध्यापकों को इस सफलता का श्रेय दिया। (अनंत ज्ञान)



### पूर्व सैनिक आश्रित कोटे से 10 बने जेबीटी शिक्षक

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** प्रारंभिक शिक्षा विभाग बिलासपुर ने मार्च में विभिन्न श्रेणियों के पूर्व सैनिक आश्रितों से जेबीटी बैच वाइज पदों के लिए आयोजित काउंसलिंग में चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। इसमें पूर्व सैनिकों के आश्रितों के 10 पद भरे गए हैं, जिसमें सामान्य वर्ग के चार, ओबीसी वर्ग के दो, अनुसूचित जाति वर्ग के दो और अनुसूचित जनजाति वर्ग के दो पद शामिल हैं। काउंसलिंग प्रारंभिक शिक्षा विभाग बिलासपुर के कार्यालय में 6 और 7 मार्च को हुई थी। चयनित अभ्यर्थियों में कांगड़ा की रुकमणि ठाकुर, हमीरपुर की अनीता शर्मा, हमीरपुर की शारदा देवी, सोलन की रेखा कुमारी, सोलन के मनोज कुमार, चंबा के गौरव, बिलासपुर के संजीव कुमार, चंबा के अजय सिंह, कांगड़ा के राजकुमार, कांगड़ा की शप्पू शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### होमगार्ड जवान की सूझबूझ से टली बड़ी अनहोनी

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी।** विश्व विख्यात शक्तिपीठ मां नयना देवी बस अड्डा के पास मंदिर मार्ग पर होमगार्ड के जवानों की सूझबूझ से आग की एक घटना होने से टल गई। हुआ यूं कि बिलासपुर होमगार्ड 5वीं बटालियन के जवान सुनील कुमार और देवराज मां नयना देवी जी के दरबार में ड्यूटी के लिए जा रहे थे। जब वह दोनों बस अड्डा के ऊपर की ओर जा रहे रास्ते पर पहुंचेए तो वहां जेड प्वाइंट के ऊपर की छत पर शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई थी। जैसे ही उनकी नजर उस पर पड़ीए दोनों आग बुझाने में जुट गए। कुछ दी देर में उन्होंने आग भड़कने से पहले ही उस पर काबू पा लिया। इससे आग की घटना घटित होने से टल गई। स्थानीय लोगों ने इसके लिए उनका आभार जताया है। होमगार्ड जवान सुनील कुमार ने बताया कि वह ड्यूटी के लिए बस अड्डा से होते हुए मंदिर की ओर जा रहे थे। तभी रस्ते में किसी व्यक्ति ने बताया कि आगे बिजली की तार में आग लगी हुई है, जिस पर उन्होंने तुरंत मौके पर जाकर आग पर काबू पाया। (अनंत ज्ञान)

# जेनरिक स्टोर में नहीं मिल रही पूरी दवाइयां

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



दवाइयों के लिए लगी लाइन।

आईजीएमसी में फ्री जेनरिक दवाइयां देने का दावें करने वाली सरकार व प्रशासन की पोल खुलती नजर आ रही है। सवाल तो यह है कि जेनरिक स्टोर में महंगी दवाइयां तो एक भी नही है, लेकिन सस्ती दवाइयां भी मरीजों को एक या दो मिल रही है। कुछ मरीज खाली लौट रहे है। पहले प्रशासन सीधे तौर पर यह कहता था कि अभी सरकार से फंड नहीं आया है। इसलिए कम दवाइयां उपलब्ध हो रही है, लेकिन जब फंड आया तो भी सारी दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पाई है।

इन दिनों स्थिति ऐसी बन चुकी है कि दिनभर मरीज भीड़ के बीच ओपीडी में डॉक्टर से चैकअप करवाने के लिए धक्के खा रहा होते है, उसके बाद उन्हें जेनरिक स्टोर में निशुल्क दवाइयां लेने भेजा जाता है। वहां पर भी पहले लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है जब दवाइयां लेने की बारी आती है तो मरीज को साफ शब्दों में कहा जाता है कि हमारे पास यह दवाइयां नहीं है। पहले जो प्रशासन ने ने लिस्ट जारी की थी उसके मुताबिक स्टोर में 330 के करीब दवाइयां उपलब्ध होनी चाहिए थी, लेकिन यहां पर काफी कम दवाइयां बताई जा रही है।

इस स्टोर को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाना चाहिए। प्रशासन तो यह भी तय नहीं कर पा रहा है कि उनके पास कितनी दवाइयां उपलब्ध है। आखिर दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इसको लेकर उचित जांच होनी चाहिए। आईजीएमसी में प्रदेश के कौने कौने से लोग अपना अपना उपचार करवाने आते हैं।

सभी मरीजों के साथ खिलवाड़ ही हो रहा है। हद तो यह है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं दवाइयां न होने से जेनरिक स्टोर में तैनात स्टाफ की मुश्किलें बढ़ गई है।

जब उनके पास दवाइयां ही उपलब्ध नहीं है, तो उन्हें भी मरीज बार-बार कहते है की दवाइयां क्यों नहीं मिल रही है। वहीं स्टाफ भी अब फ्री हो गया है। इनका काम भी कुछ नहीं है। हालांकि यहां पर स्टाफ की तो गलती नहीं है। दवाइयां उपलब्ध करवाना उनका काम नहीं है। इसकी तरफ तो प्रशासन व सरकार को ध्यान देना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं मरीज

**राजगढ़** सिरमौर की रहने वाली बिमला देवी, बिलासपुर की सीता, हमीरपुर से विनोद, चंबा के अक्षय व सोलन के रहने वाले रोशन आदि ने कहा कि वे जब जेनरिक स्टोर में गए तो वहां पर पहले तो लाइनों में खड़े रहे। जब बारी आई तो एक भी दवाइयां नहीं मिली। सरकार व विभाग को या तो सारी दवाइयां उपलब्ध करवानी चाहिए या फिर इससे तुरंत प्रभावन से बंद किया जाना चाहिए।

### जनऔषधि दुकान में भी समय से नहीं मिलती दवाइयां

**जनऔषधि** की दुकान में भी समय से दवाइयां और समान नहीं मिलता है। कारण यह है की उनके पास कार्ड होते है। जो पैसे नगद देते है उन्हें जल्द दवाइयां मिलती है।

# पुलिस ने प्रयागराज से गिरफ्तार किया लॉकअप से फरार तस्कर

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

शिमला में लॉकअप की ग्रिल काटकर फरार हुए चिट्टा तस्कर को शिमला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह तस्कर शिमला के ढली थाने से फरार हुआ था। आरोपी 23 वर्षीय आकाश माथुर को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में पकड़ा है। उसे यूपी से शिमला लाया जा है।

पुलिस का कहना है की आरोपी की प्रयागराज में गिरफ्तारी हुई है। आज उसे शिमला के कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

बता दें कि आरोपी आकाश माथुर को ढली पुलिस ने बीते 9 जुलाई को भट्टाकुफर में नशीले पदार्थ चिट्टे (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 14.61 ग्राम चिट्टा मिला था और उसके विरुद्ध केस दर्ज हुआ था। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया था और वह पुलिस रिमांड पर चल रहा था। ढली थाने में इसे हिरासत में रखा गया था। बीते 14 जुलाई की मध्यरात्रि आरोपी थाने में लगी खिड़की की ग्रिल काटकर फरार हो गया था। इस मामले में दर्ज एफआईआर के मुताबिक आरोपी के फरार होने के बाद लॉकअप की गैलरी में लगी खिड़की की ग्रिल टूटी हुई पाई गई तथा ग्रिल से बंधी कम्बल से बनी रस्सी ग्रिल के बाहर लटकी हुई थी।

पुलिस को इस बात का पूरा अंदेशा था कि आरोपी हिमाचल की सीमा से बाहर जा चुका है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी वाहनों से लिफ्ट लेकर प्रयागराज पहुंचा था और यहां से वह नेपाल भागने की फिराक में था। अपने अल्टरनेट मोबाइल नंबर से परिचितों से संपर्क साध रहा था। इससे पुलिस को उसके बारे में इनपुट मिली और उसे दबोचने के लिए जाल बिछाया गया और आरोपी प्रयागराज में पकड़ में आया। उसके खिलाफ बाहरी राज्यों में चोरी व सेंधमारी के करीब 20 केस दर्ज हैं। (अनंत ज्ञान)

## तय मानकों से ज्यादा सायरन की उच्च ध्वनि, लोगों की बढ़ी परेशानी

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** शिमला में तय मानकों से ज्यादा सायरन की उच्च ध्वनि से लोगों को परेशानी हो रही है। ऐसे में अब शिमला में बजने वाले सायरन के खिलाफ आवाज उठनी शुरू हो गई है। सायरन रोजाना ऑफिस टाइमिंग बताने के लिए बजाया जाता है, लेकिन इसको लेकर अब एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है।

शिमला शहर के सीटीओ कार्यालय और छोटा शिमला में राज्य सचिवालय के समीप पुलिस थाना के पीछे दीवार पर बजने वाले सायरन को ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट महिला ने गैरकानूनी करार दिया है। शिकायतकर्ता सुमन कदम ने शहर के दो पुलिस थानों सदर व छोटा शिमला में सायरन बजने से ध्वनि प्रदूषण होने का हवाला देते हुए शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने सायरन बजाने के अधिकृत सरकारी विभागों से पत्राचार कर इस संबंध में जवाब मांगा है। इस तरह की अनोखी शिकायत पहली मर्तबा आने से शिमला पुलिस सायरन को लेकर कानूनी पहलुओं पर भी विचार कर रही है, क्योंकि यह मामला सीधे तौर पर प्रशासन व सरकार से जुड़ा है।

पुलिस को दी शिकायत में ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट सुमन कदम ने सायरन बजाए जाने की परम्परा पर न केवल सवाल खड़े किए हैं, बल्कि यह भी कहा है कि इसकी तीखी आवाज से शहरवासी परेशान हो रहे हैं और बुजुर्गों व बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए घातक हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

## देवशयनी एकादशी पर ठूंड में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )।** ठूंड में वीरवार को देवशयनी एकादशी के पावन पर्व पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने देव जुन्गा के दर्शन करके आर्शिवाद प्राप्त किया। बता दें कि देवश्यनी एकादशी पर भगवान विष्णु सहित सभी देवता क्षीरसागर में चिरनिद्रा में शयन करते है।

देवशयनी पर्व पर मंदिर के पुजारी नंदलाल शर्मा ने कहा कि ठूंड को रियासतकाल से 22 देवताओं का स्थान माना जाता है जहां पर हर वर्ष देवशयनी और देवोत्थान के अवसर पर देव जुन्गा का आशीर्वाद पाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु आते हैं ।

नंदलाल शर्मा ने बताया कि दसूणी और देवठन के अवसर पर पूरे क्षेत्र के देवता देवचंद, पंजाल के कुंथली देवता, धार के मनूणी देवता, भनोग के जुन्गा देवता सहित 22 देवता एकत्रित होते है जहां पर लोग मनौती पूर्ण होने पर देवता को भेंट अर्पित करते हैं।

# केंद्र की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन



सीटू के बैनर तले प्रदर्शन करते हुए विभिन्न संगठनों के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सीटू राज्य कमेटी हिमाचल प्रदेश के आह्वान पर केंद्र की मोदी सरकार की मजदूर, किसान, कर्मचारी व जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ व मजदूरों व योजना कर्मियों की मांगों को लेकर जिला व ब्लॉक मुख्यालयों पर विशाल प्रदर्शन किए गए।

प्रदेशभर में हुए प्रदर्शनों में हजारों मजदूरों व योजना कर्मियों ने भाग लिया। शिमला के डीसी ऑफिस पर हुए प्रदर्शन में सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया।

प्रदर्शन में विजेंद्र मेहरा, जगत राम, बालक राम, हिमी देवी, खिमी भंडारी, सेठ चंद, चमन ठाकुर, दलीप, पंकज, पूर्ण चंद, विक्रम, सतपाल बिरसांटा, प्रकाश, विरेन्द्र, नोख राम, निशा, बबलू, भूमि, प्रवीण, जसवंत, ओमप्रकाश, हेमराज, जगत राणा, अतर, राकेश, प्रेम, संदीप, अनुज, सुनील नेंटा, रंजीव कुठियाला, विवेक कश्यप, रामप्रकाश, लता, मोहिनी, अमरा, इशरा, रीना, ममता, उषा, गंगेश्वरी, कला, सत्या, सुलोचना, सुनीता व जानकी आदि शामिल रहे।

सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा व महासचिव प्रेम गौतम ने कहा कि मजदूर विरोधी चार लेबर कोडों को खत्म करने, आंगनबाड़ी, मिनी आंगनबाड़ी, मिड-डे मील व आशा कर्मियों की वेतन वृद्धि व हर महीने समयबद्ध वेतन भुगतान आदि मांगों को लेकर सीटू राज्य कमेटी द्वारा प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किए गए।

## पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण लागू करे सरकार : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि भाजपा जो कहती है वो करके दिखती है। अग्निवीरों को लेकर हरियाणा सरकार ने बड़ा फैसला लिया है।



प्रदेश की भाजपा सरकार पुलिस कांस्टेबल, माइनिंग गार्ड, फोरेस्ट गार्ड, जेल वार्डन और एसपीओ की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 10 फीसदी आरक्षण देगी। हरियाणा सरकार ने इन अग्निवीरों को ग्रुप डी और सी में सरकारी पदों के लिए निर्धारित अधिकतम आयु में तीन साल की छूट देने का भी फैसला किया है। इसी प्रकार से अग्निवीरों को प्रदेश में भी लाभ दिया जाए, इस प्रकार का उत्तम निर्णय हिमाचल जैसी वीर भूमि में भी जल्द लागू करना चाहिए। अग्निवीर योजना युवा भारत को और ज्यादा मजबूत बनाने वाली योजना है इस योजना का विरोध नहीं स्वागत होना चाहिए।

# सड़क के किनारे उखाड़ने पर भाजपा तल्ख

## पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र गर्ग की अगुवाई में एसडीएम घुमारवीं को सौंपा ज्ञापन

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



एसडीएम घुमारवीं को ज्ञापन सौंपते हुए भाजपा नेता राजेंद्र गर्ग एवं अन्य।

सड़क के किनारे पानी की निकासी को बनाई गई नाली में से पीने के पानी की पाइप लाइन डालने तथा घुमारवीं-मोरसिंघी वाया दाड़ी दाबला सड़क के किनारों को उखाड़ने पर घुमारवीं भाजपा भड़क गई है। भाजपा ने वीरवार को पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग की अगुवाई में स्थानीय लोगों के साथ सड़क का निरीक्षण किया तथा लोगों की समस्याओं को सुना। स्थानीय लोगों कर्म चंद चंदेल, प्यारे लाल व जमना देवी सहित अन्यों ने बताया कि यह पाइप लाइन गंदे पानी की नाली से डाली जा रही है। इससे बारिश का सारा पानी सड़क पर बहकर लोगों के घरों में घुस रहा है। इस नाली से पीने के पानी की लाइन को नहीं बिछाया जा सकता है। भाजपा ने चेताया कि सड़क के किनारे बनाई गई पानी की निकासी को बनाई गई नाली से पीने के पानी की लाइन नहीं बिछनी चाहिए तथा इस कार्य के लिए जो सड़क उखाड़ी है, उसे तुरंत दुरूस्त किया जाए। यदि काम को नहीं रोका गया, तो भाजपा जनता के हकों के लिए सड़कों पर उतरने से गुरेज नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यदि फिर भी बात नहीं बनी, तो विभागों के कार्यालयों व अधिकारियों का घेराव किया जाएगा।

इसके बाद घुमारवीं भाजपा ने स्थानीय लोगों के साथ एसडीएम घुमारवीं को ज्ञापन सौंपा। गर्ग ने तकनीकी शिक्षा मंत्री पर आरोप लगाया कि वह अपने चहेतों को लाभ पहुंचा रहे हैं। इसके लिए लोगों के हितों व नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कहा कि घुमारवीं से मोरसिंघी वाया दाडी दाबला रोड पर भाजपा के कार्यकाल में चार करोड़ 40 लाख रुपए से अपग्रेड किया गया था। इस सड़क की नालियों और किनारों को आईपीएच विभाग ने जेसीबी लगाकर ध्वस्त कर दिया है। इससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों व वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। घंटों जाम लग रहा है। गर्ग ने कहा कि जहां से इस पाइप लाइन को बिछाया जा रहा है, वहां से सीवरेज लाइन भी गुजरती है। जिससे यह पीने के पानी की पाइप लाइन यहां से नहीं बिछाई जाए। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि इस लाइन को सड़क के पानी की निकासी के लिए बनाई गई नाली में डाला गया है, जिसकी वजह से सड़क के पानी की निकासी बंद होकर पानी सड़क पर जमा हो रहा है, जिससे आम आदमी व वाहनों की आवाजाही की समस्या हो रही है। सड़क के पानी की निकासी के लिए बनाई गई नाली में डालने से भविष्य में यदि लाईन लीक होती है, तो उसमें नाली के गंदे पानी के जाने की संभावना ज्यादा है। उपरोक्त लाईन की वजह से रोड को पूरी तरह से उखाड़ दिया गया है। जिससे रोड की दुर्दशा हो गई है और उसमें चलने वाले लोगों व वाहनों के लिए उपरोक्त रोड सुरक्षित नहीं रह गया है। रोड उखाड़ने से कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है, जिसके लिए विभाग जिम्मेदार होगा। (अनंत ज्ञान)

# बिलासपुर कॉलेज में कल होगी दूसरी सेंट्रलाइज्ड काउंसिलिंग

**शुभम राही, बिलासपुर**

राजकीय पीजी कॉलेज बिलासपुर में बीए प्रथम वर्ष, बीकाम प्रथम वर्ष, बीएससी प्रथम वर्ष और बीवाक प्रथम वर्ष कोर्स में एडमिशन की प्रक्रिया जारी है। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने बताया कि इन कोर्सेज में प्रथम वर्ष में दाखिला लेने के लिए पहली सेंट्रेलाइज्ड काउंसिलिंग 16 जुलाई को पूरी हो गई है। पहली काउंसलिंग में छूटे विद्यार्थियों के लिए दूसरा मौका दिया गया है। कॉलेज में दूसरी सेंट्रलाइज काउंसिलिंग 20 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक की जाएगी।

जो आवेदक पहली काउंसिलिंग में उपस्थित नहीं हो पाए थे, वे अब दूसरी काउंसिलिंग की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। काउंसलिंग में आवेदक का आना अनिवार्य है जो आवेदक काउंसलिंग में नहीं आएगा वह एडमिशन प्रोसेस से बाहर हो जाएगा। डॉक्टर कटवाल ने यह भी बताया कि सभी आवेदकों को एडमिशन पोर्टल पर जो फार्म भरा है उस पूरे फार्म की हार्ड कापी और अपने सभी ओरिजनल सर्टिफिकेट की एक एक फोटो कापी और सभी ओरिजनल सर्टिफिकेट को साथ लेकर आना है। आवेदक जिस भी केटेगरी से संबंधित है उस केटेगरी का सर्टिफिकेट भी साथ लेकर आएं अन्यथा उस आवेदक को उस कैटेगरी के लिए योग्य नहीं माना जाएगा । डॉक्टर कटवाल ने कहा कि आवेदक इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि जिन्होंने पहले फॉर्म भरा है केवल वहीं दूसरी काउंसिलिंग प्रक्रिया के लिए आएंगे।

उपरोक्त सभी कोर्सेज के लिए एडमिशन मेरिट के आधार पर ही की जाएगी। एक प्रश्न के जवाब में डॉक्टर कटवाल ने कहा कि जो भी आवेदक किसी कारणवश फॉर्म भरने से रह गए हैं , पूरी संभावना है कि जल्द ही हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय आने वाले समय में उन्हें फॉर्म भरने के लिए दूसरा मौका उपलब्ध करवाएगी तब वो आवेदक महाविद्यालय में एडमिशन के लिए अप्लाई कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## बीडीटीएस पर ट्रक ऑपरेटरों के हितों की अनदेखी करने का लगाया आरोप

**शुभम राही, बिलासपुर**

एशिया के सबसे बड़ी ट्रक परिवहन सभा बरमाणा के विपक्षी दल ने एक बार फिर से मिलने वाली सालाना हाईक को लेकर ऑपरेटरों के हकों के लिए जंग शुरू कर दी है। इसी के चलते विपक्ष दल ने पूर्व प्रधान राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में एक वार्ता का आयोजन किया। विपक्षी दल ने वर्तमान सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि ऑपरेटरों के हितों की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने प्रबंधन के तानाशाही रवैये से फरवरी में मिलने वाली वार्षिक वृद्धि अभी तक ऑपरेटरों को नहीं मिल पाई है।

उन्होंने कहा कि प्रबंधन की अनदेखी से ऑपरेटरों पर भारी पड़ रही है और उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ऑपरेटरों को दो साल की वार्षिक वृद्धि बकाया है। वर्तमान बीडीटीएस कार्यकारिणी ऐसे विषयों पर कोई बैठक नहीं बुला रही है। न ही एसीसी प्रबंधन के खिलाफ को रणनीति बना रहा है। आज हालात ऐसे हैं कि अगर एसीसी अदाणी ग्रुप के खिलाफ मुकाबला करना है तो सभी को संयुक्त प्रयास करना पड़ेगा। राकेश ने कहा कि कुछ डंप ऐसे हैं जो पूरी तरह बंद हो चुके हैं और कुछ डंप ऐसे हैं जिन पर कि अगर वहां पर गाड़ी चली जाए तो पांच दिन तक गाड़ी खाली नहीं होती है। वहीं पूर्व चेयरमैन गंगा राम ने कहा कि बीडीटीएस कार्यालय में न ही कोई ऑपरेटर आता है न ही प्रबंधन के लोग आते हैं। कुछ व्यापारी ट्रक ऑपरेटरों ने बीडीटीएस को साइड बिजनेस बनाया हुआ है। डिमांड हॉल में चार.चार घंटे ऑपरेटरों को लाइन में लगना पड़ता है। यदि वहां पर टोकन से संबंधित कोई समस्या होती है तो एसीसी के अधिकारी ट्रक चालकों से दुर्व्यवहार करते हैं।

उन्होंने कहा कि अगर इसका समाधान नहीं होता है तो उन्हें बीडीटीएस और एसीसी प्रबंधन के खिलाफ संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ेगा। गंगा सिंह ने कहा कि शंभू व हिमाचल के डीलरों के 20 से 25 किलोमीटर कम किए गए है जो कि मान्य नहीं है। (अनंत ज्ञान)

## ट्रक चालकों को किया जागरूक

**शुभम राही, बिलासपुर।** ट्रक परियोजना बरमाणा ने ट्रक चालकों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. विवेक चंदेल ने ट्रक चालकों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी नशे के गर्त में धंसती जा रही है और इसका एकमात्र कारण यह है कि युवाओं को सही जानकारी सही समय पर नहीं मिल रही है। देश का उज्जवल भविष्य युवाओं पर टिका होता है। अगर देश की युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते में जाने लगे तो निश्चित ही उनका भविष्य अंधकार में चला जाता है। युवा वर्ग को जिंदगी के हर पहलू को जीने की इच्छा होती है। युवा वर्ग नशे को अपनी शान समझते हैं। वे शराब, गुटखा, तंबाकू, बीड़ी और सिगरेट का नशा करते हैं। परामर्शदाता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि आजकल सुइयों के प्रयोग से नशा लेने का प्रचलन चला हुआ है। युवा इस नशे की लत के आदी होते जा रहे हैं। यदि कोई सुइयों का समूह में इस्तेमाल कर रहा है तो उसको एचआईवी और हेपेटाइटिस बी और सी होने का खतरा बढ़ जाता है। (अनंत ज्ञान)

# बिलासपुर नगर परिषद ने अपने ही प्रांगण को बना दिया कूड़ा डंपिंग साइट

## नगर परिषद के पास शहर का कूड़ा फेंकने के लिए नहीं है कोई भी जगह

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर नगर परिषद प्रशासन इन दिनों काफी लाचार दिखाई दे रहा है। नगर परिषद द्वारा शहर का एकत्रित किया गया कूड़ा अब नप अपने ही प्रांगण में डंप कर रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि नगर परिषद परिसर का रामलीला ग्राउंड इन दिनों देखने में कूड़े की कोई डंपिंग साइट लग रहा है। जिससे न केवल शहर की सुंदरता पर दाग लग रहा है, बल्कि यहां पर बीमारियां फैलने का भी खतरा बन गया है।

प्रतिदिन नप द्वारा शहर से कूड़ा एकत्रित करके अपने प्रांगण में लाकर बोरों में भर रहा है। वहीं, हैरान करने की बात यह है कि स्थानीय लोगों द्वारा कई बार इस संदर्भ में नप प्रशासन को अवगत करवाया और इसे हटाने के लिए भी आग्रह कर रहा है, लेकिन नगर परिषद बिलासपुर इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जानकारी मिली है कि 10 दिनों से एसीसी बरमाणा सीमेंट फैक्टरी ने भी कूड़ा लेने से इनकार कर दिया है, जिसके चलते अब नप को अपने ही प्रांगण में कूड़ा फेंकना पड़ रहा है। उधर, इस संदर्भ में जब नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि 10 दिनों से एसीसी बरमाणा फैक्टरी द्वारा कूड़ा नहीं लिया जा रहा था। इसके चलते नगर परिषद को यहां पर ही कूड़ा एकत्रित करना पड़ रहा है। अब अल्टाटेक सीमेंट फैक्टरी जिला सोलन से बात हो गई है। जल्द ही यह समस्या हल हो जाएगी और शहर को साफ रखा जाएगा। (अनंत ज्ञान)



रामलीला ग्राउंड में डंप किया कूड़ा।

### गंदगी से फैलता है डेंगू

**विशेषज्ञों** की मानें तो जिस स्थान में कूड़े के ढेर या फिर गंदा पानी एकत्रित होता है वहां पर डेंगू बीमारी फैलने के अधिक चांस बढ़ जाते हैं। गंदे पानी और गंदगी में ही डेंगू का लारवा पैदा होता है जिसके बाद यही लारवा डेंगू मच्छर बनकर निकलता है।

### 2300 से अधिक लोग हुए थे डेंगू का शिकार

2019 में बिलासपुर जिला में 2300 से अधिक मामले डेंगू के सामने आए थे। जिसमें से अधिकतर लोग बिलासपुर शहर से थे। ऐसे में यहां पर पद्दुचेरी के वैज्ञानिकों ने बिलासपुर आकर डेंगू बीमारी के फैलने पर रिसर्च की थी। जिसके बाद उन्होंने यह कहा था कि बिलासपुर शहर में डेंगू बीमारी के फैलने का कारण गंदगी है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने शहर में एपेडेमिक एक्ट भी लागू किया था। जिस भी घर में गंदगी पाई जा रही थी, वहां पर उस परिवार को 500 रुपए का जुर्माना लगाया था।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्यास नदी में मिला गुम हुए युवक का शव

**ए कुमार, सुजानपुर।** पुलिस थाना सुजानपुर के तहत युवक का शव बरामद हुआ है। परिजनों ने बुधवार उसके गुम होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। नगर परिषद सुजानपुर के वार्ड 2 के निवासी युवक के परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनका बेटा हनी गुप्ता गत बुधवार से गुम है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी। प्रातः किसी ने सूचना दी कि एक शव ब्यास नदी के पास इकट्ठा हुए पानी में है जिसकी शिनाख्त हनी गुप्ता के रूप में की गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। (अनंत ज्ञान)

### अब 12 महीने उठा पाएंगे आइस स्केटिंग का लुत्फ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में अब 12 महीने आइस स्केटिंग का लुत्फ उठा पाएंगे। शिमला में अत्याधुनिक तरीके से आइस स्केटिंग रिंक कम रोलर स्केटिंग रिंक बनाया जाएगा। आइस स्केटिंग रिंक शिमला में सैलानी और स्थानीय लोग अब सिर्फ सर्दियों में तीन माह ही नहीं, बल्कि पूरे साल भर स्केटिंग कर पाएंगे। इस कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने शिमला आइस स्केटिंग क्लब के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि यह आल वेदर रिंक अत्याधुनिक तकनीक से बनकर तैयार होगा और इसमें बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। उन्होंने क्लब के सदस्यों से आह्वान किया कि रिंक में आइस हॉकी के अलावा अन्य गतिविधियों को भी बढ़ावा देने के प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आइस स्केटिंग रिंक पर्यटन की दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि क्लब के साथ आसपास पौधारोपण भी किया जाएगा। एशियाई विकास बैंक के माध्यम से 42 करोड़ रुपए की लागत से बनाने वाले प्रस्तावित रिंक और भवन निर्माण के लिए हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग ने टेंडर आंमत्रित कर दिए है। 8 अगस्त टैंडर भरने की अंतिम तिथि है। इसके बाद टेंडर खोले जाएंगे और कार्य आरंभ होगा। कार्य को दो हिस्सों में बांटा गया है जिसमें एक सिविल कार्य दूसरा तकनीकी कार्य है। एडीबी की वित्तीय सहायता से बनाए जाने वाले स्केटिंग रिंक में हर मौसम में बर्फ जमाने के लिए रेफ्रिजरेशन प्लांट भी स्थापित किया जाएगा, ताकि साल भर आइस स्केटिंग की सुविधा प्रतिभागियों और पर्यटकों को मिल सके।

### अल्टरनेरिया बीमारी की चपेट में आए सेब के बगीचे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में बगीचे अल्टरनेरिया बीमारी की चपेट में आ गए है। यह बात शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस विधायक व राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने कहीं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की 5 हजार करोड़ की सेब आर्थिकी पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। सेब के बगीचे अल्टरनेरिया नामक बीमारी की चपेट में आ गए हैं, जिसका सीधा असर सेब के आकार और रंग पर हो रहा है। सेब के पत्ते समय से पहले ही झड़ रहे हैं जिस वजह से प्रदेश के बागवान खासे चिंतित हैं। राठौर ने कहा कि अल्टरनेरिया बीमारी प्रदेश के कई इलाकों में महामारी का रूप धारण कर चुकी है। कुछ इलाकों में 95 फ़ीसदी बगीचे बीमारी की चपेट में आ गए हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार केंद्र सरकार से बातचीत कर इसकी रोकथाम के लिए कदम उठाए। साल 1982- 83 में भी सेब पर स्कैब बीमारी लग गई थी जिस पर समय रहते कदम उठाए गए और केंद्र ने मदद ली गई। सरकार गंभीरता को समझते हुए अल्टरनेरिया बीमारी की रोकथाम के लिए कदम उठाए और केंद्र से भी मुद्दे को उठाने का काम करें। हालांकि, बागवानी विभाग ने टीमें भेजी हैं, लेकिन इस बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए अनुसंधान की भी जरूरत है। मार्केट में उपलब्ध दवाइयों की गुणवता पर भी सवाल उठ रहे हैं, इसकी भी मॉनिटरिंग होनी चाहिए। इसके अलावा विदेशों से आयात हो रहे सेब के पौधों पर भी शक की नजरें है इन पौधों का क्वारंटाइन होना चाहिए। उसके बाद ही बागवानों को उपलब्ध करवाने चाहिए। सेब के साथ विदेशों से बीमारियों का आयात नहीं होना चाहिए यह सरकार और बागवानी विभाग को सुनिश्चित करना है। सेब पहले ही घाटे का सौदा बनता जा रहा है ऐसे में बीमारियों के पनपने से सेब उत्पादन हिमाचल में बेहद मुश्किल हो जाएगा।

# आईजीएमसी में जल्द शुरू होगा ट्रामा सेंटर

## अब पीजीआई रेफर नहीं होंगे मरीज, चमियाणा में 3 दिन यूरोलॉजी की होगी ओपीडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



आईजीएमसी से अब पीजीआई मरीजों को रेफर नहीं किया जाएगा। आईजीएमसी में शीघ्र हो लेवल वन ट्रॉमा सेंटर शुरू होगा। मरीजों की सुविधा के लिए नई मशीनें लगाई जा रही है। इसके साथ ही यूरोलॉजी विभाग को चमियाणा के लिए शिफ्ट किया जाना है। चमियाणा में 3 दिन यूरोलॉजी विभाग की ओपीडी लगाई जाएगी। ट्रॉमा सेंटर को लेकर सारी औपचारिकताएं बहुत जल्द पूरी होंगी। अस्पताल में ट्रामा सेंटर को शुरू किया जाएगा।

वहीं, प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल में लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलने जा रही हैं। यहां लोगों के बेहतर इलाज और टेस्ट के लिए अस्पताल में नई मशीनें लगाई जा रही है। इनमें नए सीटी और एक्स-रे मशीन को लगाया गया है। वहीं, नई एमआरआई मशीन का टेंडर भी कर दिया गया है। अस्पताल में तीन से चार महीने में नई एमआरआई मशीन को लगाया जाएगा। यहां लोगों को अपने बेहतर इलाज के लिए बाहरी राज्यों का रुख नहीं करना होगा।

आईजीएमसी से यूरोलॉजी विभाग को अगले सप्ताह से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल चमियाणा के लिए पूरी तरह शिफ्ट किया जाना है। हालांकि, फिलहाल बड़े ऑपरेशन और आपातकालीन स्थिति में आईजीएमसी में ही इलाज होगा। चमियाणा में 3 दिन यूरोलॉजी की ओपीडी लगाई जाएगी। इसमें माइनर ऑपरेशन भी होंगे। जनवरी 2025 तक यूरोलॉजी विभाग के आपातकालीन मामलें और बड़े ऑपरेशन भी चमियाणा में ही शुरू होंगे। वहीं, शुक्रवार को गेस्ट्रो विभाग की स्पेशल ओपीडी भी चमियाणा में लगाई जाएगी।

### जानिए, क्या है ट्रामा सेंटर

**किसी** भी अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर एक प्रकार का आपातकालीन विभाग है। यहां केवल आपातकालीन मामलों की ही जांच होती है। ट्रामा सेंटर आपातकालीन मामलों के लिए पूरी सुविधा से लैस होते है। यहां नियुक्त किए गए स्टाफ की किसी अन्य विभाग में अतिरिक्त ड्यूटी नहीं लगाई जा सकती। डॉक्टरों के अलावा अन्य स्टाफ की भी अलग नियुक्ति की जाती है। ट्रामा सेंटर 3 प्रकार के होते है। जिसमें लेवल 1, लेवल 2 और लेवल 3 ट्रामा अस्पताल शामिल है।

> **अस्पताल** में जल्द ट्रामा सेंटर शुरू होगा। मरीजों की सुविधा के लिए नई मशीनें लगाई जा रही है। इसके साथ ही यूरोलॉजी विभाग को चमियाणा के लिए शिफ्ट किया जाना है। 3 दिन यूरोलॉजी विभाग की ओपीडी लगाई जाएगी। अब अस्पताल में मरीजों का बेहतरीन उपचार होगा।
> –राहुल राव, एमएस आईजीएमसी।

## प्रदेश में चल रही है जन सुविधाएं बंद करने वाली सरकार : जयराम ठाकुर

**राजेश शर्मा, ऊना**




ऊना में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में उपस्थित जयराम ठाकुर व अन्य।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने ऊना से जारी बयान में कहा कि इस समय प्रदेश में सुविधाएं बंद करने वाली सरकार चल रही है। जिसने डेढ़ साल के कार्यकाल में कोई सुविधा तो नहीं दी, लेकिन पहले से चल रही दर्जनों योजनाओं को बंद कर दिया और लोगों को मिल रही सुविधाएं छीन लीं।

यह सरकार नवजात बच्चों से लेकर बुजुर्गों और असहाय लोगों के साथ सिर्फ छीनने का काम किया है। सुक्खू सरकार ने नवजातों से बेबी किट छीन ली और बेटियों की शादी का शगुन। बेसहाराओं से पेंशन और मरीजों से निशुल्क इलाज। सुक्खू सरकार ने हिम केयर के तहत बड़े निजी अस्पतालों में होने वाले मेजर ऑपरेशन भी बंद कर चुकी है। लोग सरकारी अस्पतालों में महीनों इंतजार कर रहे हैं। बीमार से लेकर नवजात तक के साथ यह सरकार सुविधाएं छीन रही हैं। मुख्यमंत्री इसे व्यवस्था परिवर्तन का नाम देते हैं, लेकिन वास्तव में यह सारी व्यवस्था ठप सरकार है। नेता प्रतिपक्ष भाजपा की बैठक में शामिल होने ऊना पहुंचे हैं।

जयराम ने कहा कि पूर्व की सरकार में नवजात बच्चों के लिए बेबी किट की व्यवस्था की थी। अब वह लोगों को नहीं मिल रहा है। यह हर नवजात के स्वागत के लिए था, इसका एक भाव था। असहाय लोगों के लिए सहारा पेंशन थी। बीमार लोगों को इलाज की गारंटी देने के लिए पांच लाख का हिमकेयर इलाज का प्रबंध था। यह सरकार की अपने प्रदेश के लोगों की जिम्मेदारी थी। कोई भी सरकार ऐसी योजनाओं को बंद नहीं कर सकती थी, लेकिन सुक्खू सरकार ने ऐसी योजनाएं भी बंद करवाईं। हद से ज्यादा जरूरतमंद लोगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बजट रोके। सरकार पूरी तरह से संवेदनहीन हो चुकी है। यह सरकार सरोकारों से दूर जा चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### जेपी नड्डा का कार्यक्रम हुआ रद्द, नहीं पहुंचें बैठक में

**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थय मंत्री जेपी नड्डा ऊना में होने वाली भाजपा की कार्यसमिति व कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करने वाले थे। बैठक से ठीक पहले अचानक उनका दौरा रद्द हो गया है। विधानसभा उपचुनाव के बाद यह राज्य भाजपा की पहली मंथन बैठक है। ऐसे में नड्डा के मीटिंग में शामिल न होने से राजनीतिक गलियारों में कई सवाल खड़े होने लगे हैं।

## बिना लाइसेंस एलोपैथिक क्लीनिक चलाने वाले को 3 साल की सजा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नालागढ़ अभय मंडयाल की अदालत ने बिना लाइसेंस एलोपैथिक दवा बेचने के मामले में अनिल कुमार निवासी भगवानपुर जिला सिवान बिहार को 3 साल की कैद व एक लाख जुर्माना की सजा सुनाई।

जिला न्यायवादी देवेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि 27 अप्रैल 2017 को ड्रग इंस्पेक्टर सोनम जांगमो व एसएमओ सीएचसी बद्दी अनिल अरोड़ा की टीम ने गांव बिल्ली वाली लबाणा में गुरुद्वारा के सामने शर्मा क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया, जहां से मालिक अनिल कुमार कई तरह की एलोपैथिक दवाओं का व्यापार करता पाया गया, जिसके पास किसी तरह का ड्रग लाइसेंस तक नही था और न ही दवाओं की खरीद से संबंधित कोई रिकॉर्ड नहीं पाया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी अनिल कुमार को ड्रग्स व कॉस्मेटिक एक्ट के तहत 3 साल की सजा व एक लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई।

## हरदीप सिंह बावा ने की उपमुख्यमंत्री से भेंट



नवनिर्वाचित विधायक हरदीप सिंह बावा डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से यहां सोलन जिला के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक हरदीप सिंह बावा ने भेंट की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी। उपमुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित विधायक को बधाई दी।

उन्होंने हरदीप सिंह बावा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि वह प्रदेश विशेषकर नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्धता तथा समर्पण से कार्य करेंगे। मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल और राम कुमार चौधरी एवं पूर्व संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि शिमला में नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक हरदीप सिंह बावा ने उनसे शिष्टाचार भेंट की। उनको नवीन दायित्व हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। उन्होंने कहा कि उनको पूर्ण विश्वास है कि बावा नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र को और अधिक सशक्त, विकासशील बनाने हेतु प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करेंगे।

## बढेला के जंगल में नर कंकाल मिलने से लोगों में दहशत

**अनिल छांगू, जवाली**

पुलिस थाना जवाली के अधीन बढेला के जंगल में नर कंकाल मिलने का मामला सामने आया है।

इससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। वीरवार को वन विभाग के दो कर्मी जंगल में खैर के पुराने पेड़ों को नंबर लगाने के लिए जा रहे थे तो उन्होंने जंगल में एक नर कंकाल को देखा, जिसे देखकर वे सहम गए। इसकी सूचना वनरक्षक को दी गई तथा वनरक्षक ने मौके पर पहुंचकर इसकी सूचना पुलिस थाना जवाली में दी। सूचना मिलते ही डीएसपी जवाली वीरी सिंह व एसएचओ प्रीतम सिंह जरियाल के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा कंकाल को कब्जे में ले लिया।

मौके पर कपड़े, चप्पलें व सिर के बाल भी मिले हैं। कपड़ों को देखकर लग रहा है कि यह महिला का कंकाल है। पुलिस ने केस दर्ज लिया है तथा तफ्तीश में जुट गई है। डीएसपी जवाली वीरी सिंह ने बताया कि कंकाल को जांच के लिए फॉरेंसिक लैब में भेजा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## टैक्सी ऑपरेटर्स ने मिल जुलकर काम करने का लिया प्रण

**कमलेश वर्मा, मनाली**



बैठक में उपस्थित हिमाचल व पड़ोसी राज्यों के टैक्सी ऑपरेटर्स विधायक भुवनेश्वर गौड़ व पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर के साथ।

पड़ोसी राज्यों के टैक्सी ऑपरेटर्स के आपस में चल रहे मतभेद को लेकर वीरवार को मैत्री सम्मेलन आयोजित हुआ। मनाली के 15 मील में आयोजित मैत्री सम्मेलन में हिमाचल के साथ पड़ोसी राज्यों के टैक्सी ऑपरेटर्स ने मिल-जुलकर काम करने का प्रण लिया।

इस सम्मेलन में मनाली कर विधायक भुवनेश्वर गौड़ और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर भी शामिल हुए हैं। समर सीजन में टैक्सी चालकों के साथ आपस में हुई मारपीट से मतभेद पैदा हो गए थे। हालात यह हो गए थे कि पंजाब, चंडीगढ़ व दिल्ली के चालक हिमाचल आने से डर रहे थे, जबकि हिमाचल के चालक पड़ोसी राज्यों में जाने से डर रहे थे।

मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ व पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने भी मैत्री सम्मेलन में शिरकत की। दोनों नेताओं ने प्रदेश सहित पड़ोसी राज्यों के टेक्सी यूनियनों के पदाधिकारियों को एकजुटता का संदेश दिया। भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से टैक्सी आपरेटरों की यथासंभव मदद की जाएगी। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि शरारती तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। पड़ोसी राज्यों के टैक्सी आपरेटरों को मिल-जुलकर काम करने की जरूरत है। विकट परिस्थितियों में टांग खींचने व कमियां निकालने के बजाय एक-दूसरे की मदद करें।

आजाद टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष सरदार शरनजीत सिंह कलसी ने सभी को एकजुटता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि आल इंडिया परमिट वाहनों से अतिरिक्त टैक्स न लिया जाए। आजाद टैक्सी यूनियन पंजाब के अध्यक्ष जवाहर सिंह ने कहा कि शरारती तत्वों से दूर रहें और एकजुटता से काम करें। लड़ाई-झगड़ा किसी का मकसद नहीं। हिमाचल के किसी भी चालक को पंजाब में कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

हिमाचल टैक्सी यूनियन की ज्वाइंट कमेटी के अध्यक्ष मकरध्वज शर्मा ने कहा कि आपस में मिल जुलकर काम करने की दिशा में यह पहला प्रयास किया गया है। टैक्सी यूनियन मनाली के प्रधान पूर्ण चंद पोहलु ने मैत्री सम्मेलन में आए सभी का आभार जताया। उन्होंने सभी के साथ मिल-जुलकर पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं देने का आश्वासन दिया। होटल एसोसिएशन मनाली के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने कहा कि पंजाब हिमाचल का बड़ा भाई है। सभी पड़ोसी राज्य एक-दूसरे के पूरक हैं। (अनंत ज्ञान)

## अंजू पब्याल बनी इनर व्हील क्लब सोलन मिडटाउन की अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सोलन**



इनर व्हील क्लब सोलन मिडटाउन द्वारा होटल पारागोन में दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन सुजाता आहूजा विशेष रूप से उपस्थित रही।

इस अवसर पर क्लब के अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने पदभार ग्रहण किए। इस समारोह में अंजू पब्याल अध्यक्ष, दीपाली ठाकुर सचिव, रेनू शर्मा उपाध्यक्ष, अंजू कोहली कोषाध्यक्ष, नीलम ठाकुर आईएसओ व अलका औलख को एडिटर का दायित्व प्रदान किया गया। इस अवसर पर नए सदस्यों ने भी क्लब की सदस्यता ग्रहण की। समारोह के दौरान क्लब के द्वारा एक रंगोली प्रतिस्पर्धा का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह के उपरांत विजेताओं को इनाम देकर सम्मानित किया गया व अन्य प्रतिभागियों को क्लब के चिन्ह से चिन्हित छाते बतौर प्रोत्साहन दिए गए।

इस अवसर पे क्लब ने गोद लिए गए एक विद्यालय को दो सीलिंग फैन भेंट स्वरूप दिए। एक कन्या जो नर्सिंग का कोर्स कर रही है और अभावग्रस्त परिवार से संबंध रखती है उस कन्या के कोर्स की फीस भी क्लब के द्वारा अदा की गई है।

## स्टूडेंट्स की रिपोर्ट न भेजने पर 120 स्कूल तलब

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

- एक माह से ज्यादा समय बीतने पर की जवाब तलबी
- दो दिनों में रिपोर्ट न देने पर हायर अथॉरिटी को सूचित किया जाएगा

जिला भर के 120 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों से स्टूडेंट्स से संबंधित रिपोर्ट न मिलने पर उच्च शिक्षा विभाग ने तेवर कड़े कर दिए हैं। इन विद्यालयों को उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग के कार्यालय से जारी पत्र में दो दिनों के भीतर मांगी गई रिपोर्ट को भेजने को कहा गया है।

ऐसा न किए जाने पर डिफाल्टर विद्यालयों के संबंध में हायर अथॉरिटी को सूचित किए जाने की चेतावनी भी दी गई है। उल्लेखनीय है कि जिला के लगभग पौने पांच सौ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों से 12 जून को एक पत्र भेजकर स्टूडेंट्स की कक्षा व लिंग वार इनरोलमेंट का तीस जून की स्थिति का विवरण मांगा गया था। इस विवरण में कक्षा छठी से 12वीं तक के सामान्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अपंग स्टूडेंट्स का विवरण शामिल किया जाना था। एक माह से भी ज्यादा समय बीत जाने पर भी जब इन विद्यालयों से यह विवरण प्राप्त नहीं हुआ तो यह चेतावनी भरा पत्र जारी करना पड़ा।

सूत्रों के अनुसार आए दिन विभाग द्वारा आंकड़ों पर आधारित ऐसी कई रिपोर्टें मांगी जाती हैं, जिससे कई बार विद्यालयों में यह कन्फ्यूजन रहता है कि कौन-सी रिपोर्ट चली गई है और कौन सी रह गई है। यही नहीं बहुत से विद्यालयों में मिनिस्ट्रीयल स्टाफ की भी कमी है। ऐसे में बार-बार मांगी जाने वाली रिपोर्ट भेजने में देरी हो रही है। (अनंत ज्ञान)

## नन्ही रितिका के दिमाग में इन्फेक्शन, मदद की दरकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



सात साल से गंभीर बीमारी से लड़ रही हमीरपुर की रितिका को मदद की दरकार है। रितिका जब दो साल की थी तो दिमाग में इन्फेक्शन हो गया। हमीरपुर, टांडा मेडिकल कॉलेज और पीजीआई चंडीगढ़ तथा निजी अस्पतालों में इलाज चला।

अनंत ज्ञान हेल्पलाइन

लगातार सात साल से चल रहे इलाज में लाखों रुपए दवाइयों व टेस्ट पर खर्च हो चुके हैं। रितिका के पिता सतपाल पहले प्राइवेट नौकरी करते थे, जो बेटी की देखभाल और बार-बार इलाज के लिए ले जाने के कारण छूट गई। अब साधारण दुकान चला रहे हैं, जिसकी वजह से बेटी का इलाज करवाने में आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आपकी एक छोटी सी मदद रितिका को नई जिंदगी और उसका भविष्य संवार सकती है। कृपया जितना भी संभव हो सके आर्थिक तौर पर रितिका की मदद के लिए आगे आएं।

**अकाउंट नंबर:** 42480160598, **आईएफएसई कोड:** SBIN 0007300, **गूगल-पे नंबर:** 9817053745। अधिक जानकारी के लिए इस नंबर 6239782771 पर संपर्क कर सकते हैं।

**शुरुआत** | प्रदेश में एफडीआर तकनीक से बनेगी 113 सड़कें, गाहर से केट नसवाल सड़क का चयन कार्य शुरू

## घुमारवीं में एफडीआर तकनीक से बनेगी प्रदेश की पहली सड़क : धर्माणी

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**






जिला बिलासपुर के घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत गाहर से केट नसवाल सड़क को एफडीआर तकनीक से बनाई जाएगी, जो कि एफडीआई तकनीक से बनाई जाने वाली हिमाचल प्रदेश की पहली सड़क होगी। यह जानकारी प्रदेश सरकार में नगर, ग्राम नियोजन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने वीरवार को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ गाहर से केट नसवाल सड़क के निरीक्षण के उपरांत दी।

उन्होंने बताया कि इस तकनीक से तहत पुरानी रोड का उच्चीकरण किया जाता है। इसमें पुरानी रोड की गिट्टी समेत अन्य चीजों का ही रिसाइकल कर इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने बताया इस तकनीक बनी सड़क पर्यावरण मित्र, राइडिंग गुणवता, टिकाऊपन अधिक होता है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक चरण में प्रदेश की विभिन्न 113 सड़कें एफडीआर तकनीक का इस्तेमाल करके बनाई जाएगी।

उन्होने कहा कि इस तकनीक से बनी सड़कें अधिक टिकाऊ और वाहनों के चलने के लिए बेहतर होती हैं। साथ ही, यह लागत प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल तकनीक भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए सड़क नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता ने बताया कि ट्रायल के तौर पर इस सड़क के कुछ भाग का इस तकनीक से निर्माण किया जाएगा। इसकी गुणवत्ता की जांच की जाएगी। गुणवाता जांच के उपरांत इस सड़क का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि एफडीआई तकनीक से सड़क निर्माण के बजट में 80 प्रतिशत की बचत होगी। एफडीआर तकनीक से पहली मर्तवा बनने जा रही करीब सात किलोमीटर गाहर-केट संपर्क सड़क पर लगभग 5 करोड़ 50 लाख रुपए में किए जाएंगे। जिससे इस क्षेत्र के लगभग 5000 लोगों को लाभांवित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर सड़क सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### डंगार-जाहू सड़क मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड योजना में चयनित

**हिमाचल** सरकार ने घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत डंगार से जाहू वाया लोहट, भराड़ी, बाड़ा दा घाट सड़क मेजर जिला सड़क योजना में चयनित किया है। यह जानकारी कैबिनेट मंत्री राजेश धर्मानी ने दी। उन्होंने बताया कि इस सड़क के मेजर डिस्टिक सड़क योजना के अंतर्गत चयनित होने से इस क्षेत्र के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत यह सड़क अब शहरों की तरह ही चौड़ी व सपाट बनेंगी जिससे बेहतर मेंटेनेंस के साथ बेहतर आवागमन हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इस ग्रामीण सड़क में बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए इस सड़क का ग्रामीण सड़क से मेजर डिस्टिक रोड के लिए अपग्रेड किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### वोल्वो बस में सवार व्यक्ति से 14 ग्राम चिट्टा बरामद



**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल पुलिस थाने ने वीरवार को चिट्टा बरामद करने में सफलता मिली है। गगल पुलिस थाना के प्रभारी नारायण सिंह ने बताया के पुलिस ने रूटीन चेकिंग के दौरान हिमाचल पथ परिवहन निगम हिमसूता वोल्वो जो अमृतसर से मनाली जा रही थी, की चेकिंग की तो उसमें सवार एक व्यक्ति से एक 14 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपी की पहचान मसूर उम्र 24 वर्ष निवासी बिंद्रावन पालमपुर के रूप में हुई है। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि ड्रग्स तस्करी के लिए तस्करों द्वारा वोल्वो बस का उपयोग वर्षों से किया जा रहा है। इसी कड़ी में गगल पुलिस स्टेशन के पास नियमित जांच के वोल्वो बस को रोका गया। बस में सवार युवक मसूर, जो कि अपनी चार साल की बेटी के साथ यात्रा कर रहा था, के कब्जे से 14 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने अमृतसर से मादक पदार्थ खरीदा था और उसे पालमपुर के बिंद्रावन में विभिन्न उपभोक्ताओं को बेचने वाला था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले की जांच शुरू कर दी है।

### उतराला में जांचा वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल के आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर उतराला मे 60 साल से अधिक आयु के लोगों की स्वास्थ्य जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुष अधिकारी जिला कांगड़ा डॉ. हरीश भारद्वाज के दिशानिर्देशानुसार एवं उपमंडल आयुष चिकित्सा अधिकारी बैजनाथ डाक्टर विक्रम राणा के मार्ग दर्शन से वीरवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए उतराला आयुष स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. प्रियंका रानी ने बताया इस शिविर में 40 से अधिक बुजुर्गों का हिमोग्लोबिन व शुगर चेक की तथा निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इस मौके पर डॉ. मनमीत, डॉ. रंजना कपूर, फार्मासिस्ट आरती कटोच ,योग प्रशिक्षिका रजनी देवी तथा आशा वर्कर अनिता ने अपनी सेवाएं दीं और बुजुर्ग लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत उतराला के प्रधान ओमप्रकाश, उपप्रधान विट्टू राम भी मौजूद थे।

### मनसिंबल में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 को

**राकेश डोगरा, डरोह।** गोपाल जन कल्याण सेवा समिति भवारना द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 21 जुलाई रविवार के दिन विनीत पैलेस मनसिंबल भवारना में पुरोहित संदीप शर्मा की देखरेख में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थी संघ बागडू गढ़ जमूला के सदस्य भी आमंत्रित हैं। प्रोग्राम सुबह 10 बजे शुरू होगा उसके पश्चात दोपहर 1 बजे भंडारे का भी आयोजन होगा। (अनंत ज्ञान)

### 21 को होगी ब्राह्मण कल्याण परिषद की बैठक

**प्रवीण मिश्रा, लंबागांव।** प्रदेश ब्राह्मण कल्याण परिषद जयसिंहपुर इकाई की महत्त्वपूर्ण बैठक 21 जुलाई रविवार को परशुराम भवन सकोह में सुबह नो बजे होगी। यह जानकारी परिषद के अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने दी। उन्होंने सभी सदस्यों से इस बैठक में भाग लेने का आह्वान किया है। (अनंत ज्ञान)

स्मार्ट सिटी धर्मशाला में विकास कार्यों में कोताही से जनता में रोष

# फाइबर केबल बिछाने को उखाड़ी गईं टाइलें अब तक नहीं लगाईं

- उपचुनाव से पहले का अधूरा काम लोगों को कर रहा परेशान
- लोगों ने प्रशासन से की समस्या को हल करने की मांग

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

स्मार्ट सिटी धर्मशाला में कामों को लेकर बरती जा रही कोताही तथा लेटलतीफी को लेकर जनता में रोष है। शहर के वार्ड नंबर 12 बड़ोल के लोगों में भी इसी तरह की कोताही को लेकर रोष है। स्थानीय लोगों के अनुसार धर्मशाला के उपचुनाव से पहले यहां फाइबर केबल बिछाने के लिए सड़क के किनारे के भाग को टाइलों समेत उखाड़ा गया था, लेकिन करीब 4 माह गुजर जाने के बाद भी इसकी मरम्मत नहीं की गई। इससे कभी भी राहगीरों के साथ कभी भी कोई हादसा होने का खतरा बना रहता है। स्थानीय निवासी नीरज मेहरा, वीपी शर्मा, मोनिका राणा, नरेंद्र शर्मा, केशव मनकोटिया, नरेंद्र शर्मा, विकास वर्मा, निशांत शर्मा तथा राम गोपाल शर्मा ने कहा कि स्थानीय लोगों के अलावा पैदल चलने वाले लोगों को इससे काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है।



फाइबर बिछाने के लिए उखाड़ी गईं टाइलें।

लोगों के अनुसार कूहल में अतिक्रमण के चलते भी लोग परेशान हैं, लेकिन इस बारे में कई बार कहने के बावजूद कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। लोगों के अनुसार कागजों में 3 से 4 मीटर चौड़ी कूहल बढ़ते अतिक्रमण के चलते अब कई जगह एक मीटर के करीब रह गई है। इसके कारण बारिशों के दौरान पानी निकल कर सडकों पर बहता है तो वहीं कई बार लोगों के घरों में घुस जाता है। उन्होंने बताया कि खसरा नंबर 1733 तथा 1737 के तहत कूहलों की 1990 के बाद मरम्मत तक नहीं हो पाई है। लोगों ने इस समस्या के जल्द की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

# धर्मशाला को ग्रीन-क्लीन सिटी बनाने के लिए शुरू होगा अभियान : इकबाल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**कहा, पौधरोपण अभियान का 28 जुलाई से करेंगे श्रीगणेश**

धर्मशाला को ग्रीन तथा क्लीन सिटी बनाने की दिशा में अभियान आरंभ किया जाएगा, जिसमें सभी नागरिकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल ने बताया कि 28 जुलाई को धर्मशाला नगर निगम क्षेत्र में पौधरोपण अभियान आरंभ किया जाएगा। इसमें सभी वार्डों में व्यवस्थित तरीके से पौधरोपण की मुहिम आरंभ की जाएगी। इस मुहिम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्लान भी तैयार किया गया है ताकि धर्मशाला को ग्रीन सिटी के रूप में विकसित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि पौधरोपण के पश्चात पौधों की देखभाल इत्यादि की जिम्मेदारी भी निर्धारित की जाएगी, ताकि पौधरोपण अभियान का उद्देश्य पूर्ण हो सके। नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल ने इस मुहिम में स्वैच्छिक संस्थाओं सहित सभी नागरिकों से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान भी किया, ताकि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ा जा सके। (अनंत ज्ञान)

### प्लास्टिक वेस्ट के पृथकीकरण और निस्तारण पर विशेष बल

**नगर** निगम के आयुक्त जफर इकबाल ने कहा कि नगर निगम धर्मशाला को स्वच्छ तथा सुंदर शहर बनाने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम की ओर से शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा उठाया जा रहा है और अब प्लास्टिक अपशिष्ट के पृथकीकरण पर भी विशेष फोक्स किया जा रहा है तथा प्लास्टिक अपशिष्ट के उचित निस्तारण के लिए प्लास्टिक अपशिष्ट प्रोसेसर (पीडब्ल्यूपी के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा ताकि धर्मशाला नगर निगम का सारा प्लास्टिक अपशिष्ट यहां से भेजा जा सके। प्लास्टिक अपशिष्ट के सही निस्तारण की निगरानी के लिए नगर निगम के कर्मचारियों को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है, ताकि निर्धारित मापदंडों के तहत कूड़ा-कचरा निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया कि घरों से ही प्लास्टिक तथा तरल अपशिष्ट का पृथकीकरण सुनिश्चित करें, ताकि निस्तारण में आसानी हो सके।

# माता-पिता की याद में जयसिंहपुर बाजार में लगाया वाटर कूलर

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

जयसिंहपुर के मशहूर ज्वेलर मनोज कुमार गुप्ता ने अपने स्वर्गीय माता-पिता की याद में जयसिंहपुर बाजार में वाटर कूलर लगवा कर पुण्य का कार्य किया है। इस वाटर कूलर को लगवाने का कुल खर्च 78 हजार रुपए आया है, जिसमें मनोज कुमार गुप्ता ने 53 हजार रुपए का दान दिया है।

वहीं, बाकी 25 हजार रुपए, जो कि वाटर कूलर की छत, रंग रोगन, चारदीवारी, लोहे की ग्रिल व सजावट के ऊपर खर्च किए गए, यह सब जयसिंहपुर बाजार के अंकु शर्मा, मोबाइल विक्रेता पीसी शर्मा, बुक शॉप के दुकानदार हरीश, विशाल मेहरा, पप्पा मेहरा, नरेंद्र मेहरा, कमल मेहरा व सुरेश चौहान, सेंटी पठानीयां, राकेश सरोंच ने मिलकर वहन किया है। जयसिंहपुर बाजार के मोबाइल विक्रेता पीसी शर्मा ने लोगों से आग्रह किया है कि जयसिंहपुर बाजार में लगाए वाटर कूलर के आसपास किसी भी प्रकार की कोई गंदगी न फैलाएं और इसे स्वच्छ रखें। (अनंत ज्ञान)



# लंबागांव मिल्कफेड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का उद्घाटन

## कार्यक्रम में कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति डॉ. डीके वत्स रहे मुख्यातिथि

**प्रवीण मिश्रा, लंबागांव**

लंबागांव मिल्कफेड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी सुआ का उद्घाटन गत दिवस को हुआ। इस अवसर पर कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति डॉक्टर डीके वत्स ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर उपस्थित किसानों को उन्होंने कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों की ओर से हर संभव सहायता दिए जाने का आश्वासन दिया व कंपनी के निदेशकों व सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने सदस्य किसानों को कंपनी के दो - दो हजार रुपए के शेयर प्रमाणपत्र भी इस अवसर पर दिए । इस मौके पर पूर्व कुलपति एवम कंपनी सलाहकार प्रो अशोक सरयाल ने उत्पादक संगठन के पंजीकरण से लेकर कुल 119 सदस्यों को जोड़ने तक वर्ष भर किए प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कंपनी ने मई माह में 700 किलो पीली हल्दी का बीज बिजाई के लिए किसानों मे मुफ्त बांटा है।



कंपनी के सदस्यों को शेयर प्रमाणपत्र वितरित करते हुए डॉ. डीके वत्स।

डॉ. नवीन कुमार, डायरेक्टर, विस्तार शिक्षा, कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर ने किसानों को बरसात के मौसम में चारा की उगाई जाने वाली किस्मों की सीडलिंग मुफ्त में देने का आश्वासन दिया। डॉ. अशोक पांडा डायरेक्टर स्टूडेंट वेलफेयर, कृषि विश्वविद्यालय ने किसानों को समूह मे पशु पालन और खेती बाड़ी से आय बढ़ाने पर अनुभव साझा किए। डॉ. एमसामा डिप्टी डायरेक्टर, पशु पालन विभाग, हिमाचल प्रदेश ने किसानों को संबोधित करते हुए दूध उत्पादन और वितरण पर सरकार द्वारा संचालित परियोजना की जानकारी दी । डॉ. राजकुमार भारद्वाज, डायरेक्टर आत्मा, कृषि विभाग हिमाचल सरकार ने किसानों को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने पर जोर दिया। मैनेजिंग डायरेक्टर सूबेदार अमी चंद ने स्वागत भाषण एवं धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर गांव स्तर पर कंपनी की संचालक रंजना देवी के अतिरिक्त रमेश वालिया,अनिता राणा, वीना देवी, कर्म चंद, सुरिंदर रनौत, अशोक कुमार एवं सुभाष सरयाल आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)




# चेहरे की त्वचा को चाहिए ठंडक तो करें फेस मिस्ट

**त्वचा** का ख्याल रखने के लिए आपको रोजाना स्किन केयर रूटीन को फॉलो करना चाहिए। स्किन टाइप जानने के लिए आप एक्सपर्ट की सलाह लें। मौसम के साथ-साथ त्वचा में भी कई तरह के बदलाव आने लगते हैं। वहीं, गर्मियों के मौसम में पसीना और गर्मी के कारण त्वचा डैमेज नजर आने लगती है। इसके अलावा स्किन टैनिंग भी काफी बढ़ जाती है। ऐसे में कई बार अचानक किसी मीटिंग में जाना हो तो चेहरा फ्रेश नजर नहीं आता है। इसके लिए आप चेहरे पर फेस मिस्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं फेस मिस्ट बनाने का तरीका और जानेंगे इससे मिलने वाले फायदों के बारे में-



### कब करना चाहिए इस्तेमाल?

वैसे तो चेहरे पर आप फेस मिस्ट का इस्तेमाल दिन में कभी भी कर सकते हैं। ज्यादातर इसका इस्तेमाल किसी भी मीटिंग या ओकेजन में जाने से पहले चेहरे को साफ करने के लिए किया जा सकता है। आप चाहे तो स्किन केयर रूटीन करते समय भी इसे अपने चेहरे पर स्प्रे कर सकती हैं। चेहरे पर फेस मिस्ट को लगाने के कई फायदे होते हैं। यह चेहरे की त्वचा को ठंडक देने में मदद करता है।

### फेस मिस्ट बनाने का आसान तरीका क्या है?

चेहरे की त्वचा को फ्रेश रखने के लिए आप सबसे पहले एक बाउल में एलोवेरा जेल की पत्तियों को काटकर इसमें से जेल को निकाल लें। अब इसमें आप एक छोटी बोतल गुलाब जल की डाल लें। आपस में इन दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिला लें। एक स्प्रे बोतल में इसे अच्छी तरह से मिक्स करके डाल दें। चाहे तो इसे इस्तेमाल करने से पहले आप फ्रिज में डाल दें। दिन में इसे 3 से 5 बार आप मेकअप से पहले या मेकअप के ऊपर भी इस्तेमाल कर सकती हैं। चेहरे की त्वचा को ठंडक देने में यह काम आएगा।

**नोट-** किसी भी नुस्खे को आजमाने से पहले आप एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें। साथ ही एक बार पैच टेस्ट जरूर कर लें।



# मेथी के उपयोग से जड़ से मजबूत हो जाएंगे आपके बाल



**मेथी** दाने के निरंतर उपयोग से आपको बालों को झड़ने, टूटने और निर्जीव होने जैसी परेशानी से छुटकारा मिल सकता है। मेथी दाने में आयरन, जिंक, हेल्दी फैट और प्रोटीन पाए जाते हैं जो बालों को भरपूर पोषण प्रदान करते हैं। इसमें एंटी फंगस और एंटी इन्फ्लामेट्री तत्व होते हैं जो बालों को घना और लंबा बनाते हैं। मेथी के दानों में फॉलिक एसिड, विटामिन ए, विटामिन के और विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं जिससे बाल घने, मुलायम और लंबे होते हैं। आयुर्वेद में बालों की समस्याओं के लिए मेथी दाने के उपयोग की सलाह दी जाती है। हम आपको बताते हैं कि किन मेथी के दानों को किन तरीकों से आप आजमाकर अपने बालों को खूबसूरत और घने बना सकते हैं।

**पतले बालों के लिए**

मेथी के दानों को पतले बालों पर लगाने के लिए आधा कप नारियल के तेल में दो चम्मच मेथी के दाने डालकर तब तक पकाएं जब तक मेथी के दाने लाल न हो जाएं। इस तेल को ठंडा होने के बाद अच्छी तरह खोपड़ी पर लगाएं ताकि तेल बालों के छिद्रों में अच्छी तरह पहुंच जाए। इससे स्कैल्प का ब्लड सर्कुलेशन बढ़ेगा, जिससे बाल स्वस्थ होंगे और घने और चमकीले बनेंगे। मेथी के दानों को रातभर के लिए पानी में भिगो दें फिर इन दानों को ब्लेंडर में पीसकर बारीक पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने स्कैल्प और बालों में लगाकर आधे घंटे के लिए छोड़ दें और फिर बालों को किसी माइल्ड शैंपू से धो लें। इससे बाल मजबूत, चमकीले और कोमल बनते हैं। वे स्कैल्प को हाइड्रेशन भी प्रदान करते हैं, जिससे रूखापन और खुजली कम होती है। दो तीन चमच्च मेथी को दूध में भिगो कर रात भर रखें। सुबह इनका पेस्ट बनाकर बालों में लगा लें और एक घंटे बाद गुनगुने पानी से धो लें। इससे आपके बाल चमकदार और आकर्षक होंगे। मेथी को पानी में भिगो दें और उसे रातभर के लिए रखें। इस पानी को सुबह बालों पर लगाएं और उसे एक घंटे तक रखें। फिर बालों को ठंडे पानी से धो लें। इससे बाल मजबूत होंगे और उनमें शाइन आएगी। हेयर फॉल रोकने के लिए दो-तीन चम्मच मेथी दाने को एक कप पानी में रातभर के लिए भिगो दें और सुबह इन्हें गैस पर उबाल लें। ठंडा होने के बाद मेथी दाने को ब्लेंडर में पीस कर इसका पेस्ट बना लें। मेथी दाना के बचे हुए पानी में थोड़ी सी गुड़हल की पत्तियां और फूल डालकर पेस्ट बना लें। पेस्ट और पानी को मिक्स कर तैयार हुए पेस्ट को स्कैल्प पर लगाकर एक घंटे तक छोड़ दें और इसके बाद हल्के गर्म पानी और माइल्ड शैंपू से बालों को धो लें। इस हेयर मास्क को सप्ताह में दो बार लगाएं। मेथी के पाउडर को हेयर मास्क के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। मेथी के पाउडर को दही या शहद के साथ मिलाकर पेस्ट बनाया लें। पेस्ट को अपने स्कैल्प और बालों की जड़ों को आहिस्ता आहिस्ता लगाकर एक घंटे बाद ताजे पानी से धो डालें।



शहनाज हुसैन

**(लेखिका अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं)**

# झड़ते बालों से राहत दिलाएंगे ये देसी नुस्खे

**सरसों** के तेल का इस्तेमाल खाना बनाने के अलावा, घरेलू चीजों के लिए भी किया जाता है। सरसों के तेल से सुंदरता को भी बढ़ाया जा सकता है। आप चेहरे के साथ-साथ बालों की सुंदरता बढ़ाने का काम भी सरसों के तेल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे कई तरह की समस्याएं बहुत ही आसानी से निपटाई जा सकती हैं। कहा जाता है कि सरसों के तेल को इसकी तासीर और गुणों के कारण औषधि माना जाता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होने के कारण सरसों के बीज से तेल को एक हेल्दी तेल माना जाता है, क्या आपको पता है कि सरसों के तेल के पास झड़ते बालों का इलाज भी है।



**सरसों का तल बालों के विकास में कैसे फायदेमंद है?:** सरसों तेल में बालों को हाइड्रेट और मॉइस्चराइज रखने के लिए अल्फा फैटी एसिड मौजूद होता है, यह बालों के विकास में भी मदद करता है। इसके अलावा सरसों तेल एंटीऑक्सीडेंट, एंटी बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों से भी भरपूर होता है। इससे यह स्कैल्प के हानिकारक बैक्टीरिया और फंगस से लड़ने, डैंड्रफ का सफाया करने में बहुत लाभकारी है, जो आपके बालों में विकास में बाधा बनते हैं।

**गर्म तेल की मालिश करें:** यह सबसे आसान और नया तरीका है। आप सरसों के तेल का इस्तेमाल गर्म करके रख सकते हैं। इसके लिए तेल को कुछ वक्त के लिए गर्म करने के लिए रख दें। जब तेल गर्म हो जाए, तो इसे हल्का ठंडा करने के लिए रख दें। फिर इससे स्कैल्प की हल्के हाथों से मालिश करें।

**सरसों के तेल से बनाएं मास्क**

आप सरसों के तेल में अंडे का सफेद भाग मिलाकर इसे हेयर मास्क की तरह भी बालों में अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए बस आपको एक अंडे का सफेद भाग लेना है। फिर इसमें जरूरत के अनुसार सरसों तेल मिलाना है। इसमें 1 चम्मच नींबू का रस भी मिलाएं, अच्छी तरह मिक्स करें। फिर स्कैल्प और बालों में लगाएं, मालिश करें और एक घंटे के लिए छोड़ दें। उसके बाद धो लें। आप इसे 3-4 घंटों के लिए भी बालों में छोड़ सकते हैं। 2-3 बार सप्ताह में जरूर लगाएं।

***नोट : बालों में किसी भी चीज को लगाने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें, ताकि बालों की ग्रोथ अच्छी हो सके।***

# इन चीजों से करें अपनी त्वचा की देखभाल



**त्वचा** की केयर करने के लिए महिलाएं कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। इन प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने से जहां चेहरे की सुंदरता बनी रहती है तो वहीं, ये प्रोडक्ट काफी महंगे भी होते हैं। अगर आप त्वचा की देखभाल सस्ते में करना चाहती हैं तो इन चीजों का इस्तेमाल आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

**एलोवेरा जेल :** कई सारे गुणों से भरपूर एलोवेरा जेल भी महंगी क्रीम की जगह त्वचा की देखभाल करने के लिए किया जा सकता है। एलोवेरा जेल में कई सारे गुण होते हैं और इसे नेचुरल मॉइश्चराइजर भी कहा जाता है। एलोवेरा जेल का इस्तेमाल आप चेहरे को साफ करने के बाद कर सकती हैं। एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करने से जहां चेहरे पर ग्लो आएगा तो वहीं स्किन से जुड़ी समस्या भी कम हो सकती है।

**ग्लिसरीन:** क्रीम की जगह आप ग्लिसरीन का इस्तेमाल कर सकती हैं। ग्लिसरीन स्किन हाइड्रेटेड प्रॉपट्रीज होती है और ये सभी प्रॉपट्रीज स्किन को मॉइश्चराइज करने के लिए उपयोगी हैं। वहीं, ग्लिसरीन का इस्तेमाल करने से आप ड्राइनेस की समस्या भी दूर हो सकती है। ग्लिसरीन का इस्तेमाल अप गुलाब जल की मदद से कर सकती हैं।

**गुलाब जल:** आप गुलाब जल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। गुलाब जल जहां फेस मास्क के मिलाकर चेहरे की सुंदरता कायम रखने के काम आता है तो वहीं, गुलाब जल चेरे को साफ करने और ग्लो बनाए रखने के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकती हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### डीड राइटर, स्टांप वेंडर रिश्वत लेते गिरफ्तार



**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के अंतर्गत वीरवार को डीड राइटर सुभाष चंद्र और उसके भाई रमेश चंद्र अष्टाम फरोश को जिला पठानकोट से तहसीलदार नरोट जैमल सिंह की ओर से 30,000 रुपए की रिश्वत मांगने और लेने के लिए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गांव तलूर में आरोपियों के घर की तलाशी के दौरान विजिलेंस टीम ने 8,90,000 रुपए बरामद किए, जिसके संबंध में आरोपियों की ओर कोई संतोषजनक विवरण नहीं पेश किए जा सके। पठानकोट जिले के गांव कोहलियां निवासी सुखवीर पाल की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने विजीलेंस ब्यूरो से संपर्क किया और अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उक्त आरोपी ने नायब तहसीलदार नरोट जैमल सिंह की ओर से उसके प्लॉट की रजिस्ट्री करवाने के लिए 30,000 रुपए की मांग की थी। प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की शुरुआत जांच के बाद विजीलेंस ब्यूरो की टीम ने दोनों आरोपियों को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 30,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। (अनंत ज्ञान)

### दुकान से 6 हजार मिलीलीटर शराब बरामद

**अजय पाल, पंचरुखी।** पुलिस थाना पंचरुखी के तहत दुकान से शराब करने का मामला सामने आया है। वंड विहार में नागिंदर कुमार निवासी वाहडू डाकघर दियोग्रां की दुकान से 6000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में पंजीकृत पुलिस थाना में दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### तेज गति से बाइक चलाने पर चालक घायल

**अनंत ज्ञान, हरिपुर।** पुलिस थाना हरिपुर के अंतर्गत निरंकारी भवन बिलासपुर के पास एक मोटरसाइकिल नंबर पीबी 08 बीटी -4033 को लापरवाही व तेज रफ्तारी से चलाने के कारण चालक हादसे का शिकार हो गया। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 281, 125(ए) भारतीय न्याय संहिता में पंजीकृत पुलिस थाना किया गया है।

### रास्ता रोककर मारपीट करने पर मामला दर्ज

**पंकज, ज्वालामुखी।** पुलिस थाना ज्वालामुखी के अंतर्गत अंब सलेहतर में सतपाल निवासी अंब सलेहतर ने गिरधारी लाल निवासी अंब सलेहतर व इसकी पत्नी का रास्ता रोककर इनके साथ मारपीट की। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 115(2), 352 में पंजीकृत किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### गलू वॉटरफॉल में इसरायली सैलानी घायल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** मैक्लोडगंज क्षेत्र के तहत एक विदेशी सैलानी के घायल होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार इसरायल की एक सैलानी गलू वॉटरफॉल के पास पैर फिसलने से नीचे जा गिरी। इसके कारण उसे चोटें आई हैं। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। (अनंत ज्ञान)

### कूहल में डाली पाइपों की वजह से घरों में घुस रहा पानी

**अजय पाल, पंचरुखी।** पंचरुखी के गांव मझेनू के वार्ड 7 में कूहल में पीने के पानी की पाइपें बिछी होने से उसमे कूड़ा-कर्कट फंस रहा है, जिसके कारण बारिश का पानी घरों मे घुस रहा है। ग्रामीण रास्ते व सड़क भी नाले में तब्दील हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जल शक्ति विभाग ने अपना काम आसान करने के लिए पीने के पानी की पाइपें जमीन में न बिछाकर कूहल में ही बिछा दी हैं, जिसके कारण बारिश होने पर कूहल का पानी घरों घुस रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार विभाग से पाइपें हटाने के लिए गुहार कर चुके हैं, लेकिन शायद विभाग कोई बड़ी दुर्घटना होने के बाद ही इन पाइपों को हटाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि अगर विभाग ने जल्द पाइपें न हटाईं तो हम खुद ही इन पाइपों को उखाड़ फेंकेंगे। इस बारे जब कनिष्ठ अभियंता जल शक्ति विभाग पंचरुखी से बात करनी चाही तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ था। (अनंत ज्ञान)

# केंद्र सरकार के खिलाफ गरजे श्रमिक, धर्मशाला में किया प्रदर्शन

## मजदूरों ने कोतवाली से कचहरी चौक तक निकली रोष रैली, पीएम को भेजा ज्ञापन

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



कांगड़ा जिला मुख्यालय धर्मशाला में प्रदर्शन करते मजदूर।

सीटू जिला कमेटी कांगड़ा ने सीटू के अखिल भारतीय आह्वान पर जिला मुख्यालय धर्मशाला में वीरवार को प्रदर्शन किया। मजदूरों ने कोतवाली से कचहरी चौक तक रोष रैली निकली और सभा को संबोधित भी किया। जिलाधीश के माध्यम से प्रधानमंत्री को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भेजा।

गौरतलब रहे कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने 100 दिन के एजेंडे में चार नए श्रम कोड लागू करने की बात कही है। वहीं सीटू के अनुसार ये कोड मजदूरों के लिए गुलामी का फंदा है और मजदूरों ने लंबी लड़ाई और कुर्बानी के बाद हासिल किए सुरक्षा के अधिकारों को खत्म करने की साजिश है। इन चार नए लेबर कोड को लागू करने से देश के 74 प्रतिशत मजदूर सामाजिक सुरक्षा वह 70 प्रतिशत उद्योग कानून के दायरे से ही बाहर हो जाएंगे । नए लेबर कोड में हड़ताल करने पर मजदूरों को वैसे ही सख्त सजा का प्रावधान है, जैसे कि ट्रांसपोर्ट मालिकों व ड्राइवर के लिए दुर्घटना की स्थिति में मोटर व्हीकल एक्ट में किया गया है। केंद्र सरकार ने फिक्स्ड टर्म रोजगार की अधिसूचना पहले ही जारी कर दी है, इससे मजदूर नियमित रोजगार से वंचित हो जाएंगे मजदूरों को काम के लिए समय सीमा 8 घंटे से बढ़कर 12 घंटे की करने की अधिसूचना जारी हो चुकी है। मोदी सरकार की इन मजदूर विरोधी, राष्ट्र विरोधी, जनता विरोधी फैसले के खिलाफ 18 जुलाई को पूरे प्रदेश में सीटू ने प्रदर्शन किया। (अनंत ज्ञान)

### सीटू की मांगें

**सीटू** की मांगों में मजदूरों के लिए बनाए गए नए लेबर कोड को निरस्त करने, नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन को खत्म करने, सार्वजनिक उपक्रमों को सेवाओं के निजीकरण को बंद करने, सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 26000 पर प्रति माह लागू करने, असंगठित श्रमिकों के लिए सार्वभौमिक व्यापक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा मनरेगा बजट में बढ़ोतरी करने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मनरेगा व निर्माण मजदूरों का श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकरण व नवीनीकरण शुरू करने, रुके हुए आर्थिक लाभ जारी करने, आंगनवाड़ी वर्कर्स,आशा वर्कर्स,मिड डे मील योजना कर्मियों को श्रमिकों के रूप में मान्यता देने और न्यूनतम मजदूरी पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की मांग की।

# देहरा अस्पताल में रात को नहीं मिल रहे गायनी डॉक्टर

**शुभम शर्मा, देहरा**

प्रदेश स्वास्थ्य विभाग भले ही सरकारी अस्पतालों मे बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने के बड़े-बड़े दावे कर रहा है, लेकिन सिविल अस्पताल देहरा में तमाम सरकारी दावों की उस वक्त पोल खुल गई जब गत बुधवार आधी रात को गांव निचला करियाड़ा से नाग मंदिर पुजारी कुलदीप सिंह गुलेरिया की बहू निशा देवी के अचानक ज्यादा बीमार होने पर देहरा सिविल अस्पताल लाया गया। यहां रात को कोई भी गायनी डॉक्टर न होने के कारण उन्हें मजबूरन महिला को ज्वालामुखी के एक निजी अस्पताल में ले जाना पड़ा। गुलेरिया ने बताया कि बीमार महिला को अगर आधा घंटा और उपचार न मिलता तो इसकी जान को खतरा पैदा हो सकता था। निशा देवी की डिलीवरी होनी थी। वह बुधवार रात को करीब दो बजे अचानक ज्यादा बीमार हो गई और परिजन उसे तुरंत सिविल अस्पताल देहरा ले आए, लेकिन यहां सुबह करीब चार बजे तक यानी दो घंटे कोई भी उपचार मिलना तो दूर बल्कि रात को तैनात कुछ मुलाजिमों ने बताया कि गायनी डॉक्टर सुबह 9 बजे आएंगे। इसके बाद महिला को ज्वालामुखी के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया। कुलदीप सिंह ने सरकार से मांग की है कि रात को उपरोक्त अस्पताल में स्वास्थ सुविधा प्रदान की जाए, ताकि हमारी तरह कोई भी मरीज परेशान न हो।

**उपचार न मिलने पर महिला को निजी अस्पताल पहुंचाया**

इस बारे जब सीएमओ कांगड़ा राजेश गुलेरी से बात की तो उन्होंने कहा कि रात को वहां डॉक्टर तैनात किए गए हैं। अगर मरीज को उपचार नहीं मिला तो इस मामले पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा मरीज का नाम और पता भेजे पूरी छानबीन होगी। (अनंत ज्ञान)

# नगरोटा बगवां में एनसीसी कैडेट्स ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**



नगरोटा बगवां में 10 दिवसीय एनसीसी शिविर के दौरान एनसीसी कैडेट्स को आपदा से निपटने के गुर भी सिखाए गए। प्रशिक्षण में विभिन्न शैक्षणिक संस्थान के 300 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर, खोज एवं बचाव, पट्टी बांधने की तकनीक, रस्सी में गांठ लगाना, विविध बचाव तरीके और अग्निशमन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर कर्नल ए, कमांडेंट 5 एचपी (आई) कंपनी एनसीसी ने युवाओं को सुरक्षा उपायों और आपदा प्रबंधन कौशल के साथ सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को आपदा प्रबंधन की जानकारी होना अत्यंत जरूरी है, ताकि वे अपने अपने क्षेत्रों के आपदा प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभा सकें। डीडीएमए कांगड़ा के प्रशिक्षण संसाधन व्यक्ति हरजीत भुल्लर ने युवा कैडेटों को अधिक लचीले समुदायों के निर्माण में मदद करने के लिए आपदा जोखिम में कमी और तैयारियों के महत्व पर जागरूकता फैलाने और अपने परिवार के सदस्यों और समुदाय के सदस्यों को संवेदनशील बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

पकार्यशाला में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, धर्मशाला, आपातकालीन और आपदा प्रबंधन संसाधन केंद्र, कांगड़ा और फायर स्टेशन, नगरोटा बगवां से प्रशिक्षित संसाधन व्यक्तियों ने कैडेट्स को आपदा प्रबंधन को लेकर प्रशिक्षण भी दिया। (अनंत ज्ञान)

# संदिग्धों की तलाश में जुटे सेना-पुलिस के जवान

## पंजाब, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश की सीमाओं पर कड़ा पहरा

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

लोगों को लगातार दिखाई दे रहे संदिग्धों की तलाश सेना और पुलिस ने संयुक्त रूप से तेज कर दी है। तीन राज्यों पंजाब,जेएंडके और हिमाचल की सीमाओं पर कड़ा पहरा लगा दिया गया है और प्रत्येक आने-जाने वाले व्यक्ति की तलाशी ली जा रही है।

**आने-जाने वाले लोगों की ली जा रही तलाशी**

इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय भारत-पाक सीमा पर भी बीएसएफ द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सूत्रों के अनुसार लोगों को पठानकोट और जेएंडके, दीनानगर, गुरदासपुर में संदिग्ध दिखे हैं। खासकर जेएंडके के कठुआ जिले में संदिग्धों की सक्रियता ज्यादा देखने को मिली है। हाल ही सेना के वाहन पर आतंकी हमले में 5 जवानों की शहादत के बाद तीन राज्यों की पुलिस और सेना आतंकियों के ठिकाने पता लगाने के लिए सर्च में जुटी है। (अनंत ज्ञान)

### बॉर्डर पर सेना ने लगाए कैमरे



अतिरिक्त हाई अलर्ट और सुरक्षा उद्देश्य के लिए सीमावर्ती क्षेत्र में सेना द्वारा एचएचटीआई, पीटीजेड कैमरे लगा दिए गए हैं, जो कि एक किलोमीटर तक आतंकियों की किसी भी तरह की हरकत पर कैपचर करेंगे। वहीं, पठानकोट और जेएंडके बॉर्डर पर सेना ने अतिरिक्त रोटेटिंग लाइटें भी इंस्टाल की हैं। दूसरी ओर नदियों-नालों पर भी फेंसिंग (बीएस बाढ़) लगाई और सैनिक बढ़ाए गए हैं।

### इंटरस्टेट नाकों पर पुलिस और सेना रहेगी मौजूद

**पठानकोट** जिले के बॉर्डर क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा स्थापित किए गए प्रत्येक इंटरस्टेट नाके पर पुलिस के साथ अब सेना भी मौजूद रहेगी। इससे पहले इंटरस्टेट नाकों पर अकेले पुलिस ही चेकिंग में रहती थी और समय की जरूरत अनुसार पुलिस सेना का सहयोग भी साथ में रखना जरूरी समझ रही है। वहीं, बॉर्डर के कई सुनसान रास्तों पर पुलिस प्रशासन के पक्के नाके भी लगाए जा रहे हैं।

# साई पॉलीटेक्निक बधानी में मेडिकल प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा शुरू

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के चेयरमैन इंजीनियर एसके पुंज ने पत्रकार वार्ता में कहा कि उनका ग्रुप शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा आगे रहता है। क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत खुशी की बात है कि साई पॉलीटेक्निक बधानी पठानकोट में मेडिकल प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा शुरू हो गया है। यह डिप्लोमा लगभग तीन साल का है। इसमें पहले दो साल शिक्षा दी जाएगी और अंतिम साल प्रयोगशाला प्रशिक्षण करवाई जाएगी।



श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के चेयरमैन इंजीनियर एसके पुंज

डीएमएलटी, जिसे डिप्लोमा इन मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी के नाम से भी जाना जाता है, एक 3 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स है, जिसे कक्षा 10 या कक्षा 12 के बाद किया जा सकता है। इसकी लगभग 60 सीट्स के लिए एडमिशन शुरू हो गई है। यह एक डिप्लोमा कोर्स है, जो मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने पर केंद्रित है। मेडिकल लैबोरेटरी तकनीशियन प्रयोगशाला परीक्षण करने, नमूनों का विश्लेषण करने और सटीक रिपोर्ट तैयार करने के लिए जिम्मेदार होते हैं, जो डॉक्टरों को रोगियों का प्रभावी ढंग से निदान और उपचार करने में सहायता करते हैं। ये पेशेवर सटीक और विश्वसनीय परीक्षण परिणाम सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सकों, पैथोलॉजिस्ट और अन्य स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के साथ मिलकर काम करते हैं। जो व्यक्तियों को मेडिकल प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में करियर के लिए तैयार करता है। पाठ्यक्रम में नैदानिक जैव रसायन, हेमटोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, इम्यूनोलॉजी और पैथोलॉजी जैसे आवश्यक विषय शामिल हैं। डीएमएलटी के स्नातक नैदानिक प्रयोगशालाओं, अस्पतालों, अनुसंधान संस्थानों और रक्त बैंकों में विविध करियर के अवसरों का पता लगा सकते हैं। ये पेशेवर प्रयोगशाला परीक्षण करके और सटीक रिपोर्ट तैयार करके रोगों के निदान और उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

डीएमएलटी कोर्स पूरा करने के बाद स्नातक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में विभिन्न करियर के अवसरों का पता लगा सकते हैं। इस अवसर पर एमडी तृप्ता पुंज तथा सीएमडी कंवर तुषार पुंज और रिया पुंज प्रिंसिपल मुकेश गुप्ता स्टाफ, स्टूडेंट्स मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# पंचरुखी पुलिस थाना के प्रभारी नंद लाल को किया सम्मानित

**अजय पाल, पंचरुखी**



पंचरुखी पुलिस थाना के प्रभारी नंद लाल शर्मा को विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व पंचायती राज के सदस्यों ने उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। किसान नेता मनजीत डोगरा, कोली समाज के जिलाध्यक्ष कालीदास, जिला परिषद सदस्य संतोष शर्मा, ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष सुभाष त्यागी, जिला परिषद सदस्य श्रेष्ठा देवी, सुभाष व्यास, साहित्यकार रवि शर्मा व मौलीचक्क पंचायत के उप प्रधान बिट्टू ने थाना पंचरुखी में जाकर थाना के प्रभारी नंद लाल शर्मा को शॉल व मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। किसान नेता मनजीत डोगरा व जिला परिषद सदस्य संतोष शर्मा ने कहा कि जब से थाना प्रभारी नंद लाल ने पंचरुखी थाना का कार्य भार संभाला है, तब से पंचरुखी थाना के अधिकार क्षेत्र में क्राइम में बहुत कमी आई है। पिछले आठ महीनों में थाना प्रभारी कि अगुवाई मे पंचरुखी पुलिस टीम ने नशे के अवैध कारोबारियों के ऊपर नकेल कसते हुए लगभग 32 सौदागरों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। हालांकि पंचरुखी थाना में स्टाफ की बहुत कमी है बावजूद इसके इनके कार्यभार संभालने के बाद आपराधिक घटनाओं में भी काफी कमी आई है। वहीं, थाना प्रभारी ने इस सम्मान के लिए सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस सम्मान के असली हकदार वो लोग हैं, जो अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले लोगों को पकड़वाने में पुलिस का सहयोग करते हैं। (अनंत ज्ञान)

# अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस पर चीन के खिलाफ तिब्बतियों ने किया प्रदर्शन

## राग्या गंगजोंग शेरिग नोरबुलिंग स्कूल को जबरन बंद करने की निंदा की

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस पर चीन के खिलाफ प्रदर्शन करते तिब्बती लोग।

तिब्बतियों ने बुधवार को मैक्लोडगंज में मोमबत्ती जलाकर गोलोग में प्रसिद्ध राग्या गंगजोंग शेरिग नोरबुलिंग स्कूल को चीन द्वारा जबरन बंद करने की निंदा की और तिब्बतियों के साथ एकजुटता दिखाई। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर मैक्लोडगंज में तिब्बती गैर सरकारी संगठनों ने तिब्बत में चीनी नीतियों की निंदा की।

धर्मशाला स्थित आठ गैर-सरकारी संगठनों ने तिब्बत में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) द्वारा मानवाधिकारों के व्यवस्थित उल्लंघन की गहरी चिंता और निंदा व्यक्त की है। तिब्बती कार्यकर्ताओं ने कहा कि तिब्बत में बीजिंग की नीतियों के कारण तिब्बती बच्चों के मौलिक अधिकारों और शिक्षा तक उनकी पहुंच पर गंभीर उल्लंघन हुए हैं। दस लाख से अधिक तिब्बती बच्चे वर्तमान में औपनिवेशिक शैली के बोर्डिंग स्कूलों में नामांकित हैं, जिन्हें जबरन उनके परिवारों और सांस्कृतिक जड़ों से अलग कर दिया गया इसके अलावा, कम्युनिस्ट पार्टी ने निजी तौर पर संचालित तिब्बती स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को आक्रामक तरीके से बंद कर दिया है, जिससे तिब्बती समुदायों की शिक्षा के माध्यम से अपनी अनूठी सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों को संरक्षित करने और प्रसारित करने की क्षमता खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि 14 जुलाई, 2024 को, स्थानीय लोगों की सरकार की मंजूरी से प्रसिद्ध तिब्बती शिक्षक जिग्मे ग्यालत्सेन द्वारा स्थापित राग्या गंगजोंग शेरिग नोरबू स्कूल को चीनी कम्युनिस्ट सरकार के दबाव में बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

### बालाजी अस्पताल में कैंसर सर्जरी की सुविधा शुरू

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** कांगड़ा स्थित मल्टी स्पेशिएलिटी श्री बालाजी हॉस्पिटल में कैंसर सर्जरी की सुविधा उपलब्ध करवा दी गई है। इस बात की जानकारी देते हुए आज हॉस्पिटल के सीएमडी डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि हिमाचल के किसी निजी संस्थान में पहली बार इस तरह की सर्जरी की सुविधा मुहैया करवाई गई है। उन्होंने बताया कि अब लोगों को कैंसर सर्जरी के लिए बाहरी राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्हें अब सुविधा उनके घरद्वार में ही उपलब्ध होगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कैंसर सर्जरी के लिए डॉ विजय बतौर सर्जन श्री बालाजी हॉस्पिटल से जुड़े हैं, जो कैंसर से जुड़ी सभी प्रकार की सर्जरी के लिए अस्पताल में उपलब्ध रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### इमरजेंसी में बीमार सैनिक को किया रक्तदान



**संजीव महाजन, नूरपुर।** नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब के सदस्य काहन सिंह पठानिया ने ठेहड़ निवासी शिव कुमार को, जो भारतीय सेना में कार्यरत हैं को आपात स्थिति में रक्तदान किया। बीमार सैनिक के पिता ने बताया कि उन्हें आपातकाल में दो यूनिट बी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी। इसके बाद नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब के सदस्य काहन सिंह पठानिया ने हंस राज के लिए सिविल हॉस्पिटल पठानकोट के ब्लड बैंक में रक्तदान किया। (अनंत ज्ञान)

### दिनेश यूथ कांग्रेस देहरा के वाइस चेयरमैन नियुक्त



**सालबिया शर्मा, गरली।** गांव दयाल नैहरनपुखर के दिनेश कुमार बेदी को ऑल इंडिया यूथ कांग्रेस वर्कर्स कमेटी ब्लॉक देहरा का वाइस चेयरमैन चुना गया है। दिनेश कुमार बेदी को यह ताजपोशी ठाकुर अनिल सिंह राष्ट्रीय वर्कर्स चेयरमैन एपॉइंटमेंट इंचार्ज ने उनकी कांग्रेस पार्टी के प्रति बेहतर कार्यशैली को देखते हुए दी है। वहीं, मनोनीत हुए दिनेश कुमार बेदी ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह रात-दिन कड़ी मेहनत करके निभाने का पूरा प्रयास करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### कानूनगो एवं पटवार संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां।** प्रदेश सरकार द्वारा कानूनगो एवं पटवारियों का जिला कैडर से राज्य केडर बनाने का विरोध जताते हुए नगरोटा बगवां संयुक्त कानूनगो एवं पटवार संघ ने एसडीएम मुनीश शर्मा को एक संयुक्त हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपते हुए इसका विरोध जताते हुए कहा है कि प्रदेश महासंघ द्वारा 13 जुलाई को वर्चुअल बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 जुलाई से सभी ऑनलाइन कार्य और व्हाट्सऐप ग्रुप केवल आपदा संबंधी कार्यों को छोड़ कर तुरंत प्रभाव से बंद करने का निर्णय किया है। इस बारे नगरोटा बगवां संयुक्त कानूनगो एवं पटवार संघ तहसील नगरोटा बगवां इकाई ने प्रदेश महासंघ द्वारा लिए गए निर्णय को लागू करने का निर्णय लिया है। (अनंत ज्ञान)

# 14 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में एक और गिरफ्तार, एक फरार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

नगरोटा धोखाधड़ी मामले में चरान में कैंची मोड़ के पास हार्डवेयर की दुकान करने वाले देवेंदर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपी अनुज शर्मा फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। अनुज नगरोटा का रहने वाला है और प्रॉपर्टी डीलर के रूप में काम करता है।

दोनों आरोपियों ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया है, जिसे वीरवार को खारिज कर दिया गया। इन दोनों व्यक्तियों ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर साजिश रची और ट्रांसपोर्टर को धोखाधड़ी से धोखा दिया। इस मामले में करीब 14 करोड़ रुपए की ठगी को

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

अंजाम दिया गया। नगरोटा बगवां पुलिस ने एक व्यक्ति से करोड़ों रुपए की ठगी करने के आरोप में 38 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। मुंबई के बांद्रा के सर्वदमन सिंह सिसौदिया ने नगरोटा बगवां के एक स्थानीय ट्रांसपोर्टर से एक फल ट्रेडिंग कंपनी बनाने तथा 60 प्रतिशत हिस्सेदारी की पेशकश कर 13.85 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की थी। ट्रांसपोर्टर ने विभिन्न बैंकों से ऋण लेकर दस से 11 महीनों में लगभग 13.85 करोड़ रुपये का निवेश किया था तथा ठगी का शिकार हो गया।

उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि फरार हुए आरोपी की तलाश पुलिस कर रही है तथा जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**जागरूकता** न्यू बस स्टैंड पालमपुर में डिजिटल जागरूकता शिविर का आयोजन

# साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूकता जरूरी

**गौरव कौंडल, पालमपुर**




न्यू बस स्टैंड पालमपुर में डिजिटल जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने की। एसडीएम ने कहा कि सोशल प्लेटफॉर्म्स के उपयोग से हमारा जीवन सुगम होने के साथ-साथ हमें दुनिया भर की जानकारी एक क्लिक पर प्राप्त हो रही है। दिनचर्या के कार्य भी घर बैठे अपने फोन, कंप्यूटर के माध्यम से किया जा रहा है। इन्हीं माध्यमों से हम प्रतिदिन पैसों का लेनदेन भी कर रहे हैं। सरकारें भी लोगों को डिजिटल भुगतान के लिये प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमें सोशल प्लेटफॉर्म्स के प्रयोग करते समय सजगता और विवेक का उपयोग करना चाहिए, हो सके तो हमें अपनी निजी जानकारी देने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोशल प्लेटफॉर्म एप्स का उपयोग हम प्रतिदिन करते हैं और यह समाज के दिनचर्या का हिस्सा बन गये हैं। उन्होंने कहा कि सोशल प्लेटफॉर्म पर साइबर ठगों की भी नजर बनी रहती है और नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को जाल में फंसाकर शिकार बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल साक्षरता लोगों के बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से भी साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सजग रहने की अपील की। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान क्लासीफाइड**
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**NOTICE**

**I, Ankur Kumar** (20 years) S/o Sh. Sanjay Kumar R/o Village Loharpura P.O. Suliali, Tehsil Nurpur, Distt. Kangra (H.P.) solemnly declare that Educational record in my correct name entered as Ankur Kumar..But name in my adhar card is entered wrong as Ankur Garg . I deserves to be corrected as Ankur Kumar in place of Ankur Garg on my Aadhar Card. All note it.

## न्यूज ब्रीफ

### बुकिंग नंबर पर कॉल करने पर होगी गैस की बुकिंग

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** हमीरपुर गैस एजेंसी के हेड हरीश नंदा ने बताया कि अपनी गैस की बुकिंग उसी दिन सुबह करवाएं, जिस दिन गैस की गाड़ी आपके एरिया में सप्लाई करने के लिए आती है। गैस बुक करने के लिए बुकिंग नंबर 84549 55555 पर अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से मिस्ड कॉल कर बुकिंग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि गैस लेने से पहले अपना चार अंकों का डीएसी नंबर डिलिवरी मैन को देना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि आजकल गैस उपकरणों की निशुल्क सुरक्षा जांच भी की जा रही है। यदि आपकी गैस पाइप को 5 साल से ज्यादा का समय हो गया है, तो उसको भी बदलना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस विशेष सुरक्षा अभियान के दौरान 190 रुपए में मिलने वाली सुरक्षा होज या पाइप 150 रुपए में मिलेगी। सुरक्षा जांच के दौरान उपभोक्ता के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर चार अंकों का ओटीपी आएगा, वह आपको गैस एजेंसी के प्रतिनिधि को देना होगा। किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी के लिए एजेंसी के दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### अंग्रेजी, रोजगार और उद्यमिता कोर्स के प्रमाण पत्र बांटे



**ए कुमार, सुजानपुर।** ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में 2023-24 में करवाए गए अंग्रेजी, रोजगार और उद्यमिता के 6 महीने के कोर्स के प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस कोर्स का संचालन प्रदेश की स्वास्थ्य शिक्षा पर्वावरण एवं महिला विकास समिति द्वारा हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के माध्यम से करवाया गया था। निशुल्क करवाए गए कोर्स के प्रमाण पत्र वितरण समारोह में मुख्यतौर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अजायब सिंह बन्याल, उपप्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर, कोर्स के नोडल ऑफिसर डॉ. विकास राणा, कॉलेज के प्राध्यापक, हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम की तरफ से निशा व स्वास्थ्य शिक्षा पर्वावरण एवं महिला विकास समिति के ट्रेनर पवन कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और उनका मार्गदर्शन किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की।

### हंस फाउंडेशन ने बड़ा में लगाया स्वास्थ्य शिविर



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** हंस फाउंडेशन द्वारा वर्तमान समय में लोगों को घर-द्वार पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसी कड़ी में आज उपमंडल नादौन की ग्राम पंचायत बड़ा के गांव जंगली और सरूह बाग में फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य टीम द्वारा लगभग 100 लोगों के स्वस्थ की जांच की। इस दौरान लोगों को दवाइयां भी वितरित की गईं। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर शिवानी, एसपीओ स्नेह लता, लैब टेक्नीशियन शबनम, फार्मासिस्ट अमित और पायलट महेशी लाल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### उच्च स्तरीय टीम ने की आरसेटी की सराहना



**अनिल कुमार, हमीरपुर।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के राष्ट्रीय निदेशक जी. मुरुगेसन और राष्ट्रीय ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान अकादमी बेंगलुरु के महानिदेशक राजू एन कोरी की एक उच्च स्तरीय टीम ने मट्टनसिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों, वित्तीय वर्ष 2023-24 और वित्तीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट ली। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर के निदेशक अजय कतना ने उच्च स्तरीय टीम के सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें संस्थान की विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों से अवगत करवाया। निरीक्षण के लिए पहली बार हमीरपुर पहुंचे इन अधिकारियों ने आरसेटी की रिपोर्ट की काफी सराहना की तथा संस्थान की गतिविधियों के विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं दिशा-निर्देश भी दिए।

### किसानों को बताए मक्की की फसल को बचाने के तरीके




**शशि सोनल, नादौन।** पंचायत बूणी के गांव जमनोटी के किसानों के लिए एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें किसानों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र बड़ा हमीरपुर के विशेषज्ञों द्वारा कृषकों को मक्की व नकदी फसलों बारे विस्तार से जानकारी दी गई। उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय नेरी के सौजन्य से लगाए गए इस शिविर में करीब 40 कृषक महिला व पुरुषों ने नकदी फसलों के उत्पादन बारे प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस शिविर में सब्जी विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. बलवीर सिंह डोगरा, सब्जी वैज्ञानिक डॉ. शिव प्रताप, डॉ. दीपा शर्मा, डा. संतोष तथा कृषि विज्ञान केंद्र बड़ा से कीट वैज्ञानिक डॉ. छवि तथा रेखा डोगरा उपस्थित रहे।

# नए लेबर कोड मजदूर हित में नहीं : ठाकुर

## सीटू से संबंधित मजदूरों ने निकाली रोष रैली, किया जोरदार प्रदर्शन

**विक्रम ढटवालिया/अनिल कुमार, हमीरपुर**





सीटू के पदाधिकारी एडीसी के माध्यम से प्रधानमंत्री को अपना मांग पत्र सौंपते हुए। (दाएं) केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करती महिलाएं।

सीटू से संबंधित मजदूरों ने श्रम कानून लागू करने को लेकर तहसील कार्यालय से गांधी चौक तक रोष रैली निकाली और सभा को संबोधित किया। रोष रैली के बाद उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री को मांगों से संबंधित ज्ञापन भी भेजा। सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि नई मोदी सरकार ने जो 100 दिन का एजेंडा तय किया है, उसमें चार नए श्रम कोड लागू करने पर जा रही है, जो मजदूरों की सुरक्षा के अधिकारों को खत्म करने की साजिश है।

उन्होंने कहा कि इन चार नए लेबर कोड को लागू करने से देश के 74 प्रतिशत मजदूर सामाजिक सुरक्षा व 70 प्रतिशत उद्योग कानून के दायरे से ही बाहर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि नए लेबर कोड मजदूर हित में नहीं हैं, जिस कारण यह रोष रैली निकाली गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने फिक्स्ड टर्म रोजगार की अधिसूचना पहले ही जारी कर दी है, इससे मजदूर नियमित रोजगार से वंचित हो जाएंगे। मजदूरों को काम के लिए समय सीमा 8 घंटे से बढ़कर 12 घंटे की करने की अधिसूचना जारी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सीटू की मांग है कि मजदूरों के लिए बनाए गए नए लेबर कोड को निरस्त किया जाए, जिससे मजदूरों को राहत मिले।

**कहा-74 प्रतिशत मजदूर सामाजिक सुरक्षा से बाहर हो जाएंगे**

इसके अलावा सार्वजनिक उपक्रमों को सेवाओं के निजीकरण को बंद करो और सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 26000 पर प्रति माह लागू किया जाए। असंगठित श्रमिकों के लिए सार्वभौमिक व्यापक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ मनरेगा बजट में बढ़ोतरी की जाए। मनरेगा व निर्माण मजदूरों का श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकरण व नवीनीकरण शुरू करो, रुके हुए आर्थिक लाभ जारी करो स आंगनबाड़ी वर्कर्स, आशा वर्कर्स, मिड-डे मील योजना कर्मियों को श्रमिकों के रूप में मान्यता दो और न्यूनतम मजदूरी पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा प्रदान करो, हिमाचल प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों को ही प्री प्राइमरी स्कूल का दर्जा दिया जाए। बिजली का निजीकरण बंद करो, स्मार्ट मीटर योजना वापस लो, मोटर व्हीकल एक्ट में ट्रांसपोर्ट मलिक व ड्राइवरों के लिए भारी जुर्माना व सजा के बदलाव को रद्द करो। इसके अलावा बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाया जाए और खाद्य वस्तुओं, रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल आदि की कीमतें कम की जाएं।

अनुबंध, आउटसोर्स, ठेका, फिक्स टर्म, कैजुअल, टेंपरेरी, मल्टीटास्क, मल्टीपरपज श्रमिकों के लिए नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जिला सचिव जोगिंदर कुमार, रंजन शर्मा, जितेंद्र धीमान, राज कुमारी, मीरा खान, नवीन कुमार पंकज, धर्म सिंह, मदन आदि ने संबोधित किया व सैकड़ों मजदूरों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। (अनंत ज्ञान)

## स्टार्टअप योजना के तहत 8 महीनों में कितनों को मिला लाभ, बताएं मुख्यमंत्री : लखनपाल

**एसके ठाकुर, बिझड़ी।** चुनाव के समय कांग्रेस ने गारंटी दी थी कि सरकार बनने पर हर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं के लिए 10 करोड़ के हिसाब से 680 करोड़ रुपए के स्टार्टअप फंड का प्रबंध करेगी, जिससे युवा अपने लिए रोजगार के साधन जुटाएंगे और अन्य लोगों को रोजगार भी देंगे। कांग्रेस के कई नेताओं ने इसके लिए चुनाव से पूर्व ही युवाओं से फार्म भी भरवा लिए थे। चुनाव के एक साल तक सरकार इस फंड के नाम पर खामोश रही। गत नवंबर माह में सरकार ने इस योजना के प्रथम चरण शुरुआत की विधिवत घोषणा की। अखबारों में बड़े-बड़े इश्तिहार छपे, सड़कों पर बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगे।



सरकार ने इस योजना के तहत उत्पादन इकाई लगाने के बजाय, इलेक्ट्रिक व्हीकल की खरीद में सब्सिडी देने की बात की। हजारों की संख्या में प्रदेश के युवाओं ने आवेदन भी किए, लेकिन योजना की घोषणा हुए आठ महीने का समय बीत गया, लेकिन अभी तक एक भी युवा को इस योजना का लाभ नहीं मिला। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि सुक्खू सरकार की स्टार्टअप योजना का क्या हुआ। इस योजना का लाभ कब से प्रदेश के युवाओं को मिलना शुरू होगा। एक भी टैक्सी इस योजना के तहत अभी तक खरीदी नहीं जा सकी। क्या इलेक्ट्रिक टैक्सी खरीदने में इतना समय लगता है। इस सरकार की मंशा ही नहीं है कि वह प्रदेश के लोगों का काम करे। यह स्टार्टअप के लिए आर्थिक सहायता का इंतजार कर रहे प्रदेश के युवाओं के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने भाजपा की सरकार द्वार शुरू की स्वावलंबन योजना को भी बंद कर दिया है। डेढ़ साल में झूठे वादे बहुत हो गए, अब सुक्खू सरकार जल्द स्टार्टअप फंड का बजट जारी करे। (अनंत ज्ञान)

## द हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन हमीरपुर के पूर्व महासचिव ने दिए 2 हजार



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** दि हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन हमीरपुर को पूर्व महासचिव केके खन्ना ने अपनी धर्मपत्नी उषा खन्ना की स्मृति में संगठन को 2 हजार रुपए की चेक भेंट किया। केके खन्ना ने संगठन को आश्वासन दिया कि वे भविष्य में भी संगठन की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपेक्षा के अनुरूप सहायता करते रहेंगे। इसके अतिरिक्त वह अपनी सेवाएं भी संगठन को समय-समय पर उपलब्ध करवाते रहेंगे, क्योंकि इस राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित संगठन से वह वर्ष 2006 से विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे हैं।

# बड़सर में नशे का इंजेक्शन लेने वाले तीन युवक पकड़े

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

बड़सर इलाके में नशे का इंजेक्शन लेने वाले तीन युवकों को बड़सर पुलिस ने खोज निकाला है। ये तीनों स्थानीय निवासी हैं। इनके साथ और कौन-कौन शामिल हैं, इसकी जांच-पड़ताल की जा रही है। अब उनके ब्लड सैंपल लैब में जांच के लिए भेजे जा रहे हैं।

रिपोर्ट सही आई तो फिर उनके खिलाफ पुलिस अगली कार्रवाई अमल में लाएगी। यहां तीन युवक बड़सर ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 7 के एक बाथरूम नुमा कमरे में पिछले रोज नशे का इंजेक्शन लेते हुए पाए गए थे। उधर, नशा निवारण केंद्र बनी में हुए मर्डर मामले में केंद्र के कर्ताधर्ता आज सुबह खुद पुलिस स्टेशन पहुंचे।

**वीडियो हुआ था वायरल :** इनका वीडियो वायरल हुआ था। उसके बाद पुलिस ने एक टीम गठित की थी, जिसने इस सारे मामले की शिनाख्त की, लेकिन पुलिस अभी यहां नहीं बता रही कि यह युवा के कहां के रहने वाले हैं, इसका खुलासा लैब की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही किया जाएगा।



बड़सर पुलिस द्वारा पकड़े गए तीन युवक, जो वायरल वीडियो में दिखे थे।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**जिले में हालत खराब :** दरअसल हमीरपुर जिले के अलग-अलग इलाकों में युवाओं में बढ़ी नशे की आदत अभिभावकों के लिए परेशानी का सबक बनी हुई है।

हमीरपुर शहर के आसपास भी इस तरह के कई ठिकाने अभी भी मौजूद हैं। जहां युवा नशे का शिकार हो रहे हैं। हालांकि पुलिस ने कई मर्तबा ऐसे युवाओं और लोगों को पकड़ने में भी कामयाबी हासिल की है, लेकिन इस सामाजिक बुराई में हालात अभी भी बेकाबू हैं। (अनंत ज्ञान)

### नशा निवारण केंद्र बणी का फरार संचालक पहुंचा पुलिस स्टेशन

**करीब** 5 दिन पहले नशा निवारण केंद्र बणी में हुए मर्डर मामले में फरार केंद्र का संचालक वीरवार सुबह पुलिस स्टेशन बड़सर पहुंच गया। उनके परिजनों से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही थी। सुबह 4 बजे भी पुलिस उनके घर पर पहुंची थी। इस घटना के बाद भोरंज इलाके से संबंध रखने वाला यह संचालक तुसार चंदेल 5 दिनों के बाद पुलिस स्टेशन पहुंच गया। अभी एक अन्य आरोपी फरार है। इस मामले में केंद्र से संबंधित रिकॉर्ड भी पुलिस ने कब्जे में लिया है, लेकिन कुछ को इधर-उधर खुर्द पुरद किया गया है। उसका भी अब पता चलेगा।

### जांच को भेजे सैंपल : एसपी भगत सिंह

**हमीरपुर** के एसपी भगत सिंह ठाकुर का कहना है कि तीन युवकों की शिनाख्त करके उनके खून के सैंपल लैब में जांच के लिए भेजे गए हैं, ताकि नशे का उन्होंने सेवन किया, कितनी डोज ली, कौन सी डोज ली है, इस सारे घटनाक्रम का पटाक्षेप हो सके। उन्होंने बताया कि नशा निवारण केंद्र बणी के संचालक को भी अरेस्ट कर लिया गया है। 5 दिन की जांच के बाद जब उनके परिवार को पूछताछ के लिए बार-बार बुलाया गया तो आज तड़के आरोपी तुषार चंदेल पुलिस स्टेशन बड़सर पहुंच गया। उसका दूसरा साथी अभी फरार है।

# हमीरपुर के रैल में कार्प फिश के उत्पादन के साथ तैयार होगा बीज

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



हमीरपुर के तहत आने वाले रैल क्षेत्र में कार्प फिश की हैचरी का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। इसके लिए मत्स्य विभाग की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ पहुंचाया जाएगा। यह प्राइवेट हैचरी होगी तथा काफी बड़े स्तर पर इसका निर्माण कार्य किया जा रहा है। यहां से न सिर्फ मछलियों का उत्पादन होगा, बल्कि यहां पर ही मछलियों की कई किस्मों का बीज तैयार कर लिया जाएगा।

हमीरपुर सहित बाहरी जिलों को भी मछली के बीच की आपूर्ति की जा सकती है। यहां पर पौंड बनाने का कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि बहुत जल्द यहां पर हैचरी का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए कई पौंड बनाए जाएंगे, जहां मछली का बीज डाला जाएगा। विभाग की तरफ से सब्सिडी भी उपलब्ध करवाई जाएगी। रैल की एक महिला के नाम पर यह निजी फिश हैचरी बनने जा रही है।

हमीरपुर जिला में यह पहली बड़े स्तर की हैचरी बनने जा रही है। हमीरपुर जिला में मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए मत्स्य विभाग लगातार प्रयासरत है। हमीरपुर में मछली का कारोबार करने वाले लोगों को अब घर के नजदीक ही कार्प मछली का बीज आसानी से मिल जाएगा। अभी मछली लेने के लिए दूरदराज के इलाकों में पैसे खर्च करके जाना पड़ता है, जिसमें इन्हें लाने ले जाने का रिस्क भी बहुत ज्यादा होता है। (अनंत ज्ञान)

### पहली प्राइवेट हैचरी होगी शुरू



**जिला** मत्स्य अधिकारी अजय कुलदीप ने बताया कि जल्द ही कार्प किस्म की मछली की पहली प्राइवेट हैचरी शुरू होने जा रही है। इसका काम लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि इसी सीजन से मछली बीज यहां तैयार करना शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य योजना के तहत इस प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली थी।

# परेशानी का सबब बने बेतरतीब खड़े वाहन

**शशि सोनल, नादौन**

नादौन शहर के होशियारपुर रोड़ पर सड़क की दोनों तरफ बेतरतीब वाहन खड़े रहते हैं। इस वजह से न केवल वाहन चालकों अपितु आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र के मनीष कुमार, राकेश कुमार, संतोष कुमार, तारो देवी, सुनीता, बबिता के अलावा समाजसेवी प्रियतोष व प्रकाश चंद ने कहा कि नादौन बस स्टैंड से मानपुल की ओर जाने वाली सड़क पर अक्सर बेतरतीब वाहन घंटों खड़े रहते हैं। इस वजह से जाम लगना आम बात हो गई है, फलस्वरूप लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

आज भी स्टेट बैंक के पास काफी समय तक जाम लगा रहा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि सड़क किनारे दोनों ओर खड़े रहते इन बेतरतीव वाहनों से उत्पन्न होने वाली समस्या से लोगों को निजात दिलाई जाए।

उपरोक्त बारे एसएचओ बाबू लाल शर्मा का कहना है कि नादौन शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए पुलिस हरसंभव प्रयास करती है।

पुलिस तैनात रहती है। जहां तक होशियारपुर रोड़ में वाधित हुई यातायात व्यवस्था की जानकारी नहीं है, फिर भी नियमों का उल्लंघन करने वालों व नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)




नादौन शहर में एसबीआई के पास नेशनल हाईवे पर लगा जाम।

# आईटीआई हमीरपुर में इंटरव्यू 24 को सभी ट्रेडों के अभ्यर्थी ले सकते हैं भाग

## चयनित युवाओं को अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के साथ मिलेंगे 11,600 रुपए

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

माइक्रो टर्नर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी 24 जुलाई को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर में सभी ट्रेड के आईटीआई डिप्लोमा धारक युवाओं के साक्षात्कार लेगी। संस्थान के प्रधानाचार्य सुभाष चंद शर्मा ने बताया कि वर्ष 2019 से 2024 तक के सत्रों में पास अभ्यर्थी इस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

उन्होंने बताया कि साक्षात्कार में कंपनी द्वारा चयनित उम्मीदवारों को राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) के अंतर्गत एक वर्ष के लिए अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग के दौरान उन्हें 11,600 रुपए स्टाइपेंड और 50 रुपए प्रति घंटा की दर से ओवरटाइम भत्ता दिया जाएगा। अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग में उम्मीदवारों की परफॉर्मेंस और कंपनी की जरूरत के आधार पर उन्हें कंपनी की पॉलिसी के अनुसार नियमित रोजगार दिया जाएगा। उम्मीदवार को उसकी परफॉर्मेंस, उपस्थिति और अच्छे व्यावहारिक कौशल के आधार पर दस प्रतिशत वेतनवृद्धि भी मिलेगी।

**अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग में अच्छी परफॉर्मेंस पर कंपनी में मिलेगा स्थायी रोजगार**

इसके अलावा कंपनी की ओर से विभिन्न भत्ते, कैंटीन और अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड तथा इनकी 3-3 फोटो प्रतियां और 5 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए आईटीआई हमीरपुर के दूरभाष नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

**मुश्किल** प्राइवेट बस ऑपरेटरों ने एसडीएम के माध्यम से सीएम को भेजा मांग पत्र

# महिलाओं को सरकारी बसों के किराये में छूट हो बंद

**ए कुमार, सुजानपुर**

व्यास प्राइवेट बस ऑपरेटर ट्रेड यूनियन सुजानपुर ने महिलाओं को किराए में दी जाने वाली 50 प्रतिशत की छूट को समाप्त किए जाने की मांग की है। व्यास प्राइवेट बस ऑपरेटर ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष भीम सिंह रांगड़ा की अगुवाई में बस ऑपरेटरों के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम सुजानपुर रोहित शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि प्राइवेट क्षेत्र में वे लोग अपनी बसें हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों में चला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकार द्वारा सरकारी बसों में महिलाओं को 50 प्रतिशत किराये में छूट देकर उनके काम को बहुत हानि पहुंचाई है क्योंकि समस्त महिला यात्री प्रदेश में चलने वाली हमारी बसों में यात्रा न कर सरकारी बसों में यात्रा करती हैं, क्योंकि निजी बसों की हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों के साथ प्रतिस्पर्धा है। उन्होंने बताया कि क्योंकि ज्यादातर महिला यात्री को रोजाना बसों में सफर करती हैं, वे सरकारी सेवा में कार्यरत हैं तथा किराया देने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए कई बार सरकार से लिखित व मौखित तौर पर अनुरोध किया गया है जिसे आज तक नहीं सुना गया। हिमाचल पथ परिवहन निगम को सरकार द्वारा कई प्रकार की सुविधाएं जैसे टैक्स में छूट व टोकन टैक्स, स्पेशल रोड टैक्स में छूट प्रदान की जा रही है, लेकिन निजी बस ऑपरेटर के लिए ऐसी सुविधाएं सरकार द्वारा नहीं दी जाती हैं।

प्राइवेट बसों में बेरोजगारों को रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि वे इस व्यवसाय को उपरोक्त परिस्थितियों के कारण बंद कर देते हैं तो उनके और अन्य कर्मचारियों के परिवारों को अपना परिवार का भरण पोषण करना असंभव हो जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त 50 प्रतिशत छूट की सुविधा को शीघ्र बंद कर दिया जाए ताकि उनका व्यवसाय बच सके और हम सरकार को टैक्स देकर प्रदेश की खुशहाली में हिस्सा बन सकें। (अनंत ज्ञान)



प्राइवेट बस ऑपरेटर सीएम को एसडीएम के माध्यम से मांग पत्र सौंपते हुए।

# अणु खुर्द में तीसरे दिन की जा रही पानी की आपूर्ति

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

शहर के साथ लगती ग्राम पंचायत अणु के गांव अणु खुर्द वार्ड नंबर एक में लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। अणु खुर्द गांव में 45 घरों में रहने वाले 150 लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि वे पानी की समस्या लेकर जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता के पास कई बार गए, लेकिन फिर भी कोई समाधान नहीं हुआ। लोगों में रम्मी कुमार, मदन भंडारी, विधि, सरवन कुमार, अजय कुमार, त्रिलोक चंद, संतोष चंद, मिलाप चंद, जगदीश चंद और विजय कुमार का कहना है कि जल शक्ति विभाग द्वारा जो पानी की सप्लाई दी जाती है, उसमें 15 से 20 मिनट तक पानी दिया जाता है।

बरसात का मौसम भी शुरू हो चुका है, लेकिन अभी भी पानी की सप्लाई से 15 मिनट पानी दिया जा रहा है, जिससे लोग पानी की समस्या से परेशान हैं। जल शक्ति विभाग के अधिकारियों की मानें तो अणु खुर्द गांव को कराड़ा पेयजल योजना से पानी की सप्लाई दी जा रही है। बरसात तो हुई है, लेकिन उतनी नहीं हुई, इसलिए गांव के लिए तीसरे दिन पानी की सप्लाई दी जा रही है।

विभाग का यह भी कहना है कि गर्मियों में भी इस पेयजल योजना से पानी की सप्लाई की जाती रही है। हालांकि कोट के पास सड़क बनाने का कार्य भी चला हुआ है जिससे पेयजल योजना की पाइपें कई बार क्षतिग्रस्त हुई हैं। कराड़ा पेयजल योजना का मुख्य टैंक सराहकड़ के पास बना हुआ है, जिससे गांव को सप्लाई दी जा रही है। इस बारे में जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता राकेश सोनी ने बताया कि मेरे पास ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है। उन्होंने बताया कि कराड़ा पेयजल योजना से तीसरे दिन पानी की सप्लाई दी जा रही है। उन्होंने बताया कि बरसात तो हुई है, लेकिन रिसोर्स पूरी तरह से रिचार्ज नहीं हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### मेले के मंच संचालन के लिए 26 को होंगे ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2024 के तहत आयोजित होने वाली आठ सांस्कृतिक संध्याओं में मंच संचालन के लिए ऑडिशन (स्वर परीक्षा) कमेटी का गठन किया गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं मेला अधिकारी अमित मैहरा ने बताया कि कमेटी 26 जुलाई को सांस्कृतिक संध्याओं में मंच संचालन के लिए ऑडिशन लेगी। उन्होंने कहा कि यह ऑडिशन राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा में होंगे। लोकायुक्त-न्यायमूर्ति चंद्र भूषण बारोवालिया ड़गोह पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम की करेंगे अध्यक्षता।

### चंद्र भूषण बारोवालिया 19 से रहेंगे चंबा प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** लोकायुक्त हिमाचल प्रदेश, न्यायमूर्ति चंद्र भूषण बारोवालिया 19 जुलाई से चंबा प्रवास पर रहेंगे। प्रवास कार्यक्रम को लेकर सहायक आयुक्त पीपी सिंह ने बताया कि लोकायुक्त 19 जुलाई को दोपहर तुणूहट्टी पहुंचेंगे तथा उनका रात्रि ठहराव विश्राम गृह तुणूहट्टी में रहेगा। लोकायुक्त 20 जुलाई को दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत ड़गोह में (तुणूहट्टी के समीप) आयोजित होने वाले जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उनका रात्रि ठहराव विश्राम गृह तुणूहट्टी में रहेगा। 21 जुलाई को लोकायुक्त सुबह चंडीगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सीमा कॉलेज में हुआ परिचय सभा का आयोजन

**दशमी रावत, रोहड़ू।** इग्नू अध्ययन केंद्र राजकीय महाविद्यालय सीमा रोहड़ू में परिचय सभा का आयोजन इग्नू अध्ययन केंद्र सीमा 1116 में किया गया। इस परिचय सभा का आयोजन ऑफलाइन माध्यम के तहत किया गया। इस सभा में उपस्थित जनवरी 2024 सत्र के छात्रों की विभिन्न समस्याओं का एक ही जगह पर निवारण किया गया। इस के अतिरिक्त विद्यार्थियों को आगामी इग्नू से संबंधित कार्यों से भी अवगत करवाया गया। परिचय सभा का आयोजन डॉ. राय सिंह इग्नू समन्वयक की अध्यक्षता में किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत सहित अन्य आचार्य एवं कर्मचारियों ने इस सभा को सफल बनाने में सहयोग दिया।(अनंत ज्ञान)

### केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर रोहड़ू में प्रदर्शन

**दशमी रावत, रोहड़ू।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन व राष्ट्रीय फेडरेशन के अह्वान पर केंद्र व राज्य सरकार की किसान व मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसमें किसान, बागवान, निर्माण व मनरेगा मजदूर आंगनवाड़ी वर्कर, मिड-डे मील वर्कर, आशा वर्कर, औद्योगिक क्षेत्र, सेहब कर्मचारी, रेहड़ी-फड़ी यूनियन व अन्य सभी भाग ले रहे थे, लेकिन इसमें ज्यादातर आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिड-डे मील वर्कर शामिल है। जो लोक निर्माण विभाग के रैस्ट हाउस के साथ एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय को नारेबाजी करते हुए पहुंचे। जिनकी संख्या लगभग 150 के करीब रही है। (अनंत ज्ञान)

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर हुआ जुर्माना

**अनिल शर्मा, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय मंडी के क्षेत्रीय अधिकारी विनय कुमार ने पंडोह क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने के लिए पंडोह बाजार में औचक निरीक्षण किया। विनय कुमार ने बताया कि इस दौरान पंडोह में 30 दुकानों के निरीक्षण किए गए। उन्होंने बताया कि दो दुकानों में 6 किलो 200 ग्राम प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया तथा संबंधित दुकानदारों के 14 हजार रुपए के चालान किए गए। इस अवसर पर उन्होंने व्यापारियों को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध बारे जागरूक भी किया। (अनंत ज्ञान)

### क्वार गांव में ऊन क्वार प्रशिक्षण कैंप आयोजित



**दशमी रावत, रोहड़ू।** वनमंडल रोहड़ू के सौजन्य से हिमकान शिमला द्वारा जायका प्रोजेक्ट के अंतर्गत डोडरा क्वार रैंज के क्वार गांव में 15 दिवसीय ऊन कताई का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। कार्यक्रम का समापन वीएफडीएस प्रधान शंकर चौहान ने किया। इस अवसर पर उपप्रधान विरेंद्र ठाकुर, हिमकान शिमला अमित शर्मा, टेलर सत्यदेव मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# कारगर साबित हो रही मनरेगा योजना: पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा**



विकास तथा रोजगार के दृष्टिगत मनरेगा योजना जनहित में कारगर साबित हो रही है मनरेगा के तहत एक ओर जहां अनेक विकास कार्य को अमली जामा पहनाया जा रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को उनके घर द्वार पर ही रोजगार हासिल हो रहा है।

यह बात विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय चुवाड़ी के सभागार में क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा के उपरांत प्रधानों उप प्रधानों तथा पंचायत सचिवों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि विकासखंड भटियात की 20 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत 605 विभिन्न विकास कार्यों के लिए 18 करोड़ 27 लाख 11 हजार 440 रुपए की राशि आवंटित की गई है। उन्होंने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा पंचायत सचिवों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों में सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्हें न्यूनतम समय अवधि में पूरा करना सुनिश्चित करें ताकि सही समय पर क्षेत्र वासियों को इन का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि पंचायत जन प्रतिनिधि मनरेगा से संबंधित विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा विकास कार्यों को पूरा करते हुए स्थानीय मनरेगा मजदूरों को रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान करें।

उन्होंने कहा सभी विभागीय अधिकारी बेहतरीन आपसी तालमेल के साथ कार्य करें ताकि ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य तेज गति के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि विकास कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें ताकि क्षेत्र वासियों को विकास कार्यों का दीर्घकालिक लाभ मिल सके।

इस अवसर पर भटियात ब्लाक कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व हिमाचल प्रदेश वन निगम के कृष्ण चंद, सुमन धीमान तहसीलदार भटियात के अतिरिक्त विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधान, उप प्रधान व पंचायत सचिव तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### 47002 मजदूरों को मिला रोजगार

विकास खंड भटियात में वर्ष 2024-25 के दौरान 28124 परिवारों के 47002 मजदूरों को 240218 कार्य दिवस रोजगार मिला है। वहीं विधानसभा अध्यक्ष ने चुवाड़ी स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह परिसर में देवदार का पौधा रोपित किया।

### विभिन्न विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए किए स्वीकृत

मनरेगा के तहत विकास खंड भटियात की ग्राम पंचायत बगडार, बैली, बलेरा, चलामा, चुहन,धलोग,गडाना, घटासनी, जियूंता, ककीरा जरेई, ककीरा कसवा, कुडडी, मेल, मोरनू, नगोली, नैनीखड, समलेऊ, सुदली, तारागढ़ तथा तुनुहट्टी सहित 20 ग्राम पंचायतों में 18 करोड़ 27 लाख 11 हजार 440 रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि ग्राम पंचायत बगडार में 24 विकास कार्यों के लिए 61,57923 रुपए, ग्राम पंचायत बैली में 25 विकास कार्यों के लिए 97,14004 रुपए, ग्राम पंचायत बलेरा में 57 विकास कार्यों के लिए 1,75,16375 रुपए, ग्राम पंचायत चलामा में 16 के लिए 20,25488 रुपए, ग्राम पंचायत चुहन में 15 के लिए 70,71318 रुपए, ग्राम पंचायत ढलोग में 27 के लिए 1,04,61756 रुपए, ग्राम पंचायत गडाना में 30 के लिए 89,81492 रुपए, ग्राम पंचायत घटासनी में 56 को 1,20,18277 रुपए, ग्राम पंचायत जियूंता में 32 को 89,60817 रुपए, ग्राम पंचायत ककीरा जरेई में 43 विकास कार्यों के लिए 1,31,36360 रुपए, ग्राम पंचायत ककीरा कसवा में 22 के लिए 32,46547 रुपए, ग्राम पंचायत कुडडी में 32 के लिए विकास कार्यों के लिए 70,25111 रुपए, ग्राम पंचायत मेल में 23 के लिए 78,28128 रुपए, ग्राम पंचायत मोरनू में 31 को 69,21685 रुपए, ग्राम पंचायत नगोली में 32 को 1,22,16991 रुपए, ग्राम पंचायत नैनीखड में 30 को 1,22,79206 रुपए, ग्राम पंचायत समलेऊ में 29 के लिए 1,18,90672 रुपए, ग्राम पंचायत सुदली में 23 को 53,01434 रुपए, ग्राम पंचायत तारागढ़ में 24 विकास कार्यों के लिए 89,90330 रुपए तथा ग्राम पंचायत तुनुहट्टी में 34 विकास कार्यों के लिए 1,08,67526 रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

# मणिमहेश यात्रा जोरों पर, विभाग नहीं सुधार पाया नेशनल हाईवे



खस्ताहालत सड़क का दृश्य।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

उत्तर भारत की सुप्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा तैयारियां जोरों पर हैं लेकिन नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया अभी तक इस सड़क की दशा नहीं सुधर पाया है। बग्गा से लेकर भरमौर तक जगह-जगह पर रेत बजरी व पत्थर के बड़े-बड़े ढेर विभाग द्वारा लगाए गए हैं जो हर वक्त हादसों को न्योता दे रहे हैं। विभाग की लापरवाही के कारण अब तक दर्जनों दोपहियां वाहन इस सड़क में दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं।

हालांकि निचले क्षेत्रों में गर्मी होने के चलते पहाड़ी क्षेत्र की ओर देश-विदेश से पर्यटकों की आवाजाही शुरू हो गई है लेकिन यहां पर एनएच विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली पर सभी पर्यटक व लोग कई सवालियां निशान उठा रहे हैं। हालांकि यहां पर जनजातिय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने मणिमहेश तैयारी को लेकर विभाग को तुरंत से तुरंत सड़क की दशा ठीक करने के निर्देश दिए थे। हालांकि सड़क की दशा को लेकर शिमला में भी मीटिंग हो चुकी है। मणिमहेश की तैयारी को लेकर भरमौर में हुई मीटिंग में भी एनएच विभाग को प्रशासन ने जल्द से जल्द रोड की दशा सुधारने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके अभी तक विभाग इस सड़क की मुरम्मत नहीं कर पाया है। जगह-जगह कच्ची सड़क वह उड़ती धूल आम वाहन चालकों के लिए आफत बन गई है। तो वहीं पर जगह-जगह फेंकी की रेत बजरी व पत्थर यहां पर दुर्घटना का कारण बनते जा रहे हैं। गौरतलब है मणिमहेश यात्रा के दौरान यहां पर लाखों श्रद्धालु भरमौर जाते हैं ।

सहायक अभियंता राष्ट्रीय उच्च मार्ग धर्मचंद ने कहा है की मणिमहेश यात्रा से पहले पहले पैच वर्क कार्य शुरू कर दिया गया है।

# खाली करवाएं जाएंगे मिंजर मेला व्यापारिक गतिविधि स्थल

**एमएम डैनियल, चंबा**

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले व्यापारिक गतिविधियों एवं उनके समापन की रूप रेखा जिला प्रशासन चंबा एवं मिंजर मेला तहबाजारी कमेटी ने इस बार पहले ही निर्धारित करने सहित मेले मैदान ठेकेदारों को अनुबंध करार सहित सूचना जारी कर दी है। जिसमें स्पष्ट शब्दों में दुकानों को लगाने व हटाने की तिथियों के घोषित करने व उस पर की जाने वाली कार्रवाई को स्पष्ट कर दिया है।

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 28 जुलाई से मेला अधिकारिक तौर पर शुरू होगा। चौगान नंबर एक सहित अन्य चौगान में मार्केट सजनी शुरू हो जाएगी। वहीं 9 अगस्त तक पूरा दिन कारोबार चलेगा। इसके बाद शाम को बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा और 10 व 11 अगस्त तक चौगान से अस्थायी मार्केट को हटा दिया जाएगा।

चौगान नंबर की साफ-सफाई एवं रिपेयर का कार्य किया जाएगा। जिसकी वजह 15 अगस्त को होने वाले स्वतंत्रता समारोह के लिए ऐतिहासिक चौगान मैदान किया जाएगा। प्रशासन की ओर से इस तरह के निर्देश जारी करने का मकसद कारोबारियों को समय रहते मैदान को खाली करवाना है। कला केंद्र के समीप और ऐतिहासिक चौगान के मध्य में डोम लगाया जाता है।

# अनिरुद्ध ने चुराग में विकास कार्यालय की रखी आधारशिला

**पीयूष शर्मा, करसोग**



आधारशिला रखते अनिरुद्ध सिंह व साथ हैं अन्य।

देवता दानवीर कर्ण श्री मूल माहूंनाग बखारी कोठी का दो दिवसीय जन्मोत्सव धूमधाम से संपन्न हो गया। समापन समारोह में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

इस अवसर पर उन्होंने देवता दानवीर कर्ण श्री मूल माहूंनाग की पूजा अर्चना कर देवता का आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ने करसोग के चुराग में 4.52 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले खंड विकास कार्यालय चुराग की आधारशिला भी रखी।

पहली बार मूल माहूंनाग मंदिर पहुंचे ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि देवता के आशीर्वाद और कृपा दृष्टि से आज यहां आना हुआ है।

उन्होंने कहा ग्राम पंचायतों में एक करोड़ 14 लाख से पंचायत घर बनाए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा अब तक लगभग 47 करोड़ रुपए की राशि प्रदेश में पंचायतों को पंचायत घर निर्माण के लिए उपलब्ध करवाई जा चुकी हैं। उन्होंने पंचायत भवन माहूंनाग निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, खेल मैदान के निर्माण के लिए 15 लाख रुपए और मंदिर समिति को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की। चुराग पंचायत में गेस्ट हाउस निर्माण करने के लिए उचित धन राशि उपलब्ध करवाने का भी आश्वासन दिया। इसके अलावा, चुराग में महिला मंडल को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए 10 हजार रुपए देने की भी घोषणा की। (अनंत ज्ञान)

# जहरीली दवाई से किया पूरा खेत बर्बाद

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** बड़सर की टिप्पर पंचायत मे जमीनी विवाद के चलते एक पड़ोसी द्वारा बिजी गई फसल पर स्प्रे कर फसल बर्बाद करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला द्वारा बड़सर पुलिस में शिकायत के साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत की गई है। कमला देवी ने परविंद्र नामक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवाई है, की उसके पड़ोसी ने उसके खेत में जहरीली दवाई का स्प्रे किया है, जिस कारण उनकी मक्की की फ़सल को भारी नुकसान हुआ है, वहीं उन्हें आर्थिक हानि के साथ साथ मानसिक प्रताड़ना का भी सामना करना पड़ रहा है ।पुलिस ने महिला की शिकायत दर्ज कर ली है।(अनंत ज्ञान)

# दो सीटों की जीत से प्रदेश सरकार मजबूत हुई: ब्रह्मदास

**अनिल शर्मा, मंडी**



पवन ठाकुर और ब्रह्मदास चौहान के साथ अन्य लोग विजयी चिन्ह के साथ।

हिमाचल प्रदेश की तीन विधानसभा चुनावों में होने वाले उपचुनावों में कांग्रेस के दो प्रत्याशी की जीत पर कांग्रेस में खुशी की लहर है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने कहा कि देहरा और नालागढ़ की जीत से कांग्रेस सरकार और भी मजबूत हो गई है, जबकि ऑपरेशन लोटस का सपना देखने वाले भाजपा के दिग्गज धराशाही हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव भाजपा ने प्रदेश पर थोपा था।

आज जनता ने अपना जवाब दे दिया है, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू का राजनीतिक कद और भी बढ़ गया है। यह सब उनकी दूरदर्शी रणनीति से ही हुआ है। इस जीत में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की पत्नी ने देहरा की सीट को जीतकर दोहरा इतिहास बनाया है, क्योंकि वह देहरा से जीतने वाली पहली कांग्रेस की उम्मीदवार बनी है। दूसरी तरफ प्रदेश विधानसभा में पहली बार पति पत्नी एक साथ विधानसभा में अपनी हाजरी दर्ज करवाएंगे।

उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रदेश की छह विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने चार जगहों पर विजयी हुई थी और अब तीन सीटों पर उपचुनावों में एकबार फिर कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी दो सीट पर विजयी हुए है।

उन्होंने कहा कि यह सब प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की जनहितैषी और जनकल्याणकारी नीतियों का नतीजा है। मुख्यमंत्री सुक्खू के कुशल नेतृत्व व मार्ग दर्शन में पूरे हिमाचल में हर क्षेत्र में एक समान समग्र विकास हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू को इस ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

# मंडी में तीन दिवसीय नामधारी नौजवान प्रशिक्षण शिविर शुरू

**अनिल शर्मा, मंडी**

तीन दिवसीय नामधारी नौजवान प्रशिक्षण शिविर 18 से 20 जुलाई तक मंडी नामधारी संगत ट्रस्ट राम नगर मंडी गुरुद्वारा हिमाचल प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य नामधारी पंथ के युवाओं के व्यक्तित्व और कौशल में सुधार करना है और उन्हें एक टीम के रूप में एकजुट करना है। वीरवार को नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा द्वारा विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शुभारंभ समारोह में पार्षद वीरेंद्र सिंह आर्य ने भी शिरकत की। शिविर के इस शुभारंभ के मौके पर नगर निगम के पार्षद हरदीप सिंह राजा ने महापौर का नामधारी संगत मंडी की तरफ से स्वागत किया।



नामधारी नौजवान प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ दौरान मुख्यातिथि सामूहिक चित्र में।

# शोधकर्ताओं ने की सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए सबसे टिकाऊ विकल्पों की पहचान

**अनिल शर्मा, मंडी**



शोधार्थी।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी के शोधकर्ताओं ने भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए सबसे टिकाऊ और लाभदायक विकल्पों की पहचान करने के लिए पांच सौर सेल प्रौद्योगिकियों का एक व्यापक जीवन चक्र मूल्यांकन (एलसीए) किया है। यह शोध भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप कुशल और पर्यावरण के अनुकूल सौर ऊर्जा प्रणालियों की महत्वपूर्ण आवश्यकता को संबोधित करता है। यह अग्रणी अध्ययन आईआईटी मंडी के स्कूल ऑफ मैकेनिकल एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अतुल धर और डॉ. सत्वशील रमेश पोवार और डॉ. श्वेता सिंह द्वारा सह-लिखित, प्रतिष्ठित जर्नल ऑफ पर्यावरण प्रबंधन में प्रकाशित हुआ है। यह अध्ययन भारत में सौर प्रौद्योगिकियों के पर्यावरणीय प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए निवेशकों और नीति निर्माताओं के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। भारत में प्रभावी सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने के लिए विभिन्न सौर प्रौद्योगिकियों के लाभ और हानि को समझना महत्वपूर्ण है। अन्य महत्वपूर्ण प्रभाव श्रेणियां, जैसे कि मानव विषाक्तता और ओजोन क्षरण, अक्सर अनदेखा कर दिए जाते हैं और बहुत से अध्ययनों ने भारतीय परिस्थितियों में इन प्रौद्योगिकियों का मूल्यांकन नहीं किया है।

प्रोफेसर डॉ. अतुल धर ने कहा कि हमारा अध्ययन भारतीय बाजार में प्रमुख सौर पी.वी. प्रौद्योगिकियों का विस्तृत पर्यावरणीय विश्लेषण प्रदान करता है। (अनंत ज्ञान)

### सूडोकु 00130 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00129 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

19 जुलाई, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** त्रयादशी: (7:43) : **नक्षत्र :** मूल (2:55), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** एन्द्र (2:40) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59-12:54), **राहुकाल** (10:44 -12:27 ।

### विशेष दिन

» 19 जुलाई 2024 : जया पार्वती व्रत आज।

» 19 जुलाई 2024 : प्रदोष व्रत आज।

**मेष:** कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं पर उपाय करके घर से निकलें तो लाभ होगा। विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त होगा। मनोरंजन कार्य पर खर्च हो सकता है।

**वृषभ:** वाद-विवाद में न पड़ें अन्यथा विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें, सुनी-सुनाई बात पर विश्वास न करें।

**मिथुन:** पूरा दिन मंगलमय बीतेगा। मेहनत के अनुपात में शुभ लाभ अवश्य प्राप्त होगा। पराक्रम में वृद्धि होगी और आज आपका मनोबल बढ़ेगा।

**कर्क:** आज धन प्राप्ति के विशेष योग बन रहे हैं। धन निवेश से लाभ होगा। आज किसी को उधार न दें, परिवार के सदस्यों से मेलजोल बढ़ाना लाभकारी रहेगा।

**सिंह:** ऑफिस में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा, जिससे उत्साह बना रहेगा। प्रयास अथवा स्वयं कोशिश करने से प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी।

**कन्या:** कार्यों में बाधाएं, व्यर्थ की यात्रा भी हो सकती है, सोच-समझकर ही कार्य-व्यवहार करें। शरीर में थकान और आलस्य रहने से कार्य करने में उत्साह नहीं होगा।

**तुला:** आज विशेष लाभ मिलेगा, जिससे बिजनस संबंधित कार्य पूर्ण होंगे। निवेश में लाभ होगा। आज आपका चित्त प्रसन्न रहेगा और प्रिय व्यक्ति से मुलाकात होगी।

**वृश्चिक:** पूरे दिन कार्य की व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान और यश में वृद्धि होगी। सफलता एवं नई योजना भरा दिन आपको मिलेगा। सुख के साधन बढ़ेंगे।

**धनु :** भाग्य आज आपका साथ देगा और आज आध्यात्मिक सुख एवं शांति का वातावरण बना रहेगा। आज आपके विरोधी परास्त होंगे।

**मकर:** आज कहीं भी जाएं सतर्क रहें, वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। जरा सी लापरवाही आपको नुकसान पहुंचा सकती है।

**कुंभ:** प्रिय व्यक्ति का साथ मिलेगा और आप शेयर में निवेश भी कर सकते हैं। अगर कोई नया कार्य या रोजगार आदि शुरू करने की सोच रहे हैं तो अवश्य करें।

**मीन:** शत्रु बलहीन रहेंगे और आय में वृद्धि होगी। मौज-शौक और घूमने-फिरने के पीछे खर्च हो सकता है। लंबी यात्रा होगी। विदेश से शुभ समाचार मिलेगा।

# सैनिकों के सम्मान में शौर्य दीवार का होगा निर्माण

**अनंत ज्ञान, मंडी**

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गत बैठक की समीक्षा की गई, जिनमें कोटली में सैनिक समुदाय भवन, सैनिक सदन रिवालसर, बल्ह, करसोग, चच्योट, जंजैहली में शहीद नायक किशोरी लाल तथा बल्ह के टांवा में शहीद सिपाही टेक चंद के स्टैच्यू लगाने बारे चर्चा की गई।

उपायुक्त ने बैठक में सदनों के निर्माण मामलों पर चर्चा करते हुए सैनिक कल्याण बोर्ड के उप-निदेशक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि इन मामलों को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि सैनिक लीग की मांग पर मंडी के संकन गार्डन में स्थित शहीद स्मारक में सैनिकों के सम्मान में एक अतिरिक्त शौर्य दीवार का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने एसडीएम तथा सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक को इसका प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए ताकि जिला के सभी शहीदों के नाम इस पर अंकित किए जा सके। इसके अतिरिक्त बैठक में सैनिकों के लिए चल रहे पॉलीक्लीनिक, कंटीन तथा सैनिक से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद, आईएएस प्रोबेशनर चंद्र प्रकाश, उप-निदेशक, सैनिक कल्याण विभाग लेफ्टिनेंट कर्नल गोपाल चन्द गुलेरिया, जिला योजना अधिकारी हरीश कुमार, सैनिक लीग के पदाधिकारियों के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनडीआरएफ टीम ने आपदा मित्रों को दिया प्रशिक्षण

**एमएम डैनियल, चंबा**

आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत बलजिंदर सिंह 'सेनानी' 14वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के दिशा निर्देशन में चंबा जिला के विभिन्न क्षेत्रों से आए आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया गया।

14वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की अनुभवी टीम की अगुवाई निरीक्षक सुशील वर्मा द्वारा की जा रही है। इस प्रशिक्षण को उप निरीक्षक अमित कुमार तथा सहायक प्रशिक्षक सिपाही/जीडी उग्रसेन कुमार, विनोद कुमार, दीपक कुमार तथा पुष्कर राम द्वारा विभिन्न प्रकार की जानकारियां एवं बचाव के तरीके बताए गए । आज की प्रशिक्षण के दौरान बेसिक लाइफ स्पोर्ट, सीपीआर, सहित आपदा, व अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। (अनंत ज्ञान)

## फ्लैशबैक: काली/खूनी मिंजर के नाम से भी विख्यात है ऐतिहासिक मिंजर मेला पर्व

# 1998 की आतंकी घटना चंबा में पुरानी एक परंपरा को निगल चुकी

**एमएम डैनियल,चंबा**

ऐतिहासिक मिंजर मेला काली/खूनी मिंजर के नाम से विख्यात हो चुका है। हालांकि यह आतंकी घटना ऐतिहासिक मिंजर मेला पर्व के दौरान चंबा-जेएंडके सीमा कालावन-सतरूंढ़ी में घटित हुई थी। लेकिन मिंजर दौरान इस घटना में मारे गए लोगों की वारदात ने इसे खूनी मिंजर के नाम से विख्यात कर दिया। वहीं दुर्गम घटी पांगी में एक दिन में पहुंचने वाली रियासतकाल से चली आ रही डाकसेवा भी सालों-साल पुरानी एक परंपरा को भी निगलने में कोई कसर शेष न छोड़ी। गौर हो कि 2 अगस्त वर्ष 1998 में जहां पूरा चंबा ऐतिहासिक मिंजर मेले के पर्व का मना रहा था। वहीं चंबा-जेएंडके सीमा कालावन-सतरूंढ़ी क्षेत्र में आंतकवादियों ने स्थानीय 5 लोगों को जहां मौत के घाट उतार दिया। जबकि 6 अन्य लोगों को अपने साथ बंधी बनाकर साथ ले गए। जिसमें डाक विभाग चंबा के दो कर्मचारी भी मौजूद थे।

घटना के बाद डाक विभाग ने रास्ते बदल लिए और परंपरा भी टूट गई। वहीं दूसरी ओर मिंजर मेले की खुशी मातम में तब्दील होने सहित मेले को स्थगित कर दिया गया। जब भी मिंजर मेला पर्व आता है वैसे ही 5 मृतक लोगों की यादे आतंकी घटना व उस नरंस्हार को लेकर ताजा हो जाती है। हालांकि इस घटना को घटित हुए वर्तमान समय में करीब 25 वर्ष का समय गुजरने को आ गया है। लेकिन वित्त वर्ष मनोहर युवक हत्याकांड ने आंतकी साए को भूल चुके पीड़ित परिवारों की जुबांन पर एक बार फिर वह घटनाक्रम ला दिया है।(अनंत ज्ञान)

### क्या हुआ था वर्ष 1998 में

**बैरागढ़** से सतरूंढ़ी होते किलाड़ तक मार्ग निर्माण का कार्य चल रहा था। जिसमें करीब 26 मजदूर कार्य में जुटे हुए थे। वहीं पड़ोसी राज्य में सुरक्षा बल की आतंकियों के खिलाफ सक्रिय अभियान को देखते हुए कुछ आतंकी कालावन-सतरूंढ़ी क्षेत्र में दाखिल हो गए। जिन्होंने कुछ स्थानीय लोगों की मदद से जहां अपनी दिनचर्या आरंभ की। वहीं अपनी आर्थिकी जरूरत को पूर्ण करने के लिए सड़क निर्माण के ठेकेदार से लाखों रुपए की राशि की डिमांड भेजी। लेकिन आतंकियों के खौफ से अंजान ठेकेदार द्वारा आतंकवादियों की डिमांड को अनदेखा कर दिया। जिसके पश्चात 2 अगस्त वर्ष 1998 की देरात्रि को ठेकेदार के 5 मजदूरों को बंदूक की नौक पर अगवाह करने सहित कालावन नामक क्षेत्र में एक साथ खड़ा कर मौत की नींद सुला दिया। जिनमें 26 मजदूर और नौ अन्य स्थानीय ग्रामीण शामिल थे। जिसमें पांगी वासी एक महिला के गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी बच गई और इस नरसंहार का खुलासा हो पाया। जबकि अपने साथ असर-सामान उठाने के लिए 6 अन्य लोगों को बंधी बनाकर ले गए। जिसमें से एक व्यक्ति को उन्होंने रिहा कर दिया। लेकिन मिंजर मेले का वह कालाध्याय आज जिला चंबा के लोगों को स्मरण है।

**बाहर** से खुद को बदलने से अच्छा है कि आप सकारात्मक रूप से अंदर से खुद को बदलें। यही असली बदलाव होगा। **-दलाई लामा**

## संपादकीय

# नशे से हो रहा नाश

हिमाचल में नशे का फैलता तिलिस्म चिंता का सबब गया है। युवा पीढ़ी नशे की लत में जकड़ती जा रही है। हमीरपुर के बड़सर में सरकारी स्कूल के बाथरूम में ड्रग इंजेक्शन लेने के मामले ने सबको हैरान कर दिया है। हमीरपुर जिला नशे का हब बन गया है। स्कूलों और कॉलेजों के बाहर नशे का सामान आसानी से उपलब्ध हो जाता है। पिछले साल एनआईटी हमीरपुर में एमटेक के एक छात्र की नशे की ओवरडोज से मौत हो गई थी। कुछ महीने पहले हमीरपुर के एक गांव का प्रेमी जोड़ा चिट्टे का नशा करते पकड़ा गया था। यही नहीं, शहर का एक और छात्र ड्रग इंजेक्शन की लत में पड़ गया। नशा देश और समाज के लिए बेहद खतरनाक है और इस पर लगाम लगाना जरूरी है। ड्रग इंजेक्शन के चलन ने युवाओं की नशों को जगह-जगह से छलनी कर दिया है।

शरीर का शायद ही कोई ऐसा हिस्सा हो, जिसमें ड्रग इंजेक्ट नहीं किया जाता। सवाल यह है कि नशीली दवाओं की उपलब्धता पर पुलिस प्रशासन आखिर लगाम क्यों नहीं लगा पा रहा है? क्या इसमें पुलिस की मिलीभगत है? लोगों के जहन में ये सवाल बार-बार उठते हैं, लेकिन उनके जवाब किसी के पास नहीं हैं। ड्रग इंजेक्शन के कई नुकसान होते हैं। नशीली दवाओं के इंजेक्शन से शारीरिक निर्भरता और लत लग जाती है। स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाता है। सुइयों को साझा करने या बिना कीटाणु रहित उपकरणों का उपयोग करने से एचआईवी, हेपेटाइटिस और फोड़े जैसी रक्त-जनित बीमारियां फैलती हैं। संक्रमण का खतरा अलग से बना रहता है। दवाओं का इंजेक्शन लगाने से त्वचा खराब हो जाती है तथा रक्त विषाक्तता बढ़ जाती है। कई बार ओवरडोज जीवन पर भारी पड़ जाती है तथा कई मामलों में जान तक चली जाती है। सामाजिक और रिश्तों की समस्याएं अलग तरह का मसला है।

नशीली दवाओं का उपयोग निश्चित रूप से रिश्तों, काम और सामाजिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। ये नशे महंगे होते हैं, जिससे कई तरह की वित्तीय समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। जब नशे के लिए पैसे खत्म हो जाते हैं तो संबंधित व्यक्ति अपराध पर उतारु हो जाता है और छोटी-मोटी छीना झपटी पर आश्रित हो जाता है। यहां तक कि वह किसी को शारीरिक हानि भी पहुंचा देता है। नशीली दवाओं को रखने या वितरित करने पर कानूनी परिणाम हो सकते हैं, जिनसे छुटकारा पाना आसान नहीं होता। ऐसा नहीं है कि नशे पर काबू नहीं पाया जा सकता। अगर थोड़ी हिम्मत की जाए तो इस नामुराद बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। नशे की आदत से बचने के लिए सबसे पहले तो सहायता लें। यदि लत से जूझ रहे हैं, तो किसी चिकित्सा पेशेवर, चिकित्सक या सहायता समूह से संपर्क करें। नशीली दवाओं के उपयोग से जुड़े जोखिमों के बारे में खुद को शिक्षित करें। उन गतिविधियों में संलग्न रहें, जो भलाई को बढ़ावा देती हैं, जैसे व्यायाम, शौक या रचनात्मक गतिविधियां आदि। अपने आप को सकारात्मक प्रभावों के सांचे में ढालें। उन अंतर्निहित मानसिक स्वास्थ्य चिंताओं या आघात की पहचान करें और उनका समाधान करें, जो नशीली दवाओं के उपयोग में योगदान कर सकते हैं।

आत्म-देखभाल का अभ्यास करें। पर्याप्त नींद लें, संतुलित आहार लें और तनाव कम करने वाली गतिविधियों में शामिल होकर अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। यदि लत से जूझ रहे हैं, तो पुनर्वास केंद्र या लत विशेषज्ञ से मदद लेने पर विचार करें। याद रखें, नशीली दवाओं के इंजेक्शन से बचने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जो शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक पहलुओं पर आधारित होता है। यदि आप या आपका कोई परिचित नशे की लत से जूझ रहा है, तो तुरंत मदद लें। नशे पर नकेल कसना समय की मांग है, लेकिन यह तभी संभव है, जब सभी ईमानदार प्रयास करेंगे, खासकर पुलिस प्रशासन। पुलिस का नाम इसलिए भी बदनाम है कि लोगों में यह चर्चा आम रहती है कि नशे का नेटवर्क पुलिस की सहायता के बिना कभी आगे बढ़ ही नहीं सकता। पुलिस पर ड्रग पैडलरों को संरक्षण देने तथा रिश्वतखोरी के आरोप लगते हैं। यह सरकार ही नहीं, पुलिस विभाग के लिए भी दुखद स्थिति होती है कि बाड़ ही खेत को खाने लग जाती है। पुलिस को अपनी छवि सुधारने के लिए कड़ी कार्रवाई कर नशे के सौदागरों को बेनकाब करना होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के अग्रणी योद्धाओं में से एक

**मंगल** पांडे अथवा मंगल पांडेय का नाम 'भारतीय स्वाधीनता संग्राम' में अग्रणी योद्धाओं के रूप में लिया जाता है, जिनके द्वारा भड़काई गई क्रांति की ज्वाला से अंग्रेज ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन बुरी तरह हिल गया था। मंगल पांडे की शहादत ने भारत में पहली क्रांति के बीज बोए थे। ब्रह्मदेश (बर्मा 6 वर्तमान म्यांमार 8) पर विजय तथा सिख युद्ध की समाप्ति के पश्चात अंग्रेजों ने भारतवर्ष पर निष्कंटक राज्य करने के सपने देखे होंगे, पर उन्हें क्या पता था कि सन 1857 का वर्ष उनकी आशाओं पर तुषारपात का वर्ष सिद्ध होगा। क्रांतिकारी मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई, 1827 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नगवा गांव में हुआ था। कुछ संदर्भों में इनका जन्म स्थल फैजाबाद जिले की अकबरपुर तहसील के सुरहुरपुर ग्राम में बताया गया है। 'मारो फिरंगी को' यह प्रसिद्ध नारा भारत की स्वाधीनता के लिए सर्वप्रथम आवाज उठाने वाले क्रांतिकारी मंगल पांडे की जुबां से 1857 की क्रांति के समय निकला था। भारत की आजादी के लिए क्रांति का आगाज 31 मई, 1857 को होना तय हुआ था, परंतु यह दो माह पूर्व 29 मार्च, 1857 को ही आरंभ हो गई। मंगल पांडे को आजादी का सर्वप्रथम क्रांतिकारी माना जाता है। 'फिरंगी' अर्थात 'अंग्रेज' या ब्रिटिश जो उस समय देश को गुलाम बनाए हुए थे, को क्रांतिकारियों व भारतीयों द्वारा फिरंगी नाम से पुकारा जाता था। गुलाम जनता तथा सैनिकों के हृदय में क्रांति की जल रही आग को धधकाने के लिए व लड़कर आजादी लेने की इच्छा को दर्शाने के लिए यह नारा मंगल पांडे द्वारा गुंजाया गया था। ■



**मंगल पांडे**
**जन्म :** 19 जुलाई, 1827
**मृत्यु :** 8 अप्रैल, 1857

## अपनी बात

**हिमाचल** में मानसून सीजन शुरू हो चुका है। प्रदेश में मानसून के दस्तक देते ही दुश्वारियों का दौर भी शुरू हो जाएगा और लोगों में नुकसान को लेकर भय फिर उत्पन्न हो जाएगा। लगातार बारिशों का दौर शुरू होने से कई जगह बाढ़ आएगी और भू-स्खलन होगा। सड़कें अवरुद्ध हो जाएंगी। सबसे बड़ा सवाल यही है कि इन परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रदेश सरकार कितनी तैयार है? राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से आपातकालीन स्थितियों से निपटने का अभ्यास कर चुका है। लोक निर्माण विभाग भी तैयार है। लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह दावा कर रहे हैं कि सरकार मानसून के मौसम में किसी भी आपदा जैसी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। सरकार ने पिछले साल की आपदा से सबक लिया है और अगर ऐसी स्थिति फिर से आती है, तो वह इससे निपट लेगी। अब यह तो बरसात खत्म होने के बाद ही पता चल पाएगा। **-सुरजीत, मंडी**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# ऑफिस पॉलिटिक्स ' उभरते आत्मविश्वास व लक्ष्य प्राप्ति में बाधा

हमारे बड़े-बुजुर्गों ने हमें सिखाया है कि किसी भी कामकाजी व्यक्ति के हमेशा दो परिवार होते हैं। एक वह जिससे उसके खानदान के सदस्यों से उसकी पहचान होती है और दूसरा, जहां वह अपनी एक अलग व नवीन पहचान बनाने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। दोनों परिवारों की प्रगति में उस कामकाजी व्यक्ति विशेष की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि वह दोनों परिवारों के लिए लगभग बराबर का समय अर्पित करता है। एक तरफ जहां अपने पहले परिवार के प्रति मूलभूत सुविधाओं को मुहैया करवाना उसकी प्राथमिकता रहती है। वहीं दूसरी ओर उसकी वरीयता, कार्यों के प्रति अपना उत्तरदायित्व, गतिशील व सकारात्मकत भावों के समन्वय से लक्ष्यों को प्राप्त करने में रहती है।

खैर, प्रकाश यहां कामकाजी व्यक्तियों के दो परिवारों और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर डाला जा रहा है, जिसमें पहले परिवार की प्रगति के लिए तो कोई भी व्यक्ति विशेष स्वयं निजी तौर पर स्वतंत्र है, जिसकी परिभाषा आज भी दार्शनिक है। परंतु दूसरे परिवार का परिदृश्य क्या आज भी समर्थन में है ? या यह ' परिवार' 'जो बीत गई सो बात गई' का कथन मात्र बन कर रह गया है? कहना अनुचित नहीं होगा कि एक कामकाजी व्यक्ति विशेष के लिए आज का उसका यह दूसरा परिवार राजनीतिक सुगबुगाहट का शिकार होता जा रहा है। और यह सत्य है कि जब अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किसी संस्थान या कार्यालय का राजनीतिकरण होने लगे तब उचित व्यवस्थित संसाधनों के होते हुए भी, वह संस्थान अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में समर्थता नहीं जुटा सकता। जी हां, हम बात कर रहे हैं 'ऑफिस पॉलिटिक्स' की, जिसकी जद में आने से आज मुश्किल से ही कोई संस्थान बचा हो; फिर चाहे वह सरकारी संस्थान हो अथवा गैर सरकारी। किसी भी संस्थान में कार्यरत अपने ही सहकर्मियों द्वारा बिछाया जाने वाला 'ऑफिस पॉलिटिक्स ' एक ऐसा जाल है, जिसमें यदि कोई कर्मचारी फंस जाए, तो संभवत: उस कर्मचारी की आजीविका तक दांव पर लग सकती है। यह एक गंभीर विषय है जिसका सरासर असर कर्मचारी के मानसिक स्वास्थ्य व उसके आत्मविश्वास पर पड़ता है, जिस कारण कई बार उसे नौकरी तक गंवानी पड़ जाती है।



**लेखक : शिवालिक अवस्थी**
शीला चौक, धर्मशाला

एक ओर, जहां हम ऑफिस पॉलिटिक्स से कर्मचारी के मानसिक जकड़न की बात कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर इसका सीधा असर संस्थान के उल्लेखनीय कार्यों पर भी पड़ता है। आज लगभग हर संस्थान में कर्मचारियों के गुट बने हुए हैं, मानो यह कोई संस्थान नहीं अपितु राजनीति का अखाड़ा हों। और तो और अधिकारीगण भी ऐसी गुटबाजी से अछूते नहीं हैं। ऐसे में यदि कोई कर्मचारी, अपने अधिकारी के अलावा किसी अन्य अधिकारी से कुछ बात क्या कर ले, उसे तो उसके गुट का समझा जाने लगता है। मानो, उस कर्मचारी के ऐसा करने पर, उसके अधिकारी की साख पर सीधा प्रहार हुआ हो। यही हाल कहीं न कहीं कर्मचारियों का भी है। अपने निजी स्वार्थों के चलते, राजनीतिक खेल खेलकर अपने ही दूसरे परिवार रूपी कार्यालय को अलग-थलग करना, कहां की निष्ठा है? अपने ही सहकर्मियों का आत्मविश्वास कमजोर करना, यह कैसी अखंडता है? वास्तविक प्रचलन क्या है? आइये इसको समझने का प्रयास करते हैं।

ज्यादातर संस्थानों में, कुछ कर्मचारी राजनीति में अपनी पहुंच का दुरुपयोग करके अन्य कर्मचारियों को हमेशा अपने अधीन समझने लगते हैं। और कई जगह तो अधिकारी भी ऐसे छुटपुट नेताओं के आगे नतमस्तक होकर उन्हें अपने कर्तव्यों से विमुख होता देख, उनकी हरकतों को नजरअंदाज कर दिया करते हैं। और जो कर्मचारी इन छुटपुट नेताओं की इच्छानुसार कार्य नहीं करते, उनकी गतिविधियों को समर्थन नहीं देते, उन्हें कई बार राजनीतिक चुनौतियों का शिकार भी होना पड़ता है। जो कर्मचारी पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है, उसे वह मनोबल प्रदान ही नहीं किया जाता, जिसका वह कर्मचारी सही मायने में हकदार होता है। बजाए इसके, उस कर्मचारी पर और बोझ डालकर उसका शोषण करना आरंभ कर दिया जाता है। और यहीं से ऑफिस पॉलिटिक्स का यह भद्दा खेल अपने पांव पसारना शुरू कर देता है। नतीजतन, मनभेद हावी होने लगते हैं, जिसका सीधा असर 'कार्यालय यानी कामकाजी व्यक्ति के कहे जाने वाले दूसरे परिवार' पर पड़ता है।

ऐसा परिवार, जो ऑफिस पॉलिटिक्स की जद में आ चुका हो, उस परिवार का हर सदस्य सीमित दायरे तक खुद को समेटने में अपनी भलाई समझता है। न किसी से वह अपने मनोभाव साझा कर पाता है, और न ही किसी से अपने सुख-दु:ख बांट पाता है। जबकि कहने के लिए यह उसका दूसरा परिवार होता है। इन गतिविधियों का प्रभाव उस कर्मचारी को मानसिक तौर पर कमजोर बना देता है। नतीजतन जिस कार्य को वह पहले एक घंटे में करने का सामर्थ्य रखता था, अब वह उसी कार्य को 2 या उससे अधिक घंटों का समय लेकर करेगा। जिसका सीधा असर उस कर्मचारी की कार्यप्रणाली पर तो पड़ेगा ही साथ में संस्था अथवा कार्यालय के सामूहिक लक्ष्य उद्देश्यों को प्राप्त करने पर भी पड़ेगा।यहां पर एक बात गौर करने वाली है कि 'स्वतंत्र एवं निडरता का अभाव सभी को हमेशा पीछे ही धकेलता है।' हालांकि, ऐसा संभव नहीं कि, 'अधिकारी इससे अनभिज्ञ हों, कई जगह तो अधिकारी भी ऑफिस पॉलिटिक्स के इस खेल को बढ़ावा दिया करते हैं।' कई बार अधिकारियों का झुकाव किसी एक व्यक्ति विशेष पर भी ज्यादा रहने लगता है, जिससे अन्य कर्मचारी उस संस्थान को आगे बढ़ाने के लिए दिए जाने वाले सुझावों व प्रयासों से किनारा करना ज्यादा उचित समझते हैं। ऐसे अधिकारी यह भूल जाते हैं, कि सभी कर्मचारी मेहनती होते हैं, यह जरूरी नहीं है कि जिस कर्मचारी की कोई पहुंच न हो या जो चापलूसी करने में माहिर नहीं हो, वह उस संस्था या कार्यालय का 'रत्न' नहीं कहलाया जा सकता। यह सरासर गलत है। हर कर्मचारी में एक हुनर छुपा होता है, और जिसने उसके हुनर को पहचान लिया, सही मायने में वही अधिकारी असल में अधिकारी कहलाने योग्य होता है।

बहर-सूरत, जो अधिकारी/कर्मचारी कार्यालयों को परिवार न समझ कर राजनीति का अखाड़ा समझते हैं व अपने ही सहकर्मियों के खिलाफ चक्रव्यूह रचना आरंभ कर देते हैं, वह शायद इस बात को भूल जाते हैं कि आपके द्वारा रचे हुए चक्रव्यूह की जद में कभी स्वयं आपको भी आना पड़ सकता है । खैर, 'जैसे को तैसे' वाला मुहावरा यहां बिलकुल सटीक बैठता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# तभी माना जाएगा इनको अंतरराष्ट्रीय मेला

हमारे भारत का हमारा हिमाचल प्रदेश एक ऐसा राज्य है जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, हरियाली और बर्फ से ढके पहाड़ों के लिए तो प्रसिद्ध है ही, साथ ही यह राज्य अपने मेलों और रंग-बिरंगे मेलों व उत्सवों के लिए भी सुप्रसिद्ध है। हम सभी हिमाचली लोग यहां के विख्यात मेलों मंडी महाशिवरात्रि मेला, जिला कुल्लू के दशहरा , सिरमौर के रेणुका , शिमला जिला के लवी मेला और अन्य सभी प्रसिद्ध मेलों -उत्सवों से भली-भांति परिचित हैं ही।

हिमाचल के कई मेलों को 'अंतरराष्ट्रीय मेला' घोषित किया जा चुका है, लेकिन इन मेलों में कोई विशिष्ट 'अंतरराष्ट्रीय तत्व' संभवत: नहीं ही दिखाई पड़ता है। कम से कम तीन प्रकार से, तीन मामलों में तो अंतरराष्ट्रीय स्तर के होने ही चाहिए, ये ऐतिहासिक मेले। खेलकूद प्रतियोगिताओं में अवश्य ही कोई अंतरराष्ट्रीय टीमें शामिल होनी चाहिए। प्रदर्शनी स्थल पर अन्य देशों के राजनायकों, उच्चायुक्त या दूतावास के अधिकारियों की उपस्थिति होना वांछित और अपेक्षित है।



**लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर**
मतियारा, मसरूंड, चंबा

संध्याकालीन कार्यक्रमों में विश्व के कुछ देशों के कलाकारों द्वारा भाग लेना भी बहुत ही आवश्यक माना जा सकता है। इन्हीं कड़ियों में , श्रावण माह के दूसरे रविवार, अर्थात 28 जुलाई से चंबा में सुप्रसिद्ध, ऐतिहासिक मिंजर उत्सव का शुभारंभ हो रहा है। 4 अगस्त, 2024 तक मिंजर मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला , राज्य और राष्ट्रीय होने के बाद अब इस शुभ उत्सव को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर का घोषित किया जा चुका है। विशेषकर 'शतरंज' खेल की बात की जाए ।

कितनी ही सुखद और आनंदमय अनुभूति है कि विश्व के दस सर्वश्रेष्ठ शतरंज खिलाड़ियों में तीन तो हमारे ही महान देश भारत के अतुलनीय, प्रतिभावान खिलाड़ी हैं, तो ऐसे प्रतिभाशाली विश्व स्तरीय खिलाड़ियों द्वारा भी मिंजर मेला में अवश्य ही भाग लेना, अर्थात उनको सादर निमंत्रित करना अनिवार्य होना चाहिए, खाली 'अंतरराष्ट्रीय' शब्द का प्रयोग करना या देश-दुनिया के लोगों को इन मेलों में शामिल होने का आह्वान करना ही काफी नहीं है जी। अंतरराष्ट्रीय इवेंट 6 शुभ घटनाओं 8 की उपस्थिति भी अनिवार्य है साहब।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता



### हॉस्टल के दिन

विधु भारद्वाज
जोगिंद्रनगर, हिमाचल प्रदेश

*आज प्याज के पराठे बनाए*
*स्टील के गिलास में*
*चाय की चुस्कियों के साथ*
*खाए तो हॉस्टल के दिन याद*
*आ गए।*
*आइने में आंखों के गिर्द*
*गहराते काले दायरे*
*और बल खाती झुर्रियां देख*
*वो आइलाइनर वो*
*चिकने चेहरे*
*वो जवानी के दिन याद आ गए*
*मुझे हॉस्टल के दिन याद आ गए।*
*दिनभर पसीना बहाने के बाद*
*जब थके-हारे घर को आए*
*और आते ही रसोई में,*
*बावर्ची बन सबको खाना*
*पकाएं तो मैस के भइया के*
*हंसकर हमें खाना परोसने के*
*दिन याद आ गए*
*मुझे हॉस्टल के दिन*
*याद आ गए।*
*दुनिया की चालाकियों ,*
*पैंतरेबाजियों की आंधियों में*
*जब भटके, गिरे पड़े,*
*फिर लड़खड़ाकर खड़े हुए*
*तो यूनिवर्सिटी की प्यारी भोली*
*सखियों के संग याद आ गए*
*मुझे हॉस्टल के दिन याद आ गए।*

# जम्मू-कश्मीर में हिंदू मंदिरों की पुनर्प्रतिष्ठा का सदियों का संघर्ष आखिरकार विजित हुआ

इतिहास में एक लंबा संघर्ष का दौर चलता है। यह वर्षों-बरस का संघर्ष है। कई पीढियां गुजर गईं, इस आस में कि कभी तो न्याय मिलेगा। और अचानक से अब देखो, न्याय मिलने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ा है। यदि भविष्य में भी सब कुछ ठीक रहा तो सदियों के गहरे घाव समय के साथ भर जाएंगे। जम्मू-कश्मीर में फिर एक बार वही प्राचीन संस्कृति एवं ज्ञान धारा का प्रवाह दिखाई देगा, जिसकी स्थापना ऋषियों ने वर्षों तक गहरी साधना के बाद इस धरती पर की थी।

जम्मू का उल्लेख भारत के हर हिंदू घर में सदियों से देव पूजा में गूंजता रहा है, फिर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह हिंदू भारत के किस क्षेत्र में निवास करता है, अपने अस्तित्व और पूर्वजों की लंबी श्रृंखला को नमन करते हुए लिया जाने वाला हर संकल्प जम्मूद्वीप के भरतखंड से शुरू होता है। निश्चित ही इससे जम्मू-कश्मीर के अति प्राचीन महत्व को सहज ही समझा जा सकता है। कश्मीर का नामकरण कश्यप ऋषि के नाम पर हुआ है। कश्यप ऋषि कश्मीर के पहले राजा थे। कश्मीर को उन्होंने अपने सपनों का राज्य बनाया। कैस्पियन सागर से लेकर कश्मीर तक ऋषि कश्यप के कुल के लोगों का ही सर्वत्र राज फैला हुआ था। उनकी एक पत्नी कद्रू के गर्भ से नाग वंश अस्तित्व में आया, जिनमें प्रमुख आठ नाग हुए-अनंत (शेष), वासुकि, तक्षक, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख और कुलिक। कश्मीर में इन नागों के नाम पर ही अनंतनाग जैसे स्थान हैं।

फिर हाल में अखनूर से प्राप्त हड़प्पा कालीन अवशेषों तथा मौर्य, कुषाण और गुप्त काल की कलाकृतियों से जम्मू के प्राचीन इतिहास की गहराइयों का पता चल ही जाता है। राजतरंगिणी तथा नीलम पुराण की कथा के अनुसार कश्मीर की घाटी कभी बहुत बड़ी झील हुआ करती थी। कश्यप ऋषि ने ही यहां सबसे पहले अपना वह प्रयोग किया जिसके कारण से झील का पानी हटा और यह क्षेत्र एक मनोरम प्राकृतिक स्थल में बदल गया। जहां मनुष्यों को बसाया जाना संभव हुआ। इतिहास के पन्नों में यहां शैव और बौद्ध दर्शन का व्यापक प्रभाव दिखाई देता है। कश्मीर के हिंदू राजाओं में ललितादित्य, अवंतिवर्मन जैसे अनेक राजा हुए हैं, जिनका राज्य पूर्व में बंगाल तक, दक्षिण में कोंकण, उत्तर-पश्चिम में तुर्किस्तान और उत्तर-पूर्व में तिब्बत तक फैला था। साहित्यकारों और संस्कृत आचार्यों की लंबी परंपरा यहां देखने को मिलती है । प्रसिद्ध वैयाकरणिक रम्मत, मुक्तकण, शिवस्वामिन और कवि आनंदवर्धन, रत्नाकर, भीम भट्ट, दामोदर गुप्त, क्षीर स्वामी, रत्नाकर, वल्लभ देव, मम्मट, क्षेमेंद्र, सोमदेव, मिल्हण, जयद्रथ हों या कल्हण जैसे संस्कृति के अपार विद्वानों की एक लंबी परंपरा भारत को इसी कश्मीर की देन है।



**लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कुल मिलाकर जम्मू-कश्मीर की एक सांस्कृतिक, भौगोलिक और अति प्राचीन हिंदू विरासत है, जिसे कि आगे नष्ट करने के अनेक प्रयास हुए। कहना होगा कि कश्मीर में इस्लाम के आगमन के बाद जैसे यहां सब कुछ बदलना शुरू हो गया था। इस्लाम या मौत चुनाव किसी एक का ही किया जा सकता था। कई लोग पहाड़ों में छिपते-छिपाते रहे तो कई अनुनय-विनय से तो कुछ अपने शक्ति-पराक्रम के बल अपने धर्म की रक्षा करते रहे, लेकिन शाह हमादान के समय में जो यहां इस्लामीकरण शुरू हुआ वह आगे सुल्तान सिकंदर के वक्त तक आते-आते अपने चरम पर पहुंच चुका था । कश्मीर के लिए यह वह दौर था, जब यहां की संस्कृति बलात बदली जा रही थी, इस काल में हिंदुओं को बड़ी संख्या में इस्लाम कबूल करवाया गया और इस तरह धीरे-धीरे कश्मीर के अधिकतर लोग मुसलमान बन गए। समय बीतने के साथ कई पीढ़ियां अपने मूल अस्तित्व को भूल गईं और इस्लाम अब इनके सिर पर चढ़कर बोलने लगा था। यहां के लिए यह युग सनातन हिंदू संस्कृति के लिए उसके ह्रास का युग था। मंदिर नष्ट किए जा रहे थे।

साहित्य और संस्कृति के प्राचीन ज्ञान खजाने से जुड़ी पांडुलिपियां जलाई जा रही थीं। ऐसे में यहां प्राचीन सनातन परंपरा को मानने वाले हिंदुओं और विदेशी धरती से आए इस्लाम के बीच संघर्ष जारी था और तभी इसी संघर्ष के बीच राजा रणजीत सिंह ने 15 जून 1819 को कश्मीर में सिख शासन की स्थापना की और गुलाब सिंह को जम्मू-कश्मीर का शासन सौंप दिया, लेकिन रणजीत सिंह की मृत्यु के बाद पैदा हुई परिस्थितियों में एक नया दौर अंग्रेजी सत्ता का भारत में आया। तब जम्मू के राजा गुलाब सिंह की सत्ता सुदूर उत्तर में कराकोरम पर्वत श्रेणी तक फैली हुई थी। उत्तर में अक्साई चिन और लद्दाख भी इस राज्य के अंतर्गत था। इसके साथ ही कहना होगा कि बीच में कई मुस्लिम शासकों के बाद भी महाराजा रणबीर सिंह, राजा रंजीत देव, डोगरा शासक राजा मालदेव से लेकर यहां के अंतिम शासक महाराजा हरि सिंह 1925 से 1947 तक का हिंदू साम्राज्य देखने को मिला। लेकिन इसके बाद भी यहां बसे हिंदुओं पर इस्लाम का अत्याचार अभी भी बीच-बीच में उभर कर सामने आ ही रहा था । स्वतंत्र भारत में जम्मू-कश्मीर से बहु संख्या में हिंदुओं विशेषकर पंडितों का पलायन, उन पर हुए क्रूर अत्याचार से इतिहास भरा पड़ा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा यहां से अनुच्छेद 370 हटाने तक की स्थिति में जो कुछ भी हुआ है, उसके अनेक दस्तावेज आज पब्लिक डोमेन में मौजूद हैं।

फिर भी कुल मिलाकर जम्मू-कश्मीर की शताब्दियों तक की कहानी यही कहती है कि अनेक संघर्षों और इतिहास से पूरी तरह से हिंदू सांस्कृतिक शब्दावली एवं परंपरा मिटाने के सदियों चले आए प्रयासों के बाद भी हर बार यही देखने में आया कि हिंदू सनातन संस्कृति यहां भस्म में से भी पुन: उठ खड़ी हुई है। जिस पर कि अब जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के हाईकोर्ट ने एक नई मुहर लगा दी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जीवन को समझने के लिए एकांत और अकेलापन

वैसे देखा जाए इन दोनों शब्दों में ज्यादा फर्क तो है नहीं, लेकिन फर्क है। 'जमीन आसमान जैसा फर्क है' किसी के लिए एकांत ईश्वर द्वारा दिया गया एक खूबसूरत तोहफा है,और किसी के लिए एकांत एक घोर सजा, ऐसी सजा जो काटे नहीं कटती। उसके लिए एकांत मतलब अकेलापन। अक्सर लोग अकेलेपन से बहुत डरते हैं, और ऐसे में किसी की भी संगत उन्हें सही लगती है। बस कोई हो जो उनका अकेलापन दूर करें।

भले ही उनके विचार मेल न खाते हो, हर रोज लड़ाई- झगड़े ही क्यों न करने पड़ जाए, अकेलापन काटने को दौड़ता है, लड़ मर लेंगे मगर अकेले नहीं रहेंगे। जैसे कस्तूरी मृग अज्ञानता वश अपने अंदर खुश्बू लिए सारे जहां में उस खुश्बू की तलाश में दौड़ता फिरता है वैसे ही इंसान भी अज्ञानता में अपने अंदर के आत्मा रूपी खुश्बू यानी सबसे सच्चे दोस्त, प्रेमी, सलाहकार, मददगार, शुभचिंतक को न पहचानते हुए बाहर की दुनिया में दौड़ लगा रहा है। जहां सिर्फ धोखा ही धोखा है। ये सब जानते हुए भी फिर भी भाग रहे हैं, ऐसी दौड़ में शामिल हैं जो न कभी खत्म होने वाली है और न ही कभी इंसान को संतुष्टि देने वाली है। लेकिन अपनी-अपनी समझ है, किसी ऐसे इंसान के साथ जिससे हमारा विचार नहीं मिलता, व्यवहार नहीं मिलता, तनिक भी समानता नहीं है फिर भी रिस्क उठाने जा रहा है। सिर्फ अपना अकेलापन दूर करने के लिए। लेकिन अकेलापन तो दूर नहीं होगा उल्टा चार मुसीबतें और खड़ी हो जाएगी इस चक्कर में।

हां अगर कोई ऐसा व्यक्ति मिल जाए जिससे हमारे विचार व्यवहार मिलते हों फिर इसी दुनिया में स्वर्ग जैसा आनंद प्राप्त होगा। लेकिन यह कोई आम बात नहीं है, यह हर किसी के साथ नहीं होता। बहुत कम ही देखने को मिलता है जो सोलमेट होगा वहीं हमारी दुनिया हमारा जीवन सर्वश्रेष्ठ बना सकता है। बाकी बेवजह अपना जीवन अपना दिमाग खराब करने से तो कहीं बेहतर है एकांत, शांति, सुकून, जहां हम अपने आप से मिल सकते हैं खुद को जान सकते हैं हमने जन्म दुनिया को जानने के लिए नहीं लिया खुद को जानने के लिए लिया है, लेकिन हम दुनियादारी में उलझकर रह गए। वह भी ठीक है अपनी जिम्मेदारी निभाना भी हमारा धर्म है हमारा कर्म है। लेकिन कभी ईश्वर हमें अकेला करता है और दुनियादारी से दूर करता है, तो वह अवसर है हमारे लिए अपने जीवन को और सुदृढ़ बनाने के लिए न की सजा है जो हम किस्मत समझ के काटे और मरते दम तक खुद को भी चोट पहुंचाए अपने आप पास के लोगों को भी दुख दें और ईश्वर को भी कोसते रहे कि तुमने मेरे साथ ये सब क्यों किया? ये हमें तय करना है कि हमारी भलाई किस में है। प्राचीन काल में ऋषि मुनि तपस्या करने जंगल ही क्यों जाते थे। प्राचीन काल ही क्यों आज भी जाते हैं। क्योंकि उन्हें एकांत चाहिए जीवन को समझने के लिए, दुनियादारी से दूर शांत जंगल में सिर्फ आत्मा और परमात्मा। जिसके लिए एकांत खूबसूरत तोहफा है वह भीड़ में रहकर भी खुद को एकांत समझता है और खुश रहता है और जिनके लिए एकांत सजा है वह तो सबके साथ रह कर भी खुश नहीं होता अकेलापन तो उसके लिए मौत से भी बदतर है, एक संतुष्ट जीवन जीने का एक बहुत ही साधारण सा सूत्र है कि मेरे अलावा मेरा कोई नहीं। इस सूत्र में बहुत ज्यादा ताकत और बहुत गहरा सुकून भी है।



**लेखिका : विषणा गाजटा**
शिमला, हिप्र

सब लोग अपने-अपने लिए ही जीते हैं, और सबसे पहले अपना हित ही देखते हैं। तो क्यों न हम भी अपने लिए जिए और सबसे पहले अपना हित सोचें । न अपनी किन्हीं बातों से किसी को चोट पहुंचाए न किसी की बेतुकी बातों से खुद को हानि । जीवन सरल हो जाएगा और मन से हर कुंठा या शिकायत खत्म हो जाएगी । लोग हमसे कैसा व्यवहार करते हैं इस पर हम रोक लगा नहीं सकते, क्योंकि यह हमारे बस में नहीं है। हमारे बस में जो है वह है हमारा अपना व्यवहार हम उसे सुधार सकते हैं। और अपने जीवन को सुखमय और शांतिमय बना सकते हैं । इसके लिए हमें किसी की भी जरूरत नहीं है न किसी के साथ की न किसी की सराहना की। अपनी सुख शांति और समृद्धि अपने पास है। बाकी लोग हमें सिर्फ दुआएं दे सकते हैं हम भी लोगों को दुआओं के अलावा कुछ नहीं दे सकते हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बरसात में शिकारी देवी व कमरुनाग जाने से करें परहेज

**सुनील शर्मा, गोहर।** बरसात के मौसम के दौरान भारी बारिश के दौरान होने वाली प्राकृतिक आपदा व मौसम विभाग द्वारा आगामी दो-तीन दिनों तक मंडी जिले के कई स्थानों पर वर्षा व तेज हवाएं चलने के येलो अलर्ट पर एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने स्थानीय जनता से आग्रह किया है कि उपमण्डल के उच्च स्थानों कमरुनाग व शिकारी देवी मंदिर की तरफ को जाने वाले रास्तों में न जाएं क्योंकि बरसात के मौसम में वर्षा के कारण भूस्खलन, बिजली का गिरना व खड्डों, नालों में बाढ़ का खतरा रहता हैं जिस कारण इन रास्तों में भारी फिसलन होने के कारण यात्रा करना जोखिम भरा हो सकता हैं। (अनंत ज्ञान)

### सलवाना व जड़ोल में किया पौधरोपण



**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** एनडीआरएफ टीम सलापड़ ने सलवाना और जड़ोल क्षेत्र में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर एनडीआरएफ की 14वीं बटालियन के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में डिप्टी कमांडेंट ललित मोहन सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर अनिल कुमार, ग्राम पंचायत सलवाना की प्रधान चंपा देवी सहित 20 ग्रामीण मौजूद रहे। ललित मोहन सिंह ने बताया कि पौधारोपण अभियान के दौरान लोगों को वनों की कटाई,मिट्टी के क्षरण, ग्लोबल वार्मिंग जैसे कई पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूक किया गया। एनडीआरएफ टीम और ग्रामीणों ने अन्नार, जामुन और सिरस के लगभग 100-120 पौधरोपण किए गए।(अनंत ज्ञान)

### युवक मंडल भटवाड़ ने नई कार्यकारिणी की गठित



**अनिल शर्मा, मंडी।** विकास खंड द्रंग की रोपापधर पंचायत के तहत आने वाले युवक मंडल भटवाड़ ने बैठक आयोजित की गई, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में शामिल सभी सदस्यों ने नाग सिंह को सर्वसम्मति से युवक मंडल के प्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी। इसके अलावा राम जी सचिव, हीरा लाल उपप्रधान, दीपक चौहान कोषाध्यक्ष, आदित्य सह-कोषाध्यक्ष, मस्त राम मुख्य सलाहकार, राम चंद, बिना राम, मांगणू राम व संजीव कुमार सलाहकार, प्यार चंद सकलानी प्रैस सचिव जबकि केशव राम, ओमप्रकाश, अक्षय कुमार, मंगत राम, मोहन सिंह, दिनेश कुमार व अंजू राम को मंडल का सदस्य चुना गया। (अनंत ज्ञान)

### 19 जुलाई को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** 19 जुलाई को 11 केवी पड्डल एचटी लाइन की आवश्यक मरम्मत तथा पेड़ व झाड़ियों की कटिंग का कार्य किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए सहायक अभियंता उपमंडल नम्बर एक नरेश कुमार ने बताया कि मरम्मत के चलते 19 जुलाई को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक पड्डल, बस स्टैंड, गुरुद्वारा, पुलिस लाइन, लोअर भ्यूली, कांगनी धार, संस्कृति सदन तथा साथ लगते क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने के कारण यह कार्य अगले दिन किया जायेगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### आईटीआई जोगिंद्रनगर में बताई कल्याणकारी योजनाएं



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग के जोगिंद्रनगर स्थित सहायक लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय के माध्यम से वीरवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर स्थित डोहग में प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। साथ ही प्रशिक्षु विद्यार्थियों से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने तथा इस बारे व्यापक जन जागरूकता लाने का भी आह्वान किया। सहायक लोक संपर्क अधिकारी जोगिंद्रनगर राजेश जसवाल ने बताया कि आईटीआई जोगिंद्रनगर स्थित डोहग में सूचना एवं जन संपर्क विभाग के माध्यम से प्रशिक्षु विद्यार्थियों को प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। (अनंत ज्ञान)

# मेडिकल कॉलेज में 10 देहदान, 300 महादानी पुण्य के लिए आतुर

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक में विद्यार्थियों/ प्रशिक्षु डॉक्टरों के आयुर्विज्ञान विषय अध्ययन व प्रशिक्षण के लिए मृत्यु के बाद देह का दान करने के लिए 291 लोगों ने इच्छा प्रकट की है।

इसके लिए इन्होंने बाकायदा तौर पर लिखित रूप में मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग देहदान की इच्छा का पंजीकरण करवाया है जहां से इन्हें देहदान कर्ता पहचान पत्र जारी किया गया है। इनमें से 10 लोगों की देह मृत्यु के पश्चात मेडिकल कॉलेज को सौंपी जा चुकी हैं। इस मेडिकल कॉलेज में सबसे पहले वर्ष 2019 में 16 जनवरी को पहली पार्थिव देह ताउम्र मजदूरों और वंचितों के लिए संघर्षरत रहे केशव शर्मा की प्राप्त हुई थी। (अनंत ज्ञान)

### बहुत आसान है मृत्यु के पश्चात देह दान करना

**विभाग** अध्यक्ष डॉक्टर सुशीला राणा ने बताया कि किसी भी व्यक्ति के मृत्यु के पश्चात देह का दान करना बहुत ही आसान है। इसके लिए देह दान करने के इच्छुक को एक आसान फॉर्म भरना पड़ता है। यह आसानी से उपलब्ध हो जाता है। डाक द्वारा मंगवाने के बाद भरकर डाक द्वारा ही भेजा जा सकता है। इस फार्म के साथ व्यक्ति की पहचान का कोई दस्तावेज जैसे आधार कार्ड या पैन कार्ड आदि संलग्न करना आवश्यक है। पंजीकरण के पश्चात डाक से ही डोनर कार्ड प्रेषित कर दिया जाता है। यही नहीं यदि किसी ने पहले पंजीकरण न करवाया हो और मृत्यु के पश्चात उसके रिश्तेदार देहदान करना चाहें तो भी एक अन्य प्रपत्र भरकर मृतक की पहचान का दस्तावेज साथ देकर देहदान किया जा सकता है।

### ताउम्र संघर्ष बाद लोक कल्याण के लिए किया देहदान



मकरध्वज की पार्थिव देह सौंपते हुए परिजन व भाकपा नेतागण।

**अनंत ज्ञान टीम, मंडी/नेरचौक/सुंदरनगर।** मेडिकल कॉलेज को एक और देह आयुर्विज्ञान पढ़ने वाले छात्रों के अनुसंधान व प्रशिक्षण के लिए मिल गई। सुंदरनगर के मजदूर और वामपंथी नेता कामरेड मकरध्वज का पार्थिव शरीर उनके पुत्र हरमेश और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता वासुदेव वासु, श्याम सिंह चौहान, देशराज, नारी सभा की अंजलि जौहरी और किसान सभा के हरदेव सिंह की मौजूदगी में कॉलेज के एनाटॉमी विभाग को सौंपी गई। उससे पहले उनकी पार्थिव देह पर माल्यार्पण करके और पार्टी का झंडा पहनाकर अनेक रिश्तेदारों और साथियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। यहां देहदान करने वाले यह 10वें व भाकपा के दूसरे महादानी बनें। इनसे पहले पार्टी के केशव शर्मा ने यहां पहला देहदान किया था। कामरेड मकरध्वज मजदूर संगठन ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस और भाकपा से लगभग साठ साल से लगातार जुड़े रहे। वे हिमाचल में ट्रेड यूनियन आंदोलन के शुरुआती पुरोधाओं कामरेड प्रकाश कपाटिया और कामरेड कामेश्वर पंडित के साथ संघर्ष करते हुए लंबे समय तक एटक के प्रदेश मुख्यालय फेयर लांज में लंबे समय तक रहे। इस दौरान इन्होंने कई मजदूर व महिला संगठन बनाए। सुंदर नगर में नगर पार्षद भी रहे। लगभग चौरानवे साल की आयु में प्रयाण करने वाले मकरध्वज तमाम उम्र वंचित तबकों के उत्थान के लिए संघर्षरत रहे और आखिर में अपनी देह को भी मानव कल्याणार्थ दान करने का संकल्प कर गए थे।

### आंगनबाड़ी, मिड-डे मील, मनरेगा और रेहड़ी वालों ने संयुक्त रूप से किया प्रदर्शन

# मंडी में सीटू के बैनर तले गरजे मजदूर संगठन

**पुष्पराज, मंडी**

मजदूर संगठन सीटू के राज्यव्यापी विरोध दिवस पर वीरवार को मंडी में आंगनबाड़ी, मिड-डे मील, रेहड़ी-फहड़ी, फोरलेन, निर्माण एवं मनरेगा तथा एचपीएमआरए यूनियनों से जुड़े सैकड़ों मजदूरों ने जिला मुख्यालय मंडी में विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू के जिला महासचिव राजेश शर्मा, गुरुदास वर्मा, गोपेन्द्र शर्मा, सुरेश सरवाल तथा आंगनबाड़ी यूनियन की हमिन्द्री शर्मा, बिमला, सुदर्शना, नागो, तंमना और अर्चना तथा मिड-डे मील के इन्द्र सिंह फोरलेन के राजेंद्र कुमार और ललित और रेहड़ी-फहड़ी यूनियन के सुरेंद्र कुमार और प्रवीण कुमार तथा एचपीएमआरए के जगदीश व प्रकाश ठाकुर इत्यादि ने किया।

वहीं प्रदर्शन और डीसी के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी से मांग की गई कि केंद्र सरकार द्वारा 44 श्रम कानूनों को रद्द करके बनाई चार श्रम सहिंताओं को खत्म किया जाए और श्रम कानूनों को बहाल किया जाए। सीटू महासचिव राजेश शर्मा ने कहा कि ये श्रम कोड पूर्व भाजपा सरकार के समय ही बना दिए गए, लेकिन लागू नहीं हुए थे और अब फिर से सत्ता में मोदी के नेतृत्व में




मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करती महिलाएं।

बनी सरकार ने इन्हें 100 दिनों में लागू करने का टारगेट तय किया है, जिसके विरोध में देशव्यापी प्रदर्शन हो रहे हैं। इसके अलावा मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26 हजार मासिक करने की भी मांग की जा रही है।

इस सामूहिक प्रदर्शन के बाद आंगनबाड़ी यूनियन ने डीपीओ को मिडे-डे मील यूनियन ने उपनिदेशक शिक्षा तथा रेहड़ी-फहड़ी यूनियन ने निगमायुक्त मंडी को मांगों के बारे अलग-अलग मांग-पत्र सौंपे, जिनमें आंगनबाड़ी यूनियन ने मांग की है कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत ग्रेजुयटी दी जाए, नर्सरी टीचरों की भर्ती रेगुलर आधार पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में से ही की जाए और उन्हें इसके लिए एनटीटी प्रमाण पत्र में छूट दी जाए, सभी मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण केंद्र का दर्जा दिया जाए।

इसके साथ अन्य मांगों को भी पूरा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यूनियन ने इन्हें जल्दी पूरा करने और टीवीसी की बैठक जल्दी बुलाने की मांग की है। वहीं दूसरी तरफ मनरेगा में मजदूरों को घोषित 300 रुपए दिहाड़ी और 100 दिनों का रोजगार नहीं मिल रहा है। राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड का काम पिछले डेढ़ साल से बंद हो गया है और करोड़ों रुपए की सहायता रुकी हुई है जिसे जल्द जारी करने की भी मांग उठाई गई। (अनंत ज्ञान)

### आज होगी बोर्ड के अध्यक्ष के साथ बैठक

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 19 जुलाई को यूनियनों की बैठक बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष के साथ शिमला में होने जा रही है।

इसके अलावा फोरलेन व एनएच, सफाई मजदूरों, स्ट्रीट ट्रीटमेंट प्लांटों में काम कर रहे मजदूरों की मांगों बारे तथा आशा वर्करों की मांगों बारे में भी आवाज उठाई गई।

आज आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांग बारे डीसी मंडी को बीएलओ यूनियन की प्रधान अर्चना के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा।

# ट्रक की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, मामला दर्ज



ट्रक की चपेट में आए व्यक्ति की मौत।

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

मंडी जिला के बीएसएल पुलिस थाना के तहत कंट्रोल गेट के समीप ट्रक की चपेट में आने से पूर्व विधायक के बेटे की दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौका पर पहुंचकर शव को कब्जा में ले जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार भारतीय सेना से रिटायर्ड फौजी घर से हर रोज की तरह सैर करने के लिए निकला था लेकिन जैसे ही वह कंट्रोल गेट के समीप हडेटी की ओर जाने वाले रास्ते पर पहुंचा तो पीछे से आ रहे एक ट्रक की चपेट में आ गया जिस कारण उसकी मौका पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद ट्रक चालक मौका पर ट्रक छोड़ फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौका पर पहुंचकर शव को कब्जा में लें पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सुंदरनगर भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे की असली वजह क्या रही इसको लेकर पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को भी खंगाल रही है।

मृतक की पहचान 74 वर्षीय अभिमन्यु सिंह पुत्र नक्कबीनु राम गांव हडेटी वार्ड नंबर 10 तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के रूप में हुई है। बता दे कि मृतक के पिता नक्कबीनु राम 60 के दशक में सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक और भाई राजेंद्र चांगर वार्ड से पार्षद रह चुके हैं।

मृतक के एक बेटे का कुछ वर्ष पहले निधन हो गया था और दूसरा शिक्षा विभाग में कार्यरत है। घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है जांच की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा।

## सेब उत्पादक संघ का बालीचौकी में प्रदर्शन

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**

हिमाचल प्रदेश सेब उत्पादक संघ ने आज बाली चौकी में प्रदर्शन किया और प्रदर्शन के बाद बागवानी मंत्री श्री जगत सिंह नेगी को उपमंडल अधिकारी (नागरिक) बाली चौकी के माध्यम से मांग पत्र सौंपा। प्रदर्शन को सेब उत्पादक संघ राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र राणा लोकल कमेटी सदस्य ओमचंद ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में मनमर्जी से किराया वसूले जाने का आरोप लगाते हुए किराए को न्यायसंगत बनाए जाने की मांग की। ज्ञापन में मंडी मध्ययस्ता योजना -



विरोध-प्रदर्शन करते हुए।

कश्मीर की तर्ज पर पूर्ण रूप से लागू करने की भी मांग की गई है।

बागवानों के खरीदारों के पास बकाया पैसे का भुगतान तुरंत करवाया जाने पर भी जोर दिया गया और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की करने की अपील की गई और खाद, कीटनाशक, ज्ञापन में उर्वरक, फफूंद नाशक, उपकरणों आदि पर सब्सिडी का भुगतान करने पर भी आवश्यक कार्यवाही की मांग की गई। बालीचौकी या बंजार क्षेत्र में सीए स्टोर बनाने को लेकर बल दिया गया। इस दौरान देवेंद्र कुमार और रूपचंद लूदरमनी सहित अन्य शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## सावन माह में भगवान शिव को किया गाना समर्पित

**आदर्श यादव, नेरचौक**

सावन मास की पावन बेला पर शिव भजन का विमोचन डडौर नागचला एक निजी होटल में किया गया। भजन को हिमाचली व भारतीय सिनेमा जगत के विख्यात संगीतकार बालकिशन शर्मा ने मधुरतम संगीतबद्ध किया है। भजन को अपने सुरों से दो भाईयों की जोड़ी सुब्रत शर्मा व मुकुल शर्मा और जितेंद्र मौदगिल ने सजाया है।

भजन के वीडियो डायरेक्टर गगनेश कुमार है तो वहीं वीडियो में अभिनय कुलदीप गुलेरिया, अश्विनी पंडित, केदारनाथ शर्मा, गिरधर गोपाल शर्मा, मनोज त्यागी, हुकम राजगढ़िया, देवदत्त, चेतन कपूर और महाकालेश्वर शिव मंदिर राजगढ़ के बाबा ने बेहतरीन निभाया है। (अनंत ज्ञान)



भजन की लॉन्चिंग के दौरान सामूहिक चित्र में।

## कारगिल विजय दिवस पर होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**पुष्पराज, मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि जिले में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर 26 जुलाई को इंदिरा मार्केट परिसर में बने शहीद स्मारक में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

वह वीरवार को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए किए जाने वाले प्रबंधों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि मंडी जिले में जिला स्तरीय कारगिल दिवस समारोह में 26 जुलाई को प्रातः 11 बजे आरंभ होगा।(अनंत ज्ञान)

## सरदार पटेल विश्वविद्यालय में नया शैक्षणिक सत्र आरंभ

**पुष्पराज, मंडी**

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में नया शैक्षणिक सत्र को आधिकारिक रूप से कुलपति प्रोफेसर ललित कुमार अवस्थी के संबोधन के साथ शुरू हुआ। उन्होंने विश्वविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित बैठक में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों दोनों से बात की।

प्रोफेसर अवस्थी ने नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर सभी संकाय और कर्मचारियों का स्वागत किया और विश्वविद्यालय के प्रति उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और अटूट प्रतिबद्धता के लिए सभी शिक्षण



बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में एसपीयू का स्टाफ।

और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जो विश्वविद्यालय की सफलता के लिए महत्वपूर्ण रहा है। बैठक में प्रोफेसर अवस्थी द्वारा लिया गया एक और बड़ा फैसला यह था कि भविष्य में सभी पीएचडी छात्र डीन अकादमिक को रिपोर्ट करेंगे न कि डीन रिसर्च को।

बैठक में सभी डीन, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य के गैर-शिक्षण कर्मचारी शामिल हुए। बैठक अध्यक्ष को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई। (अनंत ज्ञान)

## वेदांत कुटीर में 21 को होगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**अनिल शर्मा, मंडी**

छोटी काशी मंडी के ब्यास तट पर स्थित वेदांत कुटीर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। कुटीर में 12 जुलाई से रामायण का नवाह्न पारायण चला है। सातवें दिन सुंदरकांड का पाठ किया गया।

कुटीर की अध्यक्ष साध्वी सेवानंद सरस्वती ने बताया कि वेदांत कुटीर में 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम में प्रातः 6 बजे रुद्राभिषेक 10 बजे रामायण का शेष पाठ तथा यज्ञ पूर्णाहुति होगी।

11 से गुरु महिमा पर प्रवचन संतों के द्वारा दिया जाएगा तथा वेदांत कुटीर की अध्यक्ष साध्वी सेवानंद सरस्वती जी महाराज भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करेंगी।



वेदांत कुटीर में सामूहिक पाठ करते हुए श्रद्धालु।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई को

**अनिल, मंडी।** विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल की ओर से विश्व विख्यात संत श्री सुधांशु जी महाराज के अनुयायियों द्वारा 21 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक गागल धाम आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल के बैनर तले मनाया जाएगा।

मिशन की ओर से चक्कर से गागल तक सत्संग में पहुंचने के लिए गाड़ी की निशुल्क व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। सत्संग के बाद गुरु प्रसाद (भंडारा) की व्यवस्था रहेगी। मंडी मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर ने सभी भक्तों से अनुरोध किया है कि सत्संग में भाग लें।(अनंत ज्ञान)

## मेले और त्योहार हमें आपस में जोड़ने का देते हैं संदेश

**अनंत ज्ञान, पधर**

द्रंग विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गवाली में क्षेत्र के देव शुत्रधारी ब्रम्हा के सानिध्य से मनाया जाने वाला तीन दिवसीय शाढनू मेला वीरवार को संपन्न हो गया। मेले की समापन समारोह की अध्यक्षता द्रंग के विधायक पूर्ण चन्द ठाकुर ने की।

मेला कमेटी के अध्यक्ष व पंचायत प्रधान सुनील डोगरा ने मुख्यातिथि को शॉल टोपी देकर सम्मानित किया। विधायक ने देवताओं की



पूजा-अर्चना की और मेले में आए लोगों को बधाई दी। मेले और त्योहार हमें आपस में जोड़ने का संदेश देते है इसलिए हमें ग्रामीण क्षेत्र के मेलों में भाग लेना चाहिए।

### झटका | वल्लभ महाविद्यालय मंडी में बीएड कोर्स करने में अड़ंगा

# एनसीटीई ने रद्द किए पंजीकरण, छात्र नहीं ले पाएंगे दाखिला

**पुष्पराज, मंडी**

वल्लभ महाविद्यालय मंडी में सोसायटी के अधीन चलाए जा रहे बीएड कोर्स को लेकर सवाल उठ खड़े हुए हैं। इस पूरे मामले की मॉनिटरिंग करने के बाद राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की नार्दन रिजन काउंसिल ने वल्लभ महाविद्यालय में बीएड कोर्स की रजिस्ट्रेशन को रद्द कर दिया है। एनसीटीई ने साफ कर दिया है कि शैक्षणिक सत्र 2024- 25 के लिए वल्लभ महाविद्यालय मंडी में बीएड कोर्स के लिए प्रवेश प्रक्रिया नहीं होगी।

इस विषय पर एबीवीपी इकाई अध्यक्ष हर्षित मिन्हास ने जारी बयान में कहा कि अगर जिस तरह बीएड कोर्स को लेकर फैसला हुआ हैं इस पर एक बार विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एसपीयू बीएड की प्रवेश परीक्षा भी ली जा चुकी है और जल्दी ही काउंसलिंग होना भी आरंभ हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि हम यह मांग करते है कि इन सीटों को सरकारी किया जाए लेकिन जब तक यह नहीं होता है तब तक इन सीटों को सुचारू रूप से जारी रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि निजी कॉलेजों में सुविधाओं का अभाव रहता है और सरकारी कॉलेजों में यदि यह कोर्स




**एबीवीपी ने कहा-एनसीटीई को इस फैसले पर करना चाहिए विचार**

निजी कॉलेजों की फीस लेकर किया जा रहा है तो इसमें कोई बुराई नहीं है। उन्होंने कहा कि एनसीटीई को इस पर एक बार विचार करना चाहिए। वल्लभ महाविद्यालय में बीएड का कोर्स 2005 से करवाया जा रहा है और यह सवाल लगातार उठ रहा है कि सरकारी महाविद्यालय होने के बाद भी फीस विवरण भी उसके अनुसार होना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं है। वल्लभ महाविद्यालय में भी निजी कॉलेजों के अनुरूप ही फिस वसूली जाती है जिसे सही नहीं कहा जा सकता।

साथ ही एनसीटीई की नॉर्दन रीजन काउंसिल ने अपने पत्र में कहा है कि वल्लभ महाविद्यालय बीएड का कोर्स करवाने वाली संस्था सोसायटी के नाम भूमि के मूल दस्तावेजों को जमा नहीं करवा पाई है।( अनंत ज्ञान)

## डॉ. कनिका कौशल ने जीता अंतरराष्ट्रीय अवार्ड

**अनिल शर्मा, मंडी।** डॉ. कनिका कौशल ने हेल्थ एवं वेलनैस में बेस्ट वुमेन पर्फोमर में 5वां इंटरनेशनल इन्सपाइरनल अवार्ड 2024 जीत कर मंडी व प्रदेश का नाम रौशन किया है। जीआईएसआर फाउंडेशन द्वारा दिए जाने वाले इस अवार्ड को डॉ. कनिका कौशल ने कड़े मुकाबले में यह जीत हासिल की।

डॉ. कनिका कौशल मंडी शहर के मोती बाजार के रहने वाले प्रदेश बिजली बोर्ड से सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता नवीन कौशल व भारतीय स्टेट बैंक से रिटायर सुनीता कौशल की बेटी है। विशेषज्ञ चिकित्सक के तौर पर सेवाएं एम्स जोधपुर, पीजीआई चंडीगढ़ में भी दी हैं जबकि इस समय वह इंस्टीच्यूट और लीवर एवं बाईलीएरी साइंस नई दिल्ली में सहायक प्रोफेसर के तौर पर दे रही हैं।

## हृदय रोग से हर साल 4.77 मिलियन भारतीयों की होती है मौत : डॉ. राकेश




जानकारी देते डॉ. राकेश शर्मा और डा. ईशांत सिंगला।

**अनिल शर्मा, मंडी**

कोरोनरी और जन्मजात हृदय रोग और कार्डियक सर्जरी में हालिया प्रगति पर जागरूकता पैदा करने के लिए आईवीवाई अस्पताल, मोहाली के डॉक्टरों की टीम एडिशनल डायरेक्टर कार्डियोलॉजी डॉ. राकेश शर्मा और कंसल्टेंट सीटीवीएस सर्जरी इशांत सिंगला ने मंडी में कहा कि भारत में लगभग 30 मिलियन लोग कोरोनरी आर्टरी बीमारी से पीड़ित हैं।

भारत में 27 प्रतिशत मौतें हृदय रोगों के कारण होती हैं। युवा पीढ़ी में हृदय रोग तेजी से बढ़ रहा है और पुरुषों और महिलाओं दोनों में इसका गंभीर खतरा है। खराब जीवनशैली के कारण अधिक संख्या में युवा भारतीय कोरोनरी आर्टरी बीमारी से पीड़ित हो रहे हैं और अगर यह जारी रहा तो भविष्य और भी खतरनाक दिखता है। सभी प्रकार की मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी जैसे सीएबीजी, एवीआर, एमवीआर, एसडी, वीएसडी अब आईवीवाई अस्पताल मोहाली में की जा रही हैं।(अनंत ज्ञान)

## डीसी ने की एफपीओ के गठन एवं संवर्धन योजना की समीक्षा

**अनिल शर्मा, मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में वीरवार को मंडी जिले में केंद्रीय प्रायोजित 10000 एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन) के गठन एवं संवर्धन योजना की प्रगति की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय निगरानी समिति (डी-एमसी) की बैठक का आयोजन किया गया।

उपायुक्त ने बताया कि योजना के अंतर्गत कार्यान्वयन एजेंसियों जैसे नाबार्ड, एनसीडीसी, एसएफएसी एवं नेफेड ने क्लस्टर आधारित व्यवसाय संगठन के माध्यम से 18 एफपीओ का गठन किया गया है जो कंपनी अधिनियम एवं सहकारी समिति अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किए गए हैं। उन्होंने सभी एफपीओ को बेहतर मूल्य प्राप्त करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण के लिए निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### बंगाणा कॉलेज की मेधावी छात्रा इशिता सम्मानित



**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** अटल बिहारी बाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय फाइनल ईयर की परीक्षा में महाविद्यालय की छात्रा इशिता धीमान द्वारा 9वां स्थान करने के उपलक्ष पर उनके सम्मान में एक सम्मान समारोह रखा गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने इशिता धीमान को हिमाचली टोपी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने कहा कि इस उपलब्धि से महाविद्यालय बंगाणा और इस क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले 2021 में हमारे महाविद्यालय की छात्रा रिया शर्मा ने हिमाचल विश्वविद्यालय टॉप टेन में चौथा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह दोनों छात्रा अब हमारे महाविद्यालय के छात्रों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं और उनमें नई ऊर्जा का संचालन होगा। इस अवसर पर उपप्राचार्य रेखा शर्मा, प्रो. अणु लखनपाल, प्रो. अनिल शर्मा, प्रो. नंद लाल, डॉ. विनोद कुमार, प्रो. कृष्ण कुमार, प्रो. सिकंदर नेगी, डॉ. कुलदीप और प्रो. कमलेश महाजन आदि मौजूद रहे।

### हम अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाएंगे : भुट्टो



**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा मंडल के सदस्य एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने ऊना जिले में हो रही भाजपा कार्यसमिति की बैठक में भाजपा के शीर्षक नेताओं ने जो जिम्मेदारी दी थी, उसे बखूबी निभाया है और आगे भी हम सभी मिलकर भाजपा को कुटलैहड़ में और मजबूती के लिए कड़ी मेहनत करेंगे और एक बार फिर कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा का मजबूत गढ़ बनाकर जीत का इतिहास रचेंगे। कुटलैहड़ के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि आज भाजपा का हर कार्यकर्ता भाजपा से जुड़कर अपने आप को गौरवमय महसूस करता है । हमारे लिए पार्टी सबसे पहले है और जिस पार्टी के साथ हम जुड़ गए, उस पार्टी का ईमानदारी से काम करना हमारा उद्देश्य बन जाता है। जहां भी हमारी जरूरत जनता को होगी, हम तुरंत वहां खड़े होंगे। इस मौके पर जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, राज्य भाजपा कार्यकारिणी सदस्य मनोहर लाल शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू, भाजपा मंडल कुटलैहड़ महामंत्री राजेंद्र मलांगड़, जिला भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सुषमा ठाकुर, सूरम सिंह, सतीश धीमान, उपाध्यक्ष राज कुमार मनकोटिया, उपप्रधान अरुण मनकोटिया, शीशन ठाकुर, अजय शर्मा, रिंकू शर्मा, सुदर्शन शर्मा, पंकज शर्मा के अलावा अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य जांच शिविर में 70 लोगों की जांच

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** सांसद मोबाइल स्वस्थ सेवा द्वारा लोगों को उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने के तरीके बताए। सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम (प्रीति, मनीष, निहाल) ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व में गांव और पंचायत बाथु हीरांनगर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 70 लोगों की स्वास्थ जांच की गई तथा 35 लोगों के टेस्ट किए गए। स्विास्थ्य शिविर के दौरान बजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्त जांच निशुल्क की गई। मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया। इस मौके पर आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और गांववासी मौजूद रहे।




### दिनेश भाटिया बने विश्व महापीठ में राष्ट्रीय प्रवक्ता

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत पपलाह गांव के दिनेश भाटिया को श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ में राष्ट्रीय प्रवक्ता का नया दायित्व देने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, महापीठ के राष्ट्रीय महामंत्री सूरजभान कटारिया, भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार, हिमाचल के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महापीठ के बलबीर सिंह बग्गा, पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय परिषद कार्यकारिणी की सदस्य बहन कमलेश कुमारी व समस्त शीर्ष नेतृत्व का दिल से धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ में एक नया दायित्व राष्ट्रीय प्रवक्ता का उन्हें दिया है, इसके लिए वे दिल की गहराइयों के साथ बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं व यह वादा करते हैं कि जिस विश्वास के साथ मुझे यह नया दायित्व राष्ट्रीय प्रवक्ता का दिया गया है, इस दायित्व को पूरे ईमानदारी से समर्पण भाव से इस नए दायित्व का निर्वहन करेंगे।

## समुंदड़ा में कल होगा पूर्णिमा महोत्सव

**हरोली।** क्षेत्र के समुंदड़ा में स्थित महेशियाना मंदिर में शनिवार को दो दिवसीय पावन श्री गुरु पूजा व्यास पूर्णिमा महोत्सव शुरु होगा।

कार्यक्रम में स्वामी विशेषानंद महाराज अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे।

**स्वामी विशेषानंद महाराज प्रवचनों से श्रद्धालुओं को करेंगे निहाल**

आयोजन की शुरुआत में शनिवार शाम पांच से 6:30 बजे तक भजन होंगे और 6:30 से आठ बजे तक सत्संग होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में पहुंचेंगे। कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को सुबह पांच बजे गुरु पूजन होगा और सुबह नौ से 10 बजे तक सत्संग होगा। इस दौरान भक्तों की दुविधाओं का समाधान के लिए सवाल जवाब भी होंगे।

# शुकराना फुटबाल खड्ड क्लब ने 2–0 से हराया ग्रासरूट दिल्ली

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

ऑल इंडिया एमआर स्मारक फुटबाल प्रतियोगिता के अभी तक तीन मैच खेले गए। पहला मैच शुकराना फुटबाल अकादमी खड्ड ऊना और सलम क्लब दिल्ली के बीच खेला गया, जो कि बहुत ही संघर्ष पूर्ण रहा। इसमें शुकराना फुटबाल अकादमी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सलम फुटबाल क्लब को 1–0 से पराजित कर के विजयरथ को आगे बढ़ाया।

शेलजा ने सेकेंड हॉफ में एकमात्र गोल किया, लेकिन स्लम दिल्ली ने मैच को जीतने के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन अंतिम समय तक वह गोल नहीं उतार सकी।

दूसरा मैच डीएफए जज्झर और यूनाइटेड एफसी दिल्ली के बीच खेला गया। डीएफए झज्जर ने शुरू से ही यूनाइटेड एफसी दिल्ली को दबाकर रखा। संजू ने झज्जर की ओर से दो, पायल ने एक, हिना ने तीन, प्रियंका ने दो और पिंकी ने एक गोल किया। यूनाइटेड एफसी दिल्ली की ओर से एकमात्र गोल अंजली ने किया। 8–1 से झज्जर टीम विजय हुई।

अंतिम मैच शुकराना अकादमी खड्ड ग्रासरूट दिल्ली के मध्य खेला गया। हॉफ टाइम तक दोनों टीमें बराबरी पर चली हुई थीं, लेकिन अंतिम समय मे प्रेरणा दत्ता के पास पर रिया शर्मा ने अपनी टीम को एक गोल कर टीम को एक शून्य की बढ़त दिलवाई और शुकराना फुटबाल अकादमी खड्ड की वंशिका ने एक गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

शुकराना फुटबाल खड्ड ने 2–0 से मैच जीत कर फाइनल मे प्रवेश किया। यह जानकारी मति नंदिता शर्मा ने दी। इस अवसर पर जय दत्ता, अनीश दत्ता जंगी, संजय ठाकुर, गौरव ठाकुर, रोहतास ठाकुर, सुभाष धीमान, पुनीत दत्ता, साहिल ठाकुर, मयंक पंडित, राजेश, कुलदीप सिंह उपस्थित थे। कल प्रतियोगिता का शाम को पांच बजे फाइनल मैच खेला जाएगा।



शुकराना क्लब की टीम।

## मेंटेनेंस ऑफिसर और टेक्नीशियनों के पद के साक्षात्कार आज

**राजेश शर्मा, ऊना।** मैसर्ज इम्यूनेटिक लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड गोंदपुर जयचंद द्वारा तीन पद अधिसूचित किए गए हैं, जिसमें एक पद मेंटेनेंस ऑफिसर और दो पद टेक्नीशियन के शामिल हैं। इन पदों के लिए साक्षात्कार 19 जुलाई को सुबह 10 बजे रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि मेंटेनेंस ऑफिसर के लिए शैक्षणिक योग्यता इलेक्ट्रिकल में इंजीनियरिंग और फार्मा कंपनी में दो साल का अनुभव होना जरूरी है।

इसके अलावा अभ्यर्थी को प्रतिमाह 22 हजार रुपए वेतन दिया जाएगा। टेक्नीशियन पद के लिए इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में आईटीआई और फार्मा कंपनी में चार से पांच साल का अनुभव होना अनिवार्य है। इसके अलावा चयनित अभियर्थी को 18 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। उक्त पदों के लिए आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की है। इच्छुक व योग्यक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## मैसर्ज वोल्टस एनर्जी इनकोर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड में भरे जाएंगे 45 पद

**राजेश शर्मा, ऊना**

मैसर्ज़ वोल्टस एनर्जी इनकोर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पुरुष वर्ग में 45 पद अधिूसचित किए गए हैं जिनमें इलैक्ट्रिकल के 15 पद, इलैक्ट्रॉनिक्स के 5 पद, मकैनिकल के 5 पद, इन्सटूऊमेंटेशन के 5 पद, टर्नर के 5, एलटी वायर व केवल ऑप्रेटर के 5 तथा टेऊनी इंजीनियरिंग के 5 पद शामिल हैं।

यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 20 जुलाई को प्रात: 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि इलैक्ट्रिकल, इलैक्ट्रॉनिक्स, मकैनिकल, इन्सटूमेंटेशन व टर्नर के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं और संबंधित टेऊड में आईटीआई तथा वेतन सरकारी मानदंडों के अनुसार देय होगा। उन्होंने बताया कि एलटी वायर और केवल ऑप्रेटर पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं और 5 से 10 साल का अनुभव तथा वेतन 15 से 20 हज़ार रूपये प्रतिमाह देय होगा। इसके अतिरिक्त टेऊनी इंजीनियर के पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता इलैक्ट्रिशियन, इलैक्ट्रॉनिक्स व मकैनिकल में डिग्री/डिप्लोमा तथा आयु सीमा 18 से 40 वर्ष होना अनिवार्य है।

इच्छुक व योग्यक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज़ फोटो, हिमाचली बोनाफाइड, बायोडाटा और मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 98055–12587 पर संपर्क किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

## प्लेसमेंट ड्राइव पर खुशी जताई

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हिमकेप्स कॉलेज ऑफ लॉ में सफल प्लेसमेंट ड्राइव पर प्रबंधन ने खुशी व्यक्त की है। संस्थान ने पिछले सप्ताह तीन लीगल फर्म को आमंत्रित किया था। फर्मों द्वारा अलग–अलग दिनों में साक्षात्कार की प्रक्रिया को पूरा किया था। छात्र–छात्राओं ने अपनी सुविधा अनुसार फर्मों को साक्षात्कार दिया।

संस्थान की इस पहल की छात्र–छात्राओं सहित अभिभावकों ने भी प्रशंसा की। चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर ने प्रधानाचार्य जसवंत सिंह तथा प्लेसमेंट मेले के समन्वयक द्वारा आयोजित इस प्लेसमेंट ड्राइव की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य जसवंत सिंह ने कहा की संस्थान का मुख्य उद्देश्य छात्र–छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ रोजगार के अवसर प्रदान करना है। बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024/25 के एडमिशन चल रहे हैं, इच्छुक छात्र–छात्राएं 31 जुलाई तक एडमिशन ले सकते हैं।

## वन सर्किल हमीरपुर में बरसात के मौसम में 241 हेक्टेयर भूमि में होगा पौधरोपण

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

वन सर्किल हमीरपुर में बरसात के मौसम में 241 हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण किया जाएगा। हमीरपुर व ऊना जिले के अलावा देहरा के जंगलों में यह पौधरोपण किया जाएगा। जंगलों में खैर, शीशम, तूनी, जामुन, हरड़, बेहड़ा और बांस इत्यादि के पौधे लगाकर जंगलों को हरा–भरा किया जाएगा।

इसमें 10 हेक्टेयर भूमि में मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना के तहत पौधरोपण किया जाएगा। जबकि 231 हेक्टेयर में विभाग की विभिन्न स्कीमों के तहत प्लांटेशन की जाएगी।

जंगलों में डेढ़ वर्ष से लेकर अढ़ाई वर्ष के पौधे जिनकी ऊंचाई करीब चार फुट हो, उन्हीं पौधों का जंगलों में पौधरोपण किया जाता है, ताकि सभी पौधे बरसात में चल सकें। अगर कोई संस्था या फिर स्कूल–कॉलेज सरकारी भूमि में या फिर जंगलों में प्लांटेशन करना चाहता है, तो उन्हें विभाग की ओर से फ्री में पौधे मुहैया करवाए जाएंगे। इसके अलावा लोग अपनी मलकीयत भूमि पर पौधे लगाना चाहते हैं, तो वे विभाग की नर्सरियों से सरकारी रेट पर पौधे खरीद सकते हैं। (अनंत ज्ञान)




वन सर्किल हमीरपुर में बरसात के मौसम में पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा।

### ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं लोग : निशांत मंढोत्रा



फोरेस्ट सर्कल हमीरपुर के अरण्यपाल निशांत मंढोत्रा ने फोरेस्ट सर्कल हमीरपुर के लोगों से अपील की है कि वे बरसात के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका के पदों के लिए मांगे आवेदन

**राजेश शर्मा, ऊना**

बाल विकास परियोजना ऊना के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के विभिन्न पदों पर भर्ती होने जा रही है। इसके लिए 7 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस बारे जानकारी देते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह दयाल ने बताया कि इच्छुक प्रार्थी अपना आवेदन पत्र सादे कागज पर बाल विकास परियोजना अधिकारी ऊना के कार्यालय में 7 अगस्त तक सायं 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रार्थी साक्षात्कार के लिए 13 अगस्त को प्रात: 10 बजे समस्त मूल दस्तावेजों सहित बाल विकास परियोजना कार्यालय ऊना में पहुंचना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01975–225538 व संबंधित पर्यवेक्षक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

इसके अलावा कुलदीप दयाल ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश में आईसीडीएस कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिकाओं की नियुक्ति के लिए मौजूदा दिशा–निर्देशों के मुताबिक संशोधन किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले जिन आवेदकों ने आंगनबाडी वर्कर्स और आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 22 सितंबर, 2023, 20 अक्तूबर, 2023 और 28 नवंबर, 2023 को आवेदन किया था उनके आवेदनों को रद्द कर दिया गया है। इन प्रार्थियों को पुन: 13 अगस्त, 2024 तक आवेदन करना होगा। कुलदीप सिंह दयाल ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सहायिका हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास निर्धारित की गई है। आवदेन करने की अंतिम तिथि तक प्रार्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के लाभान्वित परिक्षेत्र (फीडर एरिया) का सामान्य निवासी होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि प्रार्थी के परिवार की वार्षिक आय 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए जिसका प्रमाण पत्र नायब तहसीलदार, तहसीलदार, कार्यकारी मजिस्ट्रेट अधिकारी द्वारा प्रमाणित/प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए। प्रार्थी हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए, जिसका प्रमाण पत्र समक्ष अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी से दस्तावेज प्राप्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विज्ञापित पदों के लिए चयन कुल 25 अंकों में से योग्यता के आधार पर होगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सहायिका के लिए 102 के अंक प्रतिशतता के अधिकतम पास अंक के आधार पर शैक्षणिक योग्यता के लिए अधिकतम 10 अंक दिए जाएंगे, जिसमें 102 में अंकों का प्रतिशत अधिकतम 7 अंकों के अधीन आनुपातिक आधार पर होगा। उच्च शैक्षणिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को 3 अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे, जिसमें स्नातक के लिए 2 अंक तथा स्नातकोत्तर और ऊपर के लिए 1 अंक रखा गया है। कार्य अनुभव के लिए अधिकतम 3 अंक दिए जाएंगे, इसमें संबंधित पंचायत में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/आंगनबाड़ी सहायिका/बाल सेविका, बालवाड़ी शिक्षक/नर्सरी शिक्षक, सिलाई शिक्षक, ईसीसीई की शिशु पालक, जिन्होंने 10 महीने तक काम किया है, उन्हें प्रत्येक वर्ष के अनुभव के लिए एक अंक दिया जाएगा, जो अधिकतम 3 अंकों के अधीन होगा। 40 प्रतिषत और उससे अधिक विकलांगता वाली दिव्यांग महिलाओं के लिए 2 अंक दिए जाएंगे। इसमें यह शर्त रहेगी कि विकलांगता इस प्रकार की ना हो कि वह उनकी नौकरी की जिम्मेदारी के निर्वहन में बाधा उत्पन्न करे। (अनंत ज्ञान)

### यहां भरे जाएंगे पद

बाल विकास परियोजना ऊना के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं/ सहायिकाओं के विभिन्न पद भरे जाएंगे। आंगनबाड़ी केंद्र समूर कलां, आदर्श नगर अप्पर अरनियाला, हरिजन मोहल्ला अप्पर कोटला कलां, रैन्सरी मध्य, बदोली-1, भटोली-1 व वाल्मीकी मोहल्ला-1 बहडाला, लमलेहड़ा पुराना, केंद्र नं 18 बसदेहड़ा, भड़ोलिया कलां बाड़ेवाला मोहल्ला व चिलावाला मोहल्ला बडेहर में आंगनबाड़ी वर्कर्स के पद भरे जाएंगे। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्र राजपूत मोहल्ला-1 बहडाला, रायपुर-4, लमलेहडा-2, लमलेहडा ब्राह्मण मोहल्ला, केंद्र नं. 16 बसदेहड़ा, केंद्र नं. 13 बसदेहड़ा, नारी, जखेडा-2, भटोली-2, सनोली राजपूत जाट मोहल्ला-2, प्रेम नगर ऊना, रामपुर-2, धमांदरी मनसोह, ब्राह्मण पट्टी मलाहत व रामपुर हरिजन मोहल्ला, अप्पर देहलां माहल दरजी-2, टक्का रामसहाय, त्यूड़ी-3, नीलाघाट सनोली व अप्पर बसाल में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पद भरे जाएंगे।

## आस्था

### सावन मास शुरू होते ही धौमेश्वर मंदिर में हर दिन पहुंच रहे सैकड़ों श्रद्धालु, कमेटी ने किए पुख्ता प्रबंध

# नशा, पॉलीथिन, थर्मोकोल पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन करने पर होगा जुर्माना

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सदाशिव मंदिर तलमेहड़ा में सावन मास के शुरू होते ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया है और सावन मास के प्रथम सप्ताह में कई बड़े संत, महात्मा या फिर अन्य सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच कर शिवलिंग पर जल चढ़ा कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

मंदिर कमेटी के चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने बताया कि 16 जुलाई से शुरू हुए सावन मास मेलों में सदाशिव मंदिर में हर दिन श्रद्धालु बढ़–चढ़कर मंदिर में पहुंच रहे हैं और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि मंदिर कमेटी द्वारा पहले ही सावन मास मेलों की तैयारियां पूर्ण कर ली हैं और मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था, पूजा–अर्चना का विशेष प्रावधान एवं हर प्रकार की सुविधाओं के लिए मंदिर कमेटी द्वारा पूर्ण तैयारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सदाशिव मंदिर परिसर में पॉलीथिन का कोई प्रयोग नहीं किया जा रहा है और मंदिर परिसर में पॉलीथिन पूरी तरह से वर्जित कर दिया है और जो भी भक्त प्रसाद में फल अथवा अन्य सामग्री ला रहे हैं, उन्हें कपड़े के बैग में लाने के आदेश दिए जा रहे हैं और मुख्य गेट पर ही कमेटी सदस्य पॉलीथिन प्रयोग न करने का भक्तों से आग्रह कर रहे हैं। यह सब पर्यावरण के बचाव के लिए कमेटी ने फैसला लिया है।

पूर्व में साबन मास मेलों में भरकम पॉलीथिन का प्रयोग होता रहा है और जब सदाशिव मंदिर में सावन या अन्य धार्मिक कार्यक्रम खत्म होते हैं, वहीं या तो पॉलीथिन को मंदिर परिसर से दूर जाकर आग की भेंट करना पड़ता था या फिर किसी जगह फेंकना पड़ता था, जो कहीं न कहीं पर्यावरण को दूषित करता था, इसलिए मंदिर कमेटी ने यह निर्णय लिया है कि सदाशिव एमएनडीआरएम पॉलीथिन और थर्मोकोल को सदा के लिए बैन कर दें और अब सदाशिव मंदिर में किसी भंडारे एवं किसी भी कार्यक्रम में इनका कोई प्रयोग नही होगा। सदाशिव मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं की आस्था बनी हुई है और मंदिर कमेटी की तरफ से हम सभी श्रद्धालुओं से आग्रह भी करते हैं कि धौमेश्वर मंदिर परिसर को भारत स्वच्छ अभियान के तहत स्वच्छ रखे। सदाशिव मंदिर आप सभी की धरोधर है और कमेटी की तरह आपका भी सदाशिव मंदिर में हर कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर को स्वच्छ रखना और मंदिर परिसर में साफ–सफाई और शांति बनाकर हर कार्यक्रम को सफल बनाने का पूरा पूरा हक है।

शर्मा ने सदाशिव मंदिर से जुड़े सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि 21 जुलाई को सदाशिव मंदिर परिसर में सावन मास का पहला धार्मिक कार्यक्रम है जिसमें हिमाचल की शान गायक निशा शर्मा और पंजाब की बुलंद आवाज साजन अमृतसर भोलेनाथ की महिमा का गुणगान करेंगे। आप सभी बड़ी संख्या में सादर आमंत्रित हैं। प्रवीण शर्मा ने कहा कि धौमेश्वर मंदिर परिसर या अंदर किसी भी व्यक्ति को कोई नशा करके मंदिर अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी और कमेटी की तरफ से उक्त व्यक्ति को पांच हजार का जुर्माना भी किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



धौमेश्वर महादेव मंदिर में पूजा–अर्चना करते आचार्य हेमानंद जी और मंदिर ट्रस्ट के प्रधान प्रवीण शर्मा।

### दान का एक–एक पैसा मंदिर के विकास में समर्पित

प्रवीण शर्मा ने कहा कि धौमेश्वर मंदिर परिसर में जो भी विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं, इसका सारा श्रेय श्रद्धालुओं को जाता है। श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान का एक-एक पैसा मंदिर के विकास पर खर्च हो रहा है और श्रद्धालुओं के आशीर्वाद से मंदिर परिसर में गोशाला के बाद अब नंदीशाला और अब एक सनातन की आचार्य शिक्षा के लिए स्कूल भी खुलेगा और उसमे केवल वेद व्याकरण और सनातन संस्कृति के पाठ पढ़ाए जाएंगे। यह सब श्रद्धालुओं के धौमेश्वर मंदिर के प्रति आस्था श्रद्धा और अटूट विश्वास के साथ दिल खोलकर दिए जा रहे दान की वजह से संभव हो पा रहा है।



# रेहड़ी-फड़ी वालों के समर्थन में सीटू ने केंद्र की नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

## डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश को सौंपा ज्ञापन, देश के सार्वजनिक उपक्रमों को बेचा जा रहा

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय ढालपुर कुल्लू में रेहड़ी-फड़ी का कारोबार कर रहे लोगों के समर्थन में उतरी सीटू से संबंधित विभिन्न मजदूर यूनियनों द्वारा सीटू कार्यालय से लोअर ढालपुर से होकर उपायुक्त कार्यालय तक रैली निकाली गई।

वीरवार को डीसी कार्यालय के बाहर मनरेगा मजदूर, मिड-डे मील वर्कर्स, रेहड़ी-फड़ी मजदूर, हाइडल प्रोजेक्टों से संबंधित मजदूर यूनियनों से जुड़े सैकड़ों मजदूरों ने भाग लिया। इसके साथ बंजार में भी एसडीएम कार्यालय बंजार के बाहर आंगनबाडी एवं मिड-डे मील व निर्माण व मनरेगा के मजदूरों ने प्रदर्शन किया। आनी व सैंज में भी मजदूरों द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस दौरान डीसी कार्यालय के बाहर सभा को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश सीटू राज्य महासचिव प्रेम गौतम ने केंद्र की मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो प्रधानमंत्री सबका साथ सबके विकास के नारे पर गरीब जनता से वोट मांगते हैं और सत्ता में आने पर काम अडानी, अंबानी के लिए करते हैं। उन्होंने बताया कि इस नीति के तहत देश के सार्वजनिक उपक्रमों को बेचा जा रहा है। इन उपक्रमों को खरीदने वाले उद्योगपतियों और ठेकेदारों को और अधिक मुनाफा बढ़ाने के लिए चार श्रम संहिताओं को लागू करने का प्रयत्न किया जा रहा है और देश के स्कीम वर्कर्स की अनदेखी करते हुए आंगनबाडी, मिड-डे मील, मनरेगा जैसी स्कीमों में हर वर्ष लगभग 40 प्रतिशत की कटौती करते हुए इन स्कीमों को खत्म करने व प्राइवेट हाथों में सौंपने की कोशिश की जा रही है। इन्हीं नीतियों के चलते हिमाचल प्रदेश में भी प्रदेश सरकार पिछले डेढ़ वर्षों से श्रमिक कल्याण बोर्ड को सही तरीके से संचालन नहीं करने के कारण लगभग 4 लाख से अधिक मजदूरों की सुविधाओं को रोक दिया है और न ही नवीनीकरण तथा पंजीकरण हो रहा है। (अनंत ज्ञान)



डीसी कार्यालय के आगे प्रदर्शन करते सीटू सदस्य एवं रेहड़ी-फड़ी कारोबारी।

### मजदूरों के लिए वेंडर जोन चिन्हित कर बसाया जाए

इसी तरह कुल्लू में भी प्रशासन द्वारा रेहड़ी-फड़ी के मजदूरों को हटाए जाने पर कड़ा विरोध प्रकट किया और कहा मजदूरों के लिए वेंडर जोन चिन्हित कर इन्हें बसाया जाए और इनके रोजगार व रोजी रोटी को सुनिश्चित किया जाए। हिमाचल किसान सभा के राज्य महासचिव होतम सौंखला ने कहा कि अगर देश में इन 4 श्रम संहिताओं को वापस नहीं किया गया, तो पूरे प्रदेश का किसान, मजदूरों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर मोदी सरकार को घेरेंगे। यह प्रदर्शन तब तक जारी रहेंगे, जब तक इन संहिताओं को रद्द नहीं किया जाता।

# महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही इनोवेटिव डेकेयर रोबोट-एडेड सर्जरी : डॉ. स्वपना मिश्रा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

फोर्टिस अस्पताल मोहाली में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की निदेशक डॉ. स्वपना मिश्रा ने कहा कि जटिल गाईनेकोलॉजी कैंसर से पीड़ित महिलाओं के लिए इनोवेटिव डेकेयर रोबोट-एडेड सर्जरी वरदान साबित हो रही है। वीरवार को कुल्लू में उन्होंने कहा कि फोर्टिस अस्पताल में 2017 से यह सर्जरी सुविधा शुरू हुई है और अभी तक वह 600 से अधिक सफल रोबोटिक सर्जरी कर चुकी हैं। इन महिला मरीजों में हिमाचल की भी काफी महिलाएं हैं, जिन्हें इसका लाभ मिल चुका है।

डॉ. मिश्रा ने कहा, डेकेयर रोबोट-एडेड सर्जरी सुरक्षित है और मरीज को उसी दिन घर वापस जाने की अनुमति देती है। इसमें खून चढ़ाना, एंटीबायोटिक का उपयोग और अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं पड़ती। हाल ही में ओवेरियन सिस्ट (ट्यूमर) से पीड़ित एक नौ वर्षीय लड़की का डेकेयर गायनोकोलॉजी रोबोट-एडेड सर्जरी के माध्यम से सफलतापूर्वक इलाज करके उसके अंडाशय को बचा लिया गया है। नौ साल की बच्ची के पेट में बहुत तेज दर्द के चलते उसके परिवार ने कई चिकित्सकों से सलाह ली, जिन्होंने उन्हें ओपन सर्जरी के साथ-साथ अंडाशय निकालने की भी सलाह दी गई थी। असहनीय दर्द के चलते बच्ची का रोबोट सर्जरी से ओवरियन सिस्ट को निकालकर उसके अंडाशय को बचा लिया गया। सर्जरी के उसी दिन लड़की को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, अब वह पूरी तरह से स्वस्थ है। वहीं, फाइब्रॉइड से पीड़ित एक 35 वर्षीय महिला लंबे समय से पेल्विक दर्द, भारी मासिक धर्म रक्तस्राव और पेशाब के दौरान दर्द व उनके अल्ट्रासाउंड में उनके गर्भाशय में विभिन्न आकार के सात फाइब्रॉइड दिखाई दिए। मरीज को दूसरे अस्पताल में फाइब्रॉइड हटाने के लिए ओपन सर्जरी की सलाह दी गई थी, जिससे रक्तस्राव की जटिलताओं के कारण उनका गर्भाशय भी ढीला हो जाता। फोर्टिस अस्पताल मोहाली में डेकेयर गायनोकोलॉजी रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से सफलतापूर्वक इलाज किया गया।

एक दिन के बाद उन्होंने अपनी सामान्य दिनचर्या फिर से शुरू कर दी। डॉ. मिश्रा ने हिमाचल व कुल्लू खासकर लाहौल-स्पीति की महिलाओं से भी ऐसी स्थिति में फोर्टिस अस्पताल से संपर्क करने और रोबोटिक सर्जरी की सलाह दी है। (अनंत ज्ञान)

### स्त्री रोग को बताएं, छुपाएं नहीं महिलाएं



वहीं, उन्होंने कहा कि माहवारी के दौरान दर्द महिलाओं की दिनचर्या को बहुत ही ज्यादा प्रभावित करता है। यदि मासिक धर्म के दौरान बढ़ते दर्द को महिलाएं हल्के में न लें, तो वह माहवारी से संबंधित होने वाली गंभीर बीमारियों से बच सकती है। महिलाएं अपने शरीर से संबंधित कई ऐसे लक्षणों-रोगों को छुपाती हैं या फिर उसे बताने से हिचकिचाती हैं, जिस कारण वह गंभीर बीमारी का रूप धारण कर जाता है।

# लोग पानी की किल्लत से परेशान

## नगर बंजार के वार्ड दो, तीन में पानी की कमी, डीसी को भेजा ज्ञापन

**शीला कौल, बंजार**

बंजार उपमंडल के अधीन पड़ने वाले नगर पंचायत बंजार के वार्ड नंबर-दो और तीन में पीने की पानी की किल्लत होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस परेशानी को लेकर नगर पंचायत बंजार की अध्यक्ष आशा शर्मा तथा उपाध्यक्ष प्रकाश वशिष्ठ, चोबे राम, चरण दास ठाकुर, अंशुल शर्मा, सरला देवी, अनुप राम, महेंद्र शर्मा आदि नगर वासियों ने पानी के पीने की किल्लत को देखते हुए एसडीएम बंजार पंकज शर्मा के माध्यम से डीसी को मांग पत्र भेजा।

इस मांग पत्र ज्ञापन के माध्यम से नगर वासियों द्वारा कहा गया कि नगर पंचायत बंजार के वार्ड नंबर दो और तीन में पिछले दो महीने से पानी की थोड़ी-थोड़ी किल्लत शुरू हो गई थी पर अब दिन प्रतिदिन पानी की किल्लत बढ़ रही है। मांगपत्र में कहा कि कई बार इस विषय को लेकर शिकायत भी की गई, लेकिन इसका कोई हल नहीं निकला। विभाग ने उपरोक्त वार्ड नंबर दो और तीन के मध्य दुआला माता मंदिर के रास्ते के किनारे पानी की सप्लाई के लिए पौने इंच की पाइप लगाई है और यह पाइप वर्ष-1996 से लगाई है उस समय मात्र तीन कनेक्शन इस पाइप से दिए गए थे पर अब करीब 60 से 70 कनेक्शन इस पाइप से दिए गए हैं। लोगों का कहना है कि इतनी छोटी पाइप से घरों के लिए पानी सप्लाई पूरी नहीं हो रही है। लोगों का कहना है कि विभाग का फील्ड स्टाफ पाइपलाइन के खराब होने पर प्लास्टिक के कागज की पैकिंग डालकर पानी के बहाव को कम करते हैं। पीने के पानी की सप्लाई सही तरीके से नहीं हो रही है, जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गर्मी अधिक होने के कारण लोगों के लिए पानी की सप्लाई सही तरीके से नहीं हो रही है, जिसके चलते लोग कब काफी परेशान हैं। लोगों ने विभाग से आग्रह किया है कि समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। एसडीएम बंजार पंकज शर्मा द्वारा नगर वासियों की समस्या पर गोर करते हुए कहा कि पानी की समस्या को देखते हुए मांग पत्र डीसी को भेज दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



पानी की समस्या को लेकर एसडीएम बंजार के माध्यम से डीसी को ज्ञापन भेजते लोग।

# सिक्किम में सीएम से लेकर लोग सरकारी चालक को बोलते हैं गुरुजी : तुले राम

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

राजकीय अर्द्ध राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ कुल्लू के अध्यक्ष तुले राम और महासचिव वेद राम ने अखिल भारतीय सरकारी चालक संघ के साथ सिक्किम राज्य का दौरा किया।

तुले राम ने बताया कि सिक्किम राज्य के चालक संघ का सिल्वर जुबली कार्यक्रम गंगटोक में धूमधाम से मनाया गया। तुले राम के अनुसार हिमाचल प्रदेश की ओर से सिक्किम जाने का अवसर प्राप्त हुआ। इस मौके पर वहां पर चालक संघ सिक्किम की ओर से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि बहुत ही हर्ष का विषय है कि कुल्लू जिला संघ को सिक्किम राज्य चालक संघ के ऐतिहासिक कार्यक्रम सिल्वर जुबली में जाने का मौका मिला और वहां पर हिमाचल का नेतृत्व करने का भी अवसर मिला। तुले राम ने सिक्किम ड्राइवर के अध्यक्ष छोपल भूटिया, सोमनाथ अधिकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप गौतम, महामंत्री दाबा लापचा और सभी चालक का आभार व्यक्त किया और कहा कि हम आपके हमेशा ऋणी रहेंगे कि आपने अपने सिल्वर जुबली जो कि एक एतिहासिक कार्यक्रम गंगटोक में आयोजित किया गया इसमें हिमाचल प्रदेश की ओर से हमें भी आमंत्रित किया।

तुले राम ने कहा कि सिक्किम राज्य के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग गोले ने हिमाचल की बहुत ही सराहना की। हिमाचल प्रदेश की ओर से तुले राम और वेदराम ठाकुर ने प्रेम सिंह तमांग गोली मुख्यमंत्री सिक्किम राज्य को टोपी और शाल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीएम ने हिमाचल से आए तुले राम और वेदराम ठाकुर को अपनी ओर से सम्मानित किया।

तुले राम ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग गोले ने सिक्किम राज्य के चालक भाइयों को सभी जिले में प्रचार प्रसार करने के लिए अपनी ओर से महिंद्रा बोलेरो जीप चालक संघ को दी है, जो की एक बहुत ही सराहनीय कार्य है और सिक्किम राज्य के चालकों को मुख्यमंत्री के द्वारा ड्राइवर नहीं, बल्कि गुरु जी का नाम दिया गया है। पूरे सिक्किम राज्य में हर व्यक्ति सरकारी चालक को गुरु जी से पुकारतें हैं। (अनंत ज्ञान)



सिक्किम के मुख्यमंत्री के साथ राजकीय अर्द्ध राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ जिला कुल्लू के अध्यक्ष तुले राम और महासचिव वेद राम ठाकुर व अन्य गणमान्य लोग।

# 25 दिव्यांगजनों को सहायक यंत्र एवं उपकरण किए वितरित

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला रेडक्रॉस अध्यक्ष एवं डीसी तोरुल एस रवीश ने जिला रेडक्रॉस कुल्लू द्वारा संचालित आदर्श जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र कुल्लू के माध्यम से 25 दिव्यांगजनों को सहायक यंत्र एवं उपकरण वितरित किए।

वीरवार को भुंतर ब्लॉक और कुल्लू ब्लॉक के चिन्हित व्यक्तियों के लिए डीडीआरसी, आरएच कुल्लू में एक वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता डीसी ने की। उन्होंने 25 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, स्मार्ट केन, एक्सिला बैसाखी, श्रवण यंत्र, एल्बो बैसाखी, सीपी चेयर वितरित की। डीसी ने बताया कि रेड क्रॉस सोसायटी, कुल्लू सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, सरकार द्वारा प्रायोजित योजना को क्रियान्वित कर रही है, जिसमें दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों और यंत्रों की खरीद/फिटिंग के लिए सहायता प्रदान की जा रही है। यह योजना क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा दिव्यांगजनों के लिए चलाए जा रहे जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके शारीरिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पुनर्वास को बढ़ावा देने के लिए टिकाऊ, आधुनिक और वैज्ञानिक रूप से निर्मित सहायता और सहायक उपकरण प्रदान करना है, जिससे दिव्यांगता के प्रभाव को कम किया जा सके और उनकी शैक्षिक और आर्थिक क्षमता में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, जिलेभर में उनकी आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न तरह की सहायता और उपकरणों के लिए 105 दिव्यांगजनों की पहचान की गई थी। (अनंत ज्ञान)




# 21 को देवसदन भवन में मनाया जाएगा 19वां सूत्रधार गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कोर कमेटी की बैठक संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में सूत्रधार भवन के कार्यालय में संपन्न की गई।

बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने बताया कि सूत्रधार कला संगम वर्ष 1977 से कला संस्कृति व समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर रूप से कार्यरत हिमाचल प्रदेश की एक अग्रणी संस्था है। संस्था का मूल उद्देश्य उभरती हुई युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, समाज सेवा तथा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना है। संस्था हर वर्ष की भांति इस बार भी 21 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के शुभावसर पर 19वें सूत्रधार गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन कर रही है। गुरु पूर्णिमा, जो कि ऋषि वेद व्यास को समर्पित गुरु और शिष्य के पवित्र संबंध का प्रतीक है। गुरु पूर्णिमा भारत में अपने आध्यात्मिक गुरु के साथ-साथ अकादमिक गुरुओं के सम्मान में उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए मनाया जाने वाला पर्व है। इसी कड़ी में सूत्रधार संगीत अकादमी के प्रशिक्षु भी अपने गुरू पंडित विद्यासागर के सम्मान में समर्पित इस 19वें सूत्रधार गुरू पूर्णिमा महोत्सव में गीत-संगीत व नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुतियां देंगें। (अनंत ज्ञान)

# स्टूडेंट्स ने तैयार की सुंदर राखियां

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

चारु फाउंडेशन और नवचेतना स्पेशल स्कूल के प्रांगण में तीन दिन विशेष बच्चों को राखी के त्योहार को देखते हुए सुंदर-सुंदर राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

वीरवार को नवचेतना विशेष स्कूल सरवरी में विशेष छात्रों के द्वारा बनाई जा रहीं सुंदर-सुंदर राखी के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान चारु फाउंडेशन की वोकेशनल टीचर ने बताया कि रक्षाबंधन के त्योहार को देखते हुए स्कूल के विशेष बच्चों को सुंदर-सुंदर राखियां बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेष छात्रों के द्वारा बनाई गई इन राखी के उत्पादों को विभिन्न स्कूलों में भेजा जाएगा। चारु फाउंडेशन की अध्यापिका ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य इन विशेष बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना और आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि ये विशेष बच्चे संस्था से प्रशिक्षण ग्रहण कर अपने पैरों पर खड़े हो सकें। इस दौरान उन्होंने बताया कि वोकेशनल ट्रेनिंग के दौरान बनाए गए उत्पादों की बिक्री के बाद जमा हुई धनराशि को संस्था के सभी बच्चों में बराबर बांट दिया जाता है, ताकि बच्चों में आत्मनिर्भरता की भावना को पैदा किया जा सके। इस दौरान संस्था में उपस्थित कुल्लू कॉलेज के एनएसयूआई महासचिव विशाल ने बताया कि एनएसयूआई कुल्लू यूनिट के सभी सदस्य भविष्य में नवचेतना स्कूल और चारु फाउंडेशन के साथ मिलकर विशेष बच्चों के द्वारा बनाए गए उत्पादों की मार्केटिंग करने के साथ-साथ उत्पादों को बनाने में भी सहायता प्रदान करेंगे। (अनंत ज्ञान)



नवचेतना विशेष स्कूल और चारु फाउंडेशन के सहयोग से राखी बनाते संस्था के विशेष बच्चे।

# परिसंपत्तियों से आय बढ़ाएगी पंचायत समिति आनी

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** पंचायत समिति आनी अपनी परिसंपत्तियों को किराये पर देकर आय बढ़ाएगी। हाल ही में संपन्न पंयायत समिति की त्रेमासिक साधारण बैठक में इस पर चर्चा की गई थी।

मामले पर आगामी कार्रवाई करते हुए समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमनदीप सिंह ने कहा कि समिति की परिसंपत्तियों में शामिल गैस्ट हॉउस में चार कमरे, एक कार पार्किंग और मुख्यमंत्री लोक भवन में एक शटर किराये पर दिया जाना है। एक साल के लिए किराये पर देने के लिए खुली बोली का आयोजन होगा। मामले पर एसडीएम आनी की अध्यक्षता में 11 जुलाई को पंचायत समिति हॉल आनी में नीलामी का आयोजन किया गया था, लेकिन पर्याप्त बोलीदाता न होने के कारण नीलामी स्थगित कर दी गई। अब मामले पर आगामी नीलामी 26 जुलाई को आयोजित की जाएगी। उन्होंने नीलामी में भाग लेने के इच्छुक लोगों से उपरोक्त तिथि को 11: 30 बजे पंचायत समिति हॉल आनी में खुली बोली प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है। नीलामी के लिए और इसके पश्चात बोलीदाता को पंचायत समिति की ओर से जारी कुछ शर्तों का पालन करना होगा। इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए बीडीओ कार्यालय आनी में संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने इच्छुक आम जनता से अधिक संख्या में इस प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

# हरियाली रोपकर जगाई पर्यावरण की अलख

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

सावन महीने के अवसर पर भुंतर सुधार समिति ने पार्वती डिवीजन के हुरला रेंज की भूईंन ठेला स्थान में पौधरोपण कर पर्यावरण की अलख जगाई।

वन विभाग से भूईंन बीट की ब्लॉक आधिकारी अहल्या देवी, प्रारंभिक खंड शिक्षा अधिकारी डीआर आनंद, ग्लोबल विलेज स्कूल के प्रिंसिपल गणेश भारद्वाज, प्रेस क्लब कुल्लू के अध्यक्ष धनेश गौतम, प्रेस क्लब भुंतर के प्रमुख पदाधिकारी पौधरोपण अभियान में उपस्थित रहे। जंगल को हराभरा करने को दियार, दाढ़ू , देवदार, कोश, चूली, पोपलर, बान आदि के 150 पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। पौधरोपण के इस अभियान में ग्लोबल विलेज स्कूल के 25 बच्चों ने पौधे लगाने में अपनी रुचि दिखाई।

प्रिंसिपल गणेश भारद्वाज ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद व बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान देना ग्लोबल विलेज स्कूल की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से पर्यावरण संरक्षण को लेकर भुंतर सुधार समिति सामाजिक संस्था के साथ मिलकर पौधरोपण अभियान में अपना कीमती समय दिया। भुंतर सुधार समिति एवं प्रेस क्लब भुंतर के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने इस पौधरोपण अभियान में शामिल सभी बंधुओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन को बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है। इसके लिए खाली धरती पर पौधे लगाना व जंगलों को आग से बचाना अतिआवश्यक हैं। प्रकृति से छेड़छाड़ के भयंकर परिणाम आज सबके सामने हैं। हिमाचल में आई 2023 की त्रासदी हम सभी के लिए बहुत बड़ा उदाहरण है। (अनंत ज्ञान)



## एबीवीपी ने लगाया मार्गदर्शन केंद्र




कमलेश वर्मा, कुल्लू। हरिपुर कॉलेज में वर्ष (2024-25) की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसमें हरिपुर कॉलेज में नए विद्यार्थियों के लिए एबीवीपी हरिपुर इकाई द्वारा मार्गदर्शन केंद्र लगाया गया है। इस दौरान एबीवीपी कॉलेज में नए छात्रों की समस्याओं का समाधान कर रही है। एबीवीपी ने अपने स्थापना काल से राष्ट्रहित, समाज हित और छात्र हित में कार्य किया है। इन्हीं सभी को मद्देनजर रखते हुए स्टूडेंट्स के हर असंभव कार्य को संभव करने का काम एबीवीपी कर रही है।

## कोलीबेहड़ के इन क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद

**कुल्लू।** कोलीबेहड़ व आसपास के इलाकों में शुक्रवार और उसके बाद 23 व 27 जुलाई को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता बिजली उपमंडल कुल्लू ने कहा कि 11 केवी फीडर कोलीबेहड़ की मरम्मत और रखरखाव के लिए कोलीबेहड़, श्यारिड़ोग, पचाली, खड़िहार, शीलीराजगिरी, भुलंग व आसपास के इलाकों में शुक्रवार और उसके बाद, 23 व 27 जुलाई को प्रातः दस से सायं 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।




**आस्था** | अंबिका माता, दत्तात्रेय स्वामी की छड़ी को तहसीलदार निरमंड ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# दशनामी जूना अखाड़ा से श्रीखंड कैलाश को रवाना हुई 29वीं छड़ी यात्रा

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

उत्तरी भारत की सबसे कठिनतम श्रीखंड कैलाश के दर्शन को निरमंड के दशनामी जूना अखाड़ा से माता अंबिका माता और दत्तात्रेय स्वामी की 29वीं छड़ी यात्रा वीरवार को श्रीखंड यात्रा पर रवाना हो गई।

छड़ी यात्रा को तहसीलदार निरमंड जय गोपाल शर्मा और छड़ी यात्रा समिति के अध्यक्ष टाकेश्वर शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। निरमंड से छड़ी यात्रा को अखिल भारतीय पंच दशनामी जूना अखाड़ा जींद के महंत राम चंद ने दावत की अध्यक्षता में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद वाद्ययंत्रों की ध्वनि, शंखनाद और बम-बम भोले, हर हर महादेव के जयकारों के साथ रवाना किया। इस छड़ी यात्रा में देश के विभिन्न अखाड़ों के दर्जनों साधु महात्माओं ने भाग लिया। छड़ी यात्रा समिति के अध्यक्ष टकेश्वर शर्मा ने बताया कि यह छड़ी यात्रा वीरवार सायं तक जाओं, सिंहगाड़ होते हुए, भराटीनाला पहुंचेगी, जबकि 21 को गुरु पूर्णिमा के दिन श्रीखंड कैलाश के दर्शन करने के बाद छड़ी 24 की शाम को वापस जूना अखाड़ा निरमंड पहुंच जाएगी, जबकि 25 को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



निरमंड के दशनामी जुना अखाड़ा से श्रीखंड महादेव को रवाना होते हुए 29वीं छड़ी यात्रा का जत्था।

### वर्ष 1996 में शुरू की गई थी छड़ी यात्रा

इस अवसर पर कारदार पुष्पेंद्र शर्मा, छड़ी यात्रा समिति के सचिव योगेश भार्गव योगी, उपाध्यक्ष खेम राज सोनी, कपिल शर्मा, विकास शर्मा, हेम दिवाकर दत्ता सहित निरमंड क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रीखंड कैलाश के दर्शनों के लिए निरमंड के जूणा अखाड़े से माता अंबिका और दतात्रेय स्वामी की छड़ी यात्रा वर्ष 1996 में शुरू की गई थी। छड़ी यात्रा प्राचीन समय से जाती है, जो हर साल देव शयनी एकादशी को निरमंड से रवाना होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### 270 ग्राम अफीम सहित उत्तर प्रदेश का व्यक्ति गिरफ्तार

**बीबीएन।** पुलिस थाना बद्दी के तहत एनडीपीएस के मामले में 270 ग्राम अफीम समेत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अरुण निवासी उत्तर प्रदेश से हुई, जो कि अफीम की अवैध तस्करी करता था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति अफीम बेचने की फिराक में है, जिसे तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रोका और तलाशी लेने पर उससे 270 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि की।

### स्थानीय निधि लेखा समिति 22 से सोलन में

**आर मोहन, सोलन।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा की स्थानीय निधि लेखा समिति सभापति संजय रतन की अध्यक्षता में 22 व 23 जुलाई को जिला सोलन के प्रवास पर आ रही है। समिति 22 को प्रातः 11 बजे सोलन में हिमाचल राज्य लेखा परीक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले संस्थानों, बोर्डों, स्वायत्त व अर्द्ध-स्वायत्त निकायों, विकास प्राधिकरणों के साथ बैठक कर लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों में उल्लेखित ऑडिट पैरों एवं गत तीन वित्तीय वर्षों के आय-व्यय प्राक्कलनों और कार्य-कलापों की संवीक्षा करेगी। स्थानीय निधि लेख समिति 23 प्रातः 11 बजे बद्दी तथा दोपहर बाद तीन बजे परवाणू का दौरा करेगी। स्थानीय निधि लेखा समिति में सभापति संजय रतन के अतिरिक्त सदस्यों में डॉ. हंस राज, सतपाल सिंह सत्ती, प्रकाश राणा, रणवीर सिंह निक्का, केवल सिंह पठानिया, हरीश जनारथा तथा विवेक शर्मा शामिल हैं। इसके अतिरिक्त समिति अधिकारी, अनुभाग अधिकारी, दो प्रतिवेदक, संबंधित सहायक तथा हिमाचल राज्य लेखा परीक्षा विभाग के दो संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारी समिति के साथ होंगे। (अनंत ज्ञान)

### 22 को संगड़ाह में लगेगा निशुल्क जांच शिविर

**एसपी जैरथ, नाहन।** नाहन श्री साईं अस्पताल द्वारा संगड़ाह पंचायत में 22 को निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैंप में हृदय रोग, जर्नल फिजिशियन, नेत्र रोग व हड्डी रोग से संबंधित बीमारी की जांच की जाएगी। इस कैंप के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिला, जिसमें लोगों की नेत्र रोग, जनरल फिजिशियन और हड्डी रोग और हृदय रोग की निशुल्क जांच की जाएगी। श्री साईं ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की निदेशक डॉ. दिनेश बेदी ने बताया कि हमारी हर ब्रांच में विभिन्न अनुभवी चिकित्सकों द्वारा निशुल्क शिविरों के माध्यमों से मुफ्त जांच एवं परामर्श की सेवाएं दी जा रही हैं, ताकि सिरमौर के भाई, बहनों को किसी भी प्रकार की मेडिकल इमरजेंसी में सही मार्गदर्शन मिल सके। कैंप में जांच के लिए अपनी पुरानी पर्ची साथ में जरूर लाएं। कैंप 22 जुलाई दिन सोमवार समय 10 से दो बजे तक आयोजित किया जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य कार्ड जैसे हिम कार्ड, आयुष्मान कार्ड योजना पर मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है। (अनंत ज्ञान)

### आउटसोर्स कर्मियों के लिए जल्द बनाएं स्थायी नीति

**जीता सिंह नेग, रिकांगपिओ।** प्रदेश में कार्यरत समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए सरकार जल्द नीति बनाए तथा उस के उपरांत ही अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति करे। जिला किन्नौर आउटसोर्स कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष कमल किशोर नेगी ने कहा कि आउटसोर्स में रोजगार देने से कर्मचारियों का शोषण होता है। इन कर्मचारियों को बहुत कम वेतन में कार्य करना पड़ता है, जबकि आउटसोर्स कर्मचारी एक नियमित कर्मचारी के समान काम करता है और कई विभागों में तो केवल आउटसोर्स कर्मचारी ही सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन सरकार अभी भी इन कर्मचारियों के लिए ठोस नीति नहीं बना पाई है और इन कर्मचारियों को बहुत कम वेतन में अपनी सेवाएं देनी पड़ रही हैं। आज के इस महंगाई के दौर में कम वेतन से अपने तथा अपने आश्रितों का पालन पोषण करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान सरकार जब विपक्ष में थी, तो आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए ठोस नीति बनाने की बात कहती थी और वर्तमान मुख्यमंत्री सुक्खू ने ही इन कर्मचारियों के लिए एक स्थायी नीति बनाने की बात कही थी, जिससे इन कर्मचारियों का शोषण रोका जा सके। सरकार बनने के बाद प्रदेश के आउटसोर्स कर्मचारी मुख्यमंत्री से मिले थे, जिन्होंने आश्वासन दिया था कि जल्द आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे, लेकिन अभी तक इन कर्मचारियों के हितों के लिए कोई ठोस नीति नहीं बन पाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग की है कि जल्द इन कर्मचारियों के लिए ठोस नीति बनाई जाए, ताकि इन कर्मचारियों के शोषण को रोका जा सके। (अनंत ज्ञान)

# बजट के अभाव में मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल के निर्माण में देरी

## आरटीआई में खुलासा निर्माण कार्य को प्रदेश सरकार से मिले मात्र 3.7 करोड़ , भाजपा सरकार ने उपलब्ध करवाए थे 28.97 करोड़

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन के कथेड़ में निर्माणाधीन मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल का कार्य बजट के अभाव में ठप पड़ गया है। सरकार से बजट नहीं मिलने के चलते ठेकेदार ने कार्य रोक दिया है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार सरकार से मिले बजट के अलावा निर्माण कार्य पर 20 करोड़ खर्च कर चुका है।

ऐसे में बजट आने तक ठेकेदार ने निर्माण कार्य ठप किया है। पूर्व में मंत्री रहे महेंद्र नाथ सोफत की तरफ से ली गई आरटीआई के मुताबिक प्रदेश सरकार से अभी तक अस्पताल के निर्माण कार्य को मात्र 3.07 करोड़ ही मिल पाया है, जबकि पूर्व की भाजपा सरकार ने 28.97 करोड़ रुपए उपलब्ध करवाए थे। (अनंत ज्ञान)


सोलन के कथेड़ में निर्माणाधीन मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल।

### भाजपा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से की बजट की मांग

कथेड़ में मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल के निर्माण को लेकर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रशिम धर सूद और सोलन विस से पार्टी प्रत्याशी और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राजेश कश्यप ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखकर धनराशि की मांग की है। साथ ही क्रिटिकल केयर ब्लॉक और लेवल-3 ट्रॉमा सेंटर देने का भी आग्रह किया। भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. राजेश कश्यप ने कहा कि धन की कमी के कारण सोलन में कथेड़ बाईपास पर बनने वाले मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल का काम रूका हुआ है। डॉ. कश्यप ने कहा कि राज्य को सबसे ज्यादा जीएसटी देने के बावजूद जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हैं। सरकार मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल के लिए धन की व्यवस्था नहीं कर पा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से सोलन के लिए एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक और लेवल-3 ट्रॉमा सेंटर की मांग भी की गई है। डॉ. कश्यप ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने कथेड़ बाइपास पर नए मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल के निर्माण के लिए 59,814 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की थी। साथ ही धनराशि का भी प्रावधान किया था पर कांग्रेस सरकार अस्पताल निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने में नाकाम साबित हुई है।

### स्वास्थ्य मंत्री के दावे के बावजूद काम बंद

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने हाल ही में दावा किया था कि अस्पताल बिल्डिंग का काम बंद नहीं होने दिया जाएगा पर आरटीआई के अनुसार अभी तक सरकार इस प्रोजेक्ट के लिए बजट उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। जानकारी के मुताबिक 31280 स्क्वॉयर मीटर भूमि पर बन रही इस बिल्डिंग की अनुमानित लागत करीब 90 करोड़ तय की गई है और लागत बढ़ने की भी संभावना है। इस प्रोजेक्ट के लिए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने 28.97 करोड़ रुपए उपलब्ध करवाए थे। वर्तमान कांग्रेस सरकार केवल 3.07 करोड़ उपलब्ध करवा पाई है। अभी तक अस्पताल की बिल्डिंग पर अभी तक 32 करोड़ के अलावा ठेकेदार की लगभग 20 करोड़ राशि भी खर्च हो चुकी है। यह राशि सरकार की तरफ से दी जानी बाकी है।

## फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर वाहनों की चेकिंग करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**आशीष , दाड़लाघाट**

हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन के तहत पुलिस थाना बागा में पुलिस ने फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर वाहनों की चेकिंग करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रोहित कुमार निवासी अर्की जिला सोलन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 14 जुलाई को, जब वह अपनी कार में तेल डालने के लिए खारसी जा रहा था, तो शालूघाट में मंदिर गेट के पास एक कार नंबर एचपी-24सी-4309 खड़ी थी, जिस पर लाल बत्ती लगी हुई थी। उक्त कार के साथ दो व्यक्ति खड़े थे जो आने-जाने वाली गाड़ियों को चेक कर रहे थे और अपने आप को सीबीआई के अधिकारी बता रहे थे। पुलिस ने इस शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियोग धारा-204, 3(5) भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज किया। पुलिस थाना बागा की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों मनोज कुमार (28 वर्ष), विनोद कुमार (29 वर्ष) और नरेश कुमार (52 वर्ष) को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के निवासी हैं। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों से गाड़ी नंबर एचपी-24सी-4309 में फ्लैशर लाइट को पुलिस ने कब्जे में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 14 जुलाई को वे तीनों शालूघाट मंदिर में माथा टेकने आए थे।



वहां उन्होंने सीबीआई अधिकारी बनकर गाड़ियों की चेकिंग करने और अपना रुतबा बनाने का प्लान बनाया। नरेश डीएसपी सीबीआई बनकर गाड़ी में बैठ गया, जबकि मनोज और विनोद आने-जाने वाली गाड़ियों को चेकिंग के लिए रोकने लगे। मौके पर लोगों की भीड़ जुटने पर वे वहां से भाग गए। जांच में पाया गया कि इन तीनों ने गाड़ी पर लगी फ्लैशर लाइट 12 जुलाई को ऑनलाइन मंगवाई थी। अभी तक की जांच में इनकी तरफ से पैसे उगाही की कोई बात सामने नहीं आई है। फिर भी मामले की प्राथमिकता से जांच जारी है। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना बागा की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बागा थाने में मामला दर्ज कर पुलिस की आगामी कार्रवाई जारी है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

## 7 दिन के पुलिस रिमांड पर नशा तस्कर

**एसपी जैरथ, नाहन।** जिला सिरमौर मुख्यालय नाहन में विशेष पुलिस दल ने भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल, अफीम, चरस और चिट्टे के साथ गिरफ्तार किए एक परिवार के तीन लोगों को अदालत में पेश किया। जहां पर अदालत ने तीनों आरोपियों को अगले सात दिनों के लिए पुलिस रिमांड में भेज दिया है। सात दिन के पुलिस रिमांड में नाहन पुलिस तीनों आरोपियों बाप, बेटा और पोता तीनों से अलग-अलग पूछताछ करेगी कि वह नशे का कारोबार कितने लंबे समय से कर रहे हैं।

यह नशे की खेप कौन-कौन से राज्यों और शहरों से लाई जाती थी। साथ ही नाहन शहर के अतिरिक्त जिला सिरमौर में कहां-कहां पर नशे की सप्लाई की जाती थी। नशा तस्करी के साथ-साथ आरोपी के पास से 24.40 लाख की नकदी को लेकर भी आरोपियों के बैंक खाते, ऑनलाइन ट्रांजैक्शन तथा अन्य साधनों से जुटाए गई धनराशि के बारे में जांच की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## समान पद और समान कार्य के लिए अलग-अलग वेतन मंजूर नहीं : कपिल

**एसपी जैरथ, नाहन**

हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से अभी हाल ही में प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत डीपीई को प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा का पदनाम दिया गया, लेकिन अभी भी इसमें बहुत सारी विसंगतियां रह गई हैं।

हिमाचल प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में लगभग 2000 डीपीई रावमा पाठशालाओं में सेवारत हैं और सभी एक ही आर एंड पी रुल्स से नियुक्त हुए हैं। सभी जमा दो तक की कक्षाओं को शारीरिक शिक्षा पढ़ाने के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियां संचालित करवाते हैं। सभी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता जो सरकार द्वारा रखी गई थी, वह पूरी करते हैं। सरकार द्वारा 486 स्कूल के डीपीज एमपीएड है, उनको 5400 ग्रेड पे दिया जा रहा है और बीपीएड वालों को 5000 रुपए, जबकि दोनों समान पद पर समान कार्य कर रहे हैं, जो कि सरासर गलत है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला सिरमौर के अध्यक्ष कपिल मोहन ठाकुर, जिला महामंत्री दीपक त्रिपाठी, जिला संगठन मंत्री श्यामलाल भटनागर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेश्याम शास्त्री, पूर्व

### डीपीई की समस्या का गंभीरता से समाधान किया जाए

जिला अध्यक्ष विजय कंवर, पूर्व जिला महामंत्री मामराज चौधरी, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, शिवानी शर्मा, रतन शर्मा, बलदेव सिंह, राजेश शर्मा तथा हिमाचल प्रदेश स्कूल डीपीई संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहन नागटा, डीपीई भविंदर सिंह, संजय कुमार, सतीश पुंडीर, संतराम प्रीति, पूर्ण, यादवेंद्र सिंह आदि ने सरकार के इस फैसले को भेदभाव पूर्ण बताया है। इन्होंने कहा कि सरकार ने डीपीई को प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा का जो पदनाम दिया है, वह बिलकुल सही है, लेकिन इसका लाभ केवल 486 शिक्षकों को ही मिल पा रहा है, जबकि लगभग 1600 शिक्षक अभी भी इससे अछूते हैं। कपिल मोहन ने कहा कि समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाना चाहिए। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से आग्रह किया है कि डीपीज की इस समस्या का गंभीरता से अध्ययन कर समाधान किया जाए तथा समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

## स्वास्थ्य मंत्री ने नौणी विश्वविद्यालय में प्राकृतिक खेती के उत्पादों के लिए बिक्री केंद्र का किया शुभारंभ

**आर मोहन, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में 'प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना' के तहत एक बिक्री केंद्र (आउटलेट) का शुभारंभ किया।

प्राकृतिक खेती से निर्मित लगभग 100 से अधिक उत्पाद विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। डॉ. धनी राम शांडिल ने कहा कि वर्तमान समय में



प्राकृतिक खेती के साथ-साथ उन्नत कृषि ही किसानों की आर्थिकी को बेहतर बनाने का उचित माध्यम है। प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती के माध्यम से किसानों की आय में आशातीत वृद्धि करने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्यान्न उपलब्ध करवाने के लिए कृत संकल्प है। प्राकृतिक उपज के उद्देश्य की पूर्ति के लिए जहां प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं उपज का बेहतर मूल्य दिलवाने के लिए योजना बनाई जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने इससे पूर्व विश्वविद्यालय के पुस्तकालय परिसर में पुतरंजीवा तथा रोकसब्रगाई पौधों का पौधरोपण भी किया। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

## मोबाइल स्नेचिंग की शिकायत लेने से किया मना

### बद्दी पुलिस का कारनामा: कहा-सिर्फ गुमशुदगी की दर्ज होगी शिकायत; पुलिस मोबाइल स्नेचरों को पकड़ने की बजाए मेहरबान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

जिला बद्दी पुलिस अपराध कंट्रोल करने की बजाए क्राइम के आकड़ों को कंट्रोल करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। यह सिलसिला पिछले काफी समय से चला हुआ है पुलिस स्नेचिंग के मामलों को दर्ज करने की बजाए गुमशुदगी में तब्दील कर रही है, ताकि क्राइम रेट को कम कर अपने पुलिस जिला को नंबर-एक बना सके।

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी व बरोटीवाला में मोटरसाइकिल स्नेचिंग गिरोह सक्रिय चल रहा है। बद्दी



पुलिस भी इन स्नेचिंग गिरोह पर पूरी तरह से मेहरबान चल रही है। पुलिस मोबाइल स्नेचिंग की शिकायत लेने से मना कर रही है और शिकायतकर्ताओं को मोबाइल गुमशुदगी की शिकायत देने का दबाव बनाया जा रहा है, जिससे बद्दी पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला वीरवार सुबह आठ बजकर 48 मिनट पर बद्दी सब्जी मंडी रोड पर सामने आया, जब दीपक कुमार रोजाना की तरह काम पर पैदल जा रहा था, तो एक मोटरसाइकिल सवार युवक उसका मोबाइल स्नैच कर फरार हो गया। यह स्नेचिंग की घटना घर पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई, जिसमें साफ तौर पर नजर आ रहा है कि मोटरसाइकिल सवार स्नेचर युवक का मोबाइल लेकर फरार हो जाता है और युवक उसका दौड़कर पीछा कर रहा है। यहां तक की मोटरसाइकिल सवार स्नेचर बिना नंबर की बाइक चला रहा था। (अनंत ज्ञान)

### सड़क पर पैदल चलना हुआ मुश्किल

बद्दी व बरोटीवाला में सड़कों पर पैदल चलना किसी चुनौती से कम नहीं है। एरिया में रोजाना पैदल चलने वाले लोगों से मोबाइल स्नेचिंग की घटनाएं हो रही हैं, जिससे एरिया में भय का माहौल बन चुका है। पिछले एक से दो माह में दर्जनों की संख्या में स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है, जिसमें सबसे ज्यादा मोबाइल स्नेचिंग की घटनाएं शामिल हैं।

### चोरी की नहीं गुमशुदगी की शिकायत होगी दर्ज

मोबाइल स्नेचिंग की घटना के बाद जब दीपक कुमार पुलिस थाना में शिकायत देने गया, तो उसकी मोबाइल स्नेचिंग की शिकायत लेने से साफ इंकार कर दिया गया। पीड़ित को पुलिस के द्वारा गुमशुदगी की शिकायत देने को कहा, जिसके बाद युवक ने दबाव में आकर दूसरी शिकायत लिखी, जिसमें मोबाइल गुमशुदगी का जिक्र किया।

## वेंडर मार्केट में दुकानें तो मिलीं पर सुविधाएं नहीं

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम की ओर से सपरून में बनी वेंडर मार्केट में 54 रेहड़ी धारकों को दुकानें अलॉट किए हुए काफी समय बीत गया है, लेकिन इस वर्ग को अभी भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। बिजली, पानी और सफाई की उचित व्यवस्था नहीं होने के साथ ग्राहक नहीं होने से रेहड़ी चालकों के लिए वेंडर मार्केट में शिफ्ट होना घाटे का सौदा साबित हुआ है।

वहीं, 100 से अधिक रेहड़ी चालक ऐसे भी हैं, जिन्हें अभी स्थायी ठिकाना नहीं मिल पाया है। मां शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति के प्रधान महिताप सिंह ठाकुर, व्यापार मंडल सोलन के निवर्तमान प्रधान मुकेश गुप्ता की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व सांसद व पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित



पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप से मिलते रेहड़ी-फड़ी यूनियन के प्रधान व अन्य (दाएं) सोलन की वेंडर मार्केट।

जाति आयोग व अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र कश्यप से मिला। उन्होंने अपनी समस्याओं के बारे में पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप को अवगत करवाया। मां शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति के प्रधान महिताप सिंह ने बताया कि पूर्व नगर आयुक्त व नगर विक्रय समिति के अध्यक्ष जफर इकबाल के नेतृत्व में समिति की ओर से 10 नोटिफाई वेंडिंग जोन बनाए गए थे, इनमें से हमारे मूल स्थान पर व्यापारिक वाहनों का स्टैंड बना दिया गया है, जबकि वह स्थान टीवीसी में नोटिफाई वेंडिंग जोन 4-5 हैं, जिसे एनएचआई व पीडब्ल्यूडी द्वारा टीवीसी के अनुरोध पर सर्व सहमति से गरीब रेहड़ी लाइसेंस धारकों को प्रदान किया गया था, जहां हम लोग पिछले कई वर्षों से रेहड़ी लगाकर अपना रोजगार चला रहे थे। पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप और मुकेश गुप्ता ने प्रधान महिताप सिंह ठाकुर को आश्वासन दिया कि वह उनके साथ मिलकर एक प्रतिनिधिमंडल के तौर पर जिलाधीश सोलन से मिलेंगे और आपकी समस्याओं को उनके समक्ष उठाएंगे। मां शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति सोलन के प्रधान महिताप सिंह के नेतृत्व में रेहड़ी धारक हीरा लील, ज्ञानचंद, लक्ष्मी दत्त, दयाराम, हरिदास, विजय शंकर पांडे, शंकर सिंह, टेकचंद, गुलाबो देवी, सावित्री देवी, लच्छी राम, सुरेंद्र सिंह, रवि कमौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## दशमेश सेवा सोसायटी ने 55 जरूरतमंद लोगों को बांटा राशन

**एसपी जैरथ, नाहन**

दशमेश रोटी बैंक के माध्यम से आधा दर्जन गांव के करीब 55 से अधिक जरूरतमंद गरीब, निर्धन परिवारों को घरद्वार पर पहुंचकर महीने भर का राशन मुहैया करवाया गया है। प्रत्येक माह बीते 6 वर्षों से दशमेश रोटी बैंक जरूरतमंद लोगों को महीने भर का राशन घर द्वार पर मुहैया करवाने का काम कर रहा है।

दशमेश रोटी बैंक ग्रामीण इलाकों तक पहुंचकर सर्वे के माध्यम से गरीब जरूरतमंद लोगों को चयनित करता है और महीने भर का राशन उन्हें घर द्वार पर मुहैया करवाता है, जो एक बेहद समाज



सेवा में सराहनीय कार्य है। दशमेश रोटी बैंक के अध्यक्ष सरबजीत सिंह ने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज की अपार कृपा से दशमेश सेवा सोसायटी द्वारा स्थापित रोटी बैंक के तहत लोगों की हर संभव मदद की जा रही है। गांव रुखड़ी, जोगिबन, गड्डा, बोहलियों व सतीवाला में जरूरतमंद गरीब निर्धन 55 परिवारों तक यह मदद पहुंचाई गई है। यहां आटा, चावल, दाल, चीनी, नमक, रिफाइंड तेल आदि अन्य खाद्य सामग्री महीने भर की उपलब्ध करवाई गई हैं। रोटी बैंक का छह वर्षों से निरंतर यह प्रयास है कि गरीब जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद की जा सके। इस अवसर पर दलबीर सिंह, जसबीर सिंह अरविंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, सतिंदर कौर, गुनीत कौर, पिंकल आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं, अमर चंद** पुत्र चेत राम, गांव दघा, डाकखाना नारकंडा, तहसील कुमारसैन, जिला शिमला घोषणा करता हूं कि मैंने मूल विक्रय विलेख दिनांक 23-12-1991 खो दिया है जो उप रजिस्ट्रार, शिमला (ग्रामीण) के पास पंजीकृत संख्या 1520 दिनांक 30-12-1991 के अनुसार 00-01-60 हेक्टेयर भूमि की संपत्ति और उस पर निर्मित भवन, खसरा संख्या 255, खाता खतौनी संख्या 57/80, मोहाल संकट मोचन, तहसील व जिला शिमला में स्थित है। यदि मिल जाए तो उपरोक्त पते पर वापस कर दें।

**पारंपरिक** डांगरू, ठोडा व मंदिरों के चिन्ह सिरमौरी संस्कृति को देंगे नई पहचान, आकृतियों को पारंपरिक तरीके से हाथ से कढ़ाई कर उकेरा जा रहा

## सिरमौरी पारंपरिक परिधानों के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू

**बीआर चौहान, सोलन**

हाब्बी मानसिंह कला केंद्र के संस्थापक एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार जोगेंद्र हाब्बी ने कहा कि उनके द्वारा सिरमौर जिले की वेशभूषा एवं लोक नृत्य में प्रयोग किए जाने वाले पारंपरिक परिधानों को सुंदर व आकर्षक बनाने का कार्य आरंभ किया गया है।

हाब्बी मानसिंह कला केंद्र में बिना किसी वित्तीय सहायता के स्वयंसेवी रूप से कलाकारों को प्रशिक्षण प्रदान कर लगभग पिछले दो महीनों से परिधानों पर कढ़ाई करने का कार्य प्रगति



सिरमौर की समृद्ध संस्कृति के परिधानों को नई पहचान देते कलाकार।

पर है। हिमाचल के अन्य जिलों के परिधानों की अपेक्षा सिरमौर के पारंपरिक परिधान काफी सीधे-सादे हैं। किन्नौर, लाहौल-स्पीति, कुल्लू, चंबा आदि अन्य जिलों के परिधानों की सुंदरता में पिछले कई दशकों से काफी बदलाव आया है, परंतु सिरमौर में यहां के परिधानों की सुंदरता को बढ़ाने के प्रयास का अभाव रहा। परिधानों को आकर्षक बनाने की जरूरत को महसूस करते हुए जोगेंद्र हाब्बी द्वारा पारंपरिक तरीके से कढ़ाई कर परिधानों को और अधिक आकर्षक बनाने का कार्य आरंभ किया गया है।

परिधानों पर कढ़ाई के लिए डिजाइनिंग का कार्य उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित युवा कलाकार गोपाल हाब्बी द्वारा पद्मश्री विद्यानंद सरैक व जोगेंद्र हाब्बी के मार्गदर्शन में किया गया। गोपाल हाब्बी द्वारा परिधानों पर बनाई जाने वाली आकृतियों के मास्टर डिजाइन तैयार कर सांस्कृतिक दल के कलाकारों को प्रशिक्षण प्रदान कर उनसे पारंपरिक परिधानों पर कढ़ाई का कार्य करवाया जा रहा है। हाब्बी ने कहा कि पारंपरिक परिधानों के माध्यम से भी सिरमौर की संस्कृति का प्रचार-प्रसार हो इसलिए परिधानों पर सिरमौर में विशेष पहचान रखने वाले डांगरा, ठोडा नृत्य, रिहाल्टी, देव पालकी, देव शिरगुल व देव परशुराम की मंदिर स्थलियों के चित्र आदि की आकृतियां को पारंपरिक तरीके से हाथ से कढ़ाई कर उकेरा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### अधिक आकर्षक रूप में किया जाएगा प्रस्तुत

इस कार्य को आरंभ करने से पूर्व जब हाब्बी ने पद्मश्री विद्यानंद सरैक व संस्कृति के कई जानकारों व विद्वानों से भी चर्चा की, तो सभी ने उन्हें प्रोत्साहित किया और कहा कि यह कार्य अति आवश्यक है और इसे आपको जल्द आरंभ करना चाहिए। सिरमौर जिले के पारंपरिक परिधानों की मौलिकता को बरकरार रखते हुए और अधिक आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे सिरमौर की समृद्ध संस्कृति को परिधानों के माध्यम से भी नई पहचान मिलेगी।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ के लेक क्लब में बम की सूचना से मचा हड़कंप



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ सेक्टर-1 स्थित लेक क्लब में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। किसी ने पुलिस कंट्रोल रूम में बम की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस का बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड सहित कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लेक क्लब का पूरा एरिया सील कर दिया। इसके बाद तलाशी अभियान चलाया गया। लेक क्लब में मौजूद लोगों सभी लोग घबरा गए। क्लब के कर्मियों सहित मौजूद अन्य लोगों को बाहर निकालकर बम निरोधक दस्ते ने चप्पा-चप्पा खंगाला। तलाशी अभियान के दौरान बम स्क्वायड टीम को कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नहीं मिली। हालांकि, पुलिस को लेक क्लब में एक डमी बम जरूर मिला। दरअसल यह पुलिस की तरफ से एक मॉकड्रिल की गई थी। जब लोगों को पता चला कि यह पुलिस की मॉकड्रिल थी तो उन्होंने राहत की सांस ली। (अनंत ज्ञान)

### सार्वजनिक सेवा क्षेत्र में समाधान की कुंजी नीति आयोग

**संयुक्त राष्ट्र।** नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा कि भारत सार्वजनिक सेवा और डिजिटलीकरण समेत विभिन्न क्षेत्रों में समाधान की एक कुंजी साबित हो रहा है। बेरी ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने सतत विकास लक्ष्यों को केंद्र में रखकर स्वीकार किया है कि यह वैश्विक समुदाय की अपनी वंचित आबादी के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। भारत विभिन्न क्षेत्रों में समाधान की कुंजी साबित हो रहा है, चाहे वह सार्वजनिक सेवा हो, डिजिटलीकरण हो। उन्होंने कहा कि मैं वास्तव में एसडीजी को सरकारों द्वारा उनकी आबादी के प्रति प्रतिबद्धता के रूप में देखता हूं। 21वीं सदी में, यह एक तरह से सभ्य जीवन के प्रति प्रतिबद्धता है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में बेरी ने कहा कि मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि आगामी 25 वर्ष में एक जगह ध्यान केंद्रित करके कितना कुछ हासिल किया जा सकता है।

### शाहजहांपुर में इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

**शाहजहांपुर।** जनपद शाहजहांपुर में बीती रात बुधवार को बरेली एसटीएफ इकाई और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में गोली लगने से एक लाख के इनामी बदमाश की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने वीरवार को बताया कि मारा गया बदमाश जनपद संभल निवासी शहनूर उर्फ शानू है। तिलहर थानाक्षेत्र में पिथनापुर गांव के पास बरेली एसटीएफ और बदमाश शानू के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से इनामी बदमाश शानू घायल हो गया। घायल बदमाश को मदनापुर सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी ने बताया कि शानू एक कुख्यात बदमाश था और इस पर एक लाख का इनाम भी घोषित था। उसके ऊपर विभिन्न जनपदों में लूट, हत्या, डकैती जैसे दर्जनों मामले दर्ज हैं।

### बसपा नेता की हत्या के मामले में तीन और संदिग्ध गिरफ्तार

**चेन्नई।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या के मामले में एक महिला वकील सहित तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने वीरवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस हिरासत में मौजूद आरोपियों के कबूलनामे और फोन कॉल के रिकॉर्ड व वित्तीय लेन-देन के आधार पर बुधवार को ये गिरफ्तारियां हुईं। इस मामले में 11 लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और उनमें से एक मुख्य संदिग्ध तिरुवेंगदम 14 जुलाई को पुलिस की गोली का शिकार हो गया था। आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार बरामद करने के लिए पुलिस तिरुवेंगदम को एक स्थान पर ले गई थी, जहां उसने पुलिसकर्मियों पर हमला कर भागने का प्रयास किया था।

### सुप्रीम कोर्ट के दो नए जजों ने ली शपथ



**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने वीरवार को सुप्रीम कोर्ट के दो नए न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह और आर महादेवन ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या 34 हो गई है। पिछले हफ्ते सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह और मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस आर. महादेवन को शीर्ष अदालत में पदोन्नत करने की सिफारिश की थी।

### बैंक घोटाला: 15 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1,392 करोड़ रुपए के कथित बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के सिलसिले में हरियाणा से कांग्रेस विधायक राव दान सिंह, एक धातु निर्माण कंपनी और उसके प्रवर्तकों के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने महेंद्रगढ़, बहादुरगढ़, गुरुग्राम तथा दिल्ली और झारखंड के जमशेदपुर समेत करीब 15 स्थानों पर तलाशी ली। ईडी के दलों के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मियों का एक दल भी था। बैंक धोखाधड़ी की जांच का जिम्मा ईडी के साथ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को भी सौंपा गया है।

### अमरनाथ यात्रा: 4383 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना

**जम्मू।** अमरनाथ तीर्थ यात्रा के लिए 4383 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास बेस कैंप से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। तीर्थयात्री मंगलवार सुबह 157 वाहनों के काफिले में जम्मू बेस कैंप से रवाना हुए। जत्थे में 3222 पुरुष, 1071 महिलाएं, 8 बच्चे, 67 साधु और 15 साध्वियां शामिल थीं। इनमें से 1701 तीर्थयात्री सुबह 3:14 बजे बालटाल बेस कैंप और 2682 तीर्थयात्री सुबह 4:00 बजे पहलगाम बेस कैंप के लिए रवाना हुए, जहां से वे पवित्र गुफा की अपनी आगे की यात्रा के लिए आगे बढ़ेंगे। अभी तक 3.50 लाख के करीब श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं।

# सूर्यकुमार बने टी-20 के कप्तान

## रोहित और कोहली ने वनडे खेलने का किया फैसला



**एजेंसी, नई दिल्ली**

आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की सीरीज के लिए वीरवार को भारतीय टी20 टीम का कप्तान बनाया गया जबकि एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को अगले महीने इसी टीम के खिलाफ 50 ओवर की सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया। शुभमन गिल को दोनों प्रारूपों की टीम का उपकप्तान बनाया गया है। विजय हजारे ट्रॉफी में सात अर्धशतक लगाने वाले रियान पराग और दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा एकदिवसीय टीम में दो नए चेहरे हैं।

**टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम**

**सूर्यकुमार** यादव (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद और मोहम्मद सिराज।

**वनडे अंतरराष्ट्रीय टीम**

**रोहित** शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

# ब्राजील के दंपती ने 18 साल में 20 लाख पौधे लगाकर तैयार किया जंगल

**एजेंसी, ब्राजील**




ब्राजील के एक दंपती लेलिया वानिक और सेबेस्टियाओ सालगाडो ने 18 साल में 20 लाख पौधे लगाकर एक विशाल जंगल तैयार कर दिया है। मशहूर फोटोग्राफर सेबेस्टियाओ सालगाडो ने बताया कि जमीन उनकी तरह ही बीमार हो गई थी। सब कुछ नष्ट हो गया था। जमीन का केवल 0.5 प्रतिशत हिस्से पेड़ रह गए थे, बाकी वनकाटुओं ने काट दिए थे। फिर मेरी पत्नी के मन में उजाड़ हो चुके इस जंगल को फिर से पुनर्जीवित करने का शानदार विचार आया।

दंपती ने टेरा इंस्टीट्यूट का एक छोटा-सा संगठन बनाया जिसने 2 मिलियन (20 लाख) पौधे लगाए और बंजर हो चुके जंगल को पुनर्जीवित कर दिया। इस जंगल में अब 172 पक्षियों की प्रजातियां, 33 स्तनधारी, 15 उभयचर, 15 सरीसृप और 293 पौधों की प्रजातियां वापस आ गई हैं। दंपती का कहना है कि केवल एक ही प्राणी है जो कार्बन डाईऑक्साइड को ऑक्सीजन में बदल सकता है और वह है पेड़। हमें अंधाधुंध हो रहे जंगलों के कटान को रोकने के लिए को फिर से रोपने की जरूरत है। केवल स्थानीय पौधों का उपयोग करके, जोड़े ने पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से बनाया और क्षेत्र में उल्लेखनीय रूप से विकास हुआ, जिससे जीव-जंतुओं को वापस लौट आए हैं।

# जम्मू में राजभवन की ओर कूच कर रहे कांग्रेस नेताओं को लिया हिरासत में



**एजेंसी, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर अंकुश लगाने में भाजपा नीत केंद्र सरकार की कथित विफलता और उपराज्यपाल की शक्तियों के विरोध में वीरवार को राजभवन का 'घेराव' करने जा रहे कांग्रेस नेताओं को यहां हिरासत में ले लिया गया।

कांग्रेस के जम्मू-कश्मीर प्रभारी भरत सिंह सोलंकी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकार रसूल वानी और कई पूर्व मंत्रियों तथा पूर्व विधायकों के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता रेजिडेंसी रोड स्थित पार्टी मुख्यालय से बाहर आए और राजभवन की ओर कूच शुरू कर दिया। हालांकि, भारी संख्या में तैनात पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को रोका, लेकिन वे नारेबाजी करते हुए अवरोधकों को पार कर गए और वहां से लगभग एक किलोमीटर आगे निकल गए।

इसके बाद उनके नेताओं को हिरासत में ले लिया गया और पुलिस वाहनों में ले जाया गया। सोलंकी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि विकास को लेकर भाजपा के सभी बड़े दावे विफल हो गए हैं और उपराज्यपाल को सभी शक्तियां देने का मतलब दिल्ली से जम्मू-कश्मीर पर शासन करना है जो लोकतंत्र के खिलाफ है।

# बीएसएफ ने सीमा पर चार चीनी पिस्तौल किए बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने वीरवार को पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट चार चीनी पिस्तौल और पाकिस्तान में निर्मित 50 गोलियां बरामद कीं। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि बल के एक तलाश दल ने तरनतारन जिले के कलसियां गांव में रात लगभग दो बजे एक मैदान से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए यह बरामदगी की। प्रवक्ता ने बताया कि पीले रंग के एक पैकेट से चार पिस्तौल, उनकी खाली मैगजीन और 50 गोलियां बरामद की गईं। प्रवक्ता के अनुसार, संदेह है कि गोला-बारूद ड्रोन से इस क्षेत्र में फेंका गया और गोलियों पर पाकिस्तान आयुध फैक्टरीज (पीओएफ) लिखा है। बीएसएफ कर्मियों ने हाल ही में फाजिल्का जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास तीन पिस्तौल बरामद की थीं।

# उत्तराखंड में ऑनलाइन होमस्टे बुकिंग पोर्टल की शुरुआत

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड में होमस्टे के लिए बुकिंग अब पोर्टल पर की जा सकती है। किसी भी राज्य में पर्यटन विभाग द्वारा यह पहली ऐसी पहल है जहां राज्य प्रायोजित होमस्टे बुकिंग पोर्टल लॉन्च किया गया है।

सचिव पर्यटन/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद सचिन कुर्वे ने बताया कि राज्य में होमस्टे के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने हेतु यह तीन-आयामी रणनीति, जिसमें सब्सिडी के माध्यम से सहायता, होमस्टे मालिकों को कौशल प्रशिक्षण और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बुकिंग एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने सभी होमस्टे मालिकों को अपने होमस्टे को पोर्टल पर पंजीकृत कराने के लिए भी आमंत्रित किया है। उपयोगकर्ता प्लेटफॉर्म पर होमस्टे को रेटिंग भी दे सकते हैं जिसके माध्यम से होमस्टे संचालकों को उनकी सेवाओं पर वास्तविक प्रतिक्रिया मिलेगी, इससे उन्हें अपनी सेवाओं में सुधार करने का अवसर भी प्राप्त होगा।



मुख्यमंत्री धामी को यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी चेक भेंट करते हुए।

उन्होंने कहा कि भविष्य में होमस्टे को विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित वेलनेस सेंटरों के साथ जोड़ने की भी योजना है, ताकि पर्यटकों को योग, प्राकृतिक चिकित्सा, पंचकर्म, आयुर्वेदिक मसाज आदि जैसी सेवाओं का भी लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में वीरवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा पर आने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा बीमा के तहत मानव उत्थान सेवा समिति ने यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा बीमा प्रीमियम की 3,67,995 की धनराशि का चैक श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति को सौंपा गया। इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज, बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, डीजीएम यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंश कंपनी लिमिटेड सुश्री गीता आनंद, सीनियर मैनेजर जितेंद्र सिंह, सुयश रावत आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# गुजरात में एटीएस टीम की छापेमारी; फैक्टरी से 51 करोड़ की ड्रग्स बरामद, तीन गिरफ्तार

**एजेंसी, सूरत**

**गुजरात** एटीएस की एक टीम ने वीरवार को पलसाना में एक फैक्टरी में छापेमारी कर 51 करोड़ रुपए की ड्रग्स बरामद की है। एटीएस की टीम को पलसाना के कारेली में स्थित फैक्टरी में ड्रग्स की सूचना मिली थी। इस पर गुजरात एटीएस ने कार्रवाई करते हुए छापा मारा और भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद की। एटीएस टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



गुजरात एटीएस के डिप्टी एसपी एसएल चौधरी ने बताया कि सूचना मिलने पर दो इंस्पेक्टरों के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई, जिसमें तीन-तीन सब इंस्पेक्टर थे। टीम ने फैक्टरी पर छापा मारा। मौके से चार किलोग्राम हार्ड फॉर्म और 31 किलोग्राम लिक्विड फॉर्म में ड्रग्स बरामद किया गया है। तीन आरोपी गिरफ्तार किए हैं, जबकि चौथे आरोपी की गिरफ्तार के लिए टीम मुंबई भेजी गई है। ड्रग्स की कीमत 51 करोड़ रुपए है। फैक्टरी को सील कर दिया है। यह फैक्टरी रिहायशी इलाके से थोड़ी दूरी पर स्थित एक पुराने शेड में डेढ़ महीने से चल रही थी। मास्टरमाइंड सुनील राजनारायण यादव है, जो वापी का रहने वाला है। उसी ने फैक्टरी में ड्रग्स बनाने का विचार दिया था। उसका साथ विजय गजेरा और हरीश कोराट देता था। आरोपी सुनील माल तैयार होने के बाद उसे बेचने का काम करता था।

# हिंसा के लिए उकसाने वाली भाषा का प्रयोग कर रहे हैं राहुल: सुधांशु

**नई दिल्ली।** भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ हिंसा के लिए उकसाने वाली भाषा का प्रयोग कर देश में ऐसा ही माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं।



उन्होंने 2007 में सोनिया गांधी की ओर से गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए मौत का सौदागर जैसे शब्द इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने करने वाली कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तक के लिए भी भाजपा ने कभी मौत जैसे शब्द का प्रयोग नहीं किया था।

# महंगाई से श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी में गिरावट: जयराम रमेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में धीमी वेतन वृद्धि और कमरतोड़ महंगाई के कारण श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी में गिरावट आई है और ऐसे में अब न्यूनतम मजदूरी 400 रुपए प्रतिदिन किए जाने की जरूरत है। सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि आज श्रमिकों की क्रय शक्ति (खरीददारी करने की क्षमता) 10 साल पहले की तुलना में कम है।



रमेश ने कहा कि मोदी सरकार की ओर से जारी किए आधिकारिक आंकड़ों सहित डाटा के कई स्त्रोतों में एक तथ्य समान रूप से सामने आ रहा है कि आज श्रमिकों की क्रय शक्ति 10 साल पहले की तुलना में कम है। धीमी वेतन वृद्धि और कमरतोड़ महंगाई के कारण वास्तविक मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि श्रम ब्यूरो के वेतन दर सूचकांक (सरकारी डाटा) के मुताबिक, 2014 और 2023 के बीच श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी स्थिर हो गई है और 2019 से 24 के बीच तो कम भी हो गई है। उन्होंने दावा किया कि मनमोहन सिंह के कार्यकाल में मजदूरों की वास्तविक मजदूरी हर साल 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

# रूस के साथ ऊर्जा सहयोग को लेकर भारत पर दबाव डालना अनुचित: सर्गेई लावरोव

**एजेंसी, संयुक्त**

**रूस** के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत एक महान शक्ति है, जो अपने राष्ट्रीय हितों का निर्धारण खुद करता है और अपने साझेदार भी खुद चुनता है।

उन्होंने मॉस्को के साथ ऊर्जा सहयोग के कारण नई दिल्ली पर डाले जा रहे अत्यधिक दबाव को पूरी तरह से अनुचित बताया। लावरोव ने मॉस्को में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी के बीच हाल ही में हुई शिखर बैठक पर यूक्रेन की टिप्पणी को 'अपमानजनक' करार दिया। लावरोव ने कहा कि मेरा मानना है कि भारत एक महान शक्ति है, जो अपने राष्ट्रीय हितों को खुद निर्धारित करता है और अपने साझेदारों को भी खुद चुनता है।

# चीन में शॉपिंग मॉल में आग लगने से 16 लोगों की मौत

**एजेंसी, बीजिंग**

**चीन** के दक्षिण पश्चिम में सिचुआन प्रांत में शॉपिंग मॉल में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई।

चीन के सरकारी मीडिया के अनुसार सिचुआन प्रांत के जिगोंग शहर के 'हाई-टेक जोन' में स्थित 14 मंजिला इमारत में आग लग गई। तस्वीरों और वीडियो में इमारत से धुएं का गुबार उठता दिख रहा है,



कई लोग बालकनी पर भी दिखाई दे रहे हैं। इमारत के अंदर फंसे करीब 75 लोगों को बाहर निकाल लिया गया। चीन के आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय और राष्ट्रीय अग्निशमन एवं बचाव प्रशासन ने कहा कि उन्होंने घटना की जांच के लिए एक कार्य दल भेज दिया है। मंत्रालय ने कहा कि दुर्घटना की जांच के लिए देश भर से अग्निशमन विशेषज्ञों को भी घटना स्थल पर भेजा जाएगा। इस साल जनवरी माह में चीन के जियांग्शी प्रांत में एक वाणिज्यिक इमारत में आग लगने से 39 लोग मारे गए थे।

**ताकत** रूस में बन रहे दो स्टील्थ जहाज, सितंबर में मिल सकता है एक, इंडियन नेवी कर रही ट्रायल

# भारत को जल्द मिलेंगे जंगी जहाज, पाक और चीन की बढ़ेगी टेंशन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए दो जहाज रूस में तैयार किए जा रहे हैं। ये तलवार क्लास के स्टील्थ फ्रिगेट जहाज हैं। 2.5 बिलियन डॉलर की लागत से इन्हें बनाया जा रहा है।



रूस के कलिनिनग्राद में यह यंतर शिपयार्ड में बनाए जा रहे। पहले शिपयार्ड का नाम आईएनएस तुशिल और दूसरे का आईएनएस तमाल है। दो स्टील्थ फ्रिगेट में से पहले आईएनएस तुशि की स्वीकृति परीक्षण के लिए इंडियन नेवी के लगभग 200 कर्मी इस समय रूस में मौजूद हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो पहला जहाज सितंबर के मध्य तक भारत में आ सकता है। सूत्रों के अनुसार तमाल अगले साल की शुरुआत में भारत को सौंपा जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि रूस के साथ समझौते के तहत गोवा शिपयार्ड में बनाए जा रहे दो और युद्धपोत प्रगति पर हैं। इसमें से भी पहला जहाज जल्द ही लॉन्च किया जाएगा। दोनों जहाजों की डिलीवरी मूल रूप से 2022 के अंत में होनी थी। लेकिन कोविड संकट और यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद भुगतान न हो पाने के कारण इसमें देरी हुई है। देरी का एक खास कारण यूक्रेन के जोर्या-मशप्रोएक्ट से गैस टरबाइन इंजन की खरीद थी। 2014 में रूस ने क्रीमिया पर कब्जे के बाद यूक्रेन से इंजन आयात करना बंद कर दिया था। भारत की ओर से इसे खरीद कर रूसी शिपयार्ड को हस्तांतरित करना था, जिसके लिए भी यूक्रेन की सहमति जरूरी है।।

### रूस और भारत का हुआ था समझौता

तलवार क्लास के 7 युद्धपोत बन चुके हैं। 6 एक्टिव हैं। चार नए जंगी जहाज बनाए जा रहे हैं। दो रूस में और दो भारत में बनेंगे। इन जंगी जहाजों का समंदर में डिस्प्लेसमेंट 3850 टन है। भारत ने चार तलवार श्रेणी के जहाजों के लिए रूस के साथ एक अंतर-सरकारी समझौता किया था और इस डील पर 2018 में हस्ताक्षर किया गया था। समझौते के मुताबिक दो जहाज पूरी तरह रूस में बनेंगे। वहीं, दो जहाज रूस के तकनीकी सहयोग से भारत के गोवा शिपयार्ड में बनाए जाएंगे। यंतर शिपयार्ड ने छह तलवार के छह एक्टिव युद्धपोतों में से तीन का निर्माण किया है।

# नासा ने चंद्रमा पर लैंडर भेजने का मिशन किया रद्द

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि वह लागत में वृद्धि और प्रक्षेपण में देरी होने के कारण, पानी की खोज के लिए चंद्रमा पर रोवर भेजने के मिशन को रद्द कर रहा है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि 'वाइपर' रोवर को 'एस्ट्रोबोटिक टेक्नोलॉजी' की ओर से उपलब्ध कराए गए एक लैंडर के जरिये 2023 के अंत तक प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन अतिरिक्त परीक्षण और लागत बढ़ने के कारण इस मिशन में देरी होती रही जिससे अन्य परियोजनाओं पर खतरा मंडराने लगा है। नासा ने बताया कि रोवर का उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर खोजबीन करना था। इसके विकास पर अभी तक करीब 45 करोड़ डॉलर खर्च किए जा चुके हैं।

# हिंद महासागर में दुर्लभ खनिजों की खोज करेगा जीआरएसई का जहाज

**एजेंसी, पणजी**



रक्षा क्षेत्र से जुड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) के गोवा स्थित एक सरकारी संस्थान से हुए करार के तहत निर्मित होने वाला एक जहाज हिंद महासागर की गहराई में दुर्लभ खनिजों और धातुओं की तलाश करेगा।

अधिकारियों ने बताया कि गोवा में राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं समुद्री अनुसंधान केंद्र (एनसीपीओआर) के एक प्रवक्ता ने बताया कि 89.5 मीटर की लंबाई वाला यह पोत, समुद्र में गहरे अन्वेषण के लिए किसी भारतीय पोत कारखाने में बनाया जाने वाला सबसे बड़ा अनुसंधान जहाज होगा। इस जहाज को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के गहन समुद्री अभियान के वास्ते गहरे समुद्र में वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने और नमूने एकत्र करने के लिए तैनात किया जाएगा। हर मौसम में काम कर पाएगा और इसमें एक बार में 34 वैज्ञानिकों को ले जाने की क्षमता होगी। इसके अगले 30 साल तक भारत के लिए काम करने की संभावना है।

## न्यूज ब्रीफ

### चोटरानी-अंजलि महाराष्ट्र ओपन स्क्वाश में शीर्ष पर

**मुंबई।** वीर चोटरानी और अंजलि सेमवाल को 20 जुलाई से यहां शुरू होने वाले बॉम्बे जिमखाना 47वें महाराष्ट्र राज्य ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुष और महिला ड्रॉ में शीर्ष वरीयता मिली है। राहुल बैठा को दूसरी वरीयता दी गई है, जबकि महेश मनगांवकर और ओम सेमवाल पुरुष वर्ग में संयुक्त रूप से तीसरी-चौथी वरीयता प्राप्त हैं। महिला वर्ग में सुनीता पटेल को दूसरी वरीयता प्राप्त है और आराध्या पोरवाल तथा रानी गुप्ता को संयुक्त रूप से तीसरी-चौथी वरीयता मिली है।

### हॉकी ओलंपिक में खेलेगा गाजीपुर का राजकुमार

**नई दिल्ली।** करीब तीन हजार की आबादी वाले करमपुर गांव से हॉकी स्टिक थामकर सैकड़ों लड़कों ने ओलंपिक खेलने का सपना देखा, लेकिन इसे पूरा करने का मौका सिर्फ राजकुमार पाल को मिला है और 'गाजीपुर के राजकुमार' के नाम से मशहूर मिडफील्डर की ख्वाहिश पेरिस में अच्छा प्रदर्शन करके हर एक अधूरे सपने को पूरा करने की है । वाराणसी से करीब 40 किलोमीटर दूर गाजीपुर के गांव करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखने वाले बच्चों के प्रेरणास्रोत बन गए हैं राजकुमार। एक ऐसा गांव जहां से 400 से अधिक लड़कों को हॉकी के जरिये रोजगार तो मिला, लेकिन भारत की नुमाइंदगी का मौका नहीं । इनमें राजकुमार के दोनों भाई जोखन और राजू भी शामिल हैं जो देश के लिए नहीं खेल पाए।



### यूरोस्पोर्ट इंडिया ने शिखर धवन को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** यूरोस्पोर्ट इंडिया ने भारत में मोटोजीपी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट आइकन शिखर धवन को नियुक्त किया है। क्रिकेट के मैदान पर अपनी तूफानी उपस्थिति के लिए जाने जाने वाले धवन, यूरोस्पोर्ट इंडिया के नवीनतम अभियान 'फेस कर रेस कर' के माध्यम से रेसिंग के प्रति अपने जुनून का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर शिखर धवन ने कहा, 'प्रतिष्ठित मोटोजीपी के साथ इसके भारत के एंबेसडर के रूप में साझेदारी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत में मोटोजीपी को लेकर बढ़ता उत्साह वास्तव में रोमांचकारी है और यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण जैसा है, खासकर जब मैं अपने गृहनगर, दिल्ली की सड़कों पर अपनी पसंदीदा बाइक की सवारी करने के अपने दिनों को याद करते हुए सोचता हूं। इस जीवंत शहर में जन्मे और पले-बढ़े एक क्रिकेटर के रूप में मेरी यात्रा यूरोस्पोर्ट इंडिया के माध्यम से इस नई भूमिका के साथ एक व्यक्तिगत संबंध जोड़ेगी। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी विश्व स्तरीय खेलों के लिए एक प्रकाशस्तंभ रही है, जो लगातार बढ़ रहे खेल प्रशंसकों को प्रसन्न करने के अवसर प्रदान कर रही है, जो बात मुझे सबसे अधिक उत्साहित करती है वह है पूरे भारत में नए दर्शकों के लिए मोटोजीपी को पेश करने की उनकी क्षमता। '



### विश्व सुपरबाइक स्पर्धा में जाएंगे क्विंटल

**चेन्नई।** राइडर केविन क्विंटल विश्व एसबीके एसएसपी 300 प्रतियोगिता में ऐतिहासिक पदार्पण करने को तैयार हैं, जिससे वह विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहले भारतीय राइडर बन जाएंगे। आयरिश टीम '109 रेट्रो ट्रैफिक कावासाकी' और इसकी प्रबंधन कंपनी 'गामन रेसिंग ग्लोबल सर्विस' ने क्विंटल को यह मौका मुहैया कराया जिससे उनकी एसएसपी प्रतियोगिता में चौथे दौर के लिए प्रविष्टि स्वीकार ली गई। यह एसएसपी स्पर्धा शुक्रवार को चेक गणराज्य के मोस्ट में शुरू होगी। चेन्नई के 19 साल के स्टार क्विंटल आयरलैंड की टीम के मुख्य राइडर स्पेन के डेनियल मोगेडा की जगह लेंगे जिन्हें सुपरस्पोर्ट 300 क्लास के बाद एक दुर्घटना में चोट लग गयी थी। इसके बाद ही आयरिश टीम ने भारतीय राइडर को शामिल किया। क्विंटल इस समय यूरोपीय स्टॉक चैंपियनशिप और एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

### अनुबंध प्रणाली में लचीलापन लाने की जरूरत : टॉम

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज टॉम लॉथम ने बुधवार को कहा कि बोर्ड को केंद्रीय अनुबंध प्रणाली के साथ और अधिक लचीला होना होगा, क्योंकि अधिक खिलाड़ी फ्रेंचाइजी क्रिकेट सौदों को आगे बढ़ाने के लिए इससे बाहर निकल रहे हैं। हाल के दिनों में, केन विलियमसन, तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन और एडम मिल्ने ने केंद्रीय अनुबंधों के नवीनतम बैच के लिए खुद को अनुपलब्ध कर दिया, हालांकि विलियमसन को उनकी वरिष्ठता और टीम के भीतर स्थिति को ध्यान में रखते हुए, जब भी जरूरत हो, कीवी जर्सी पहनने के लिए एक आकस्मिक खेल समझौता दिया गया था। इस समझौते का मतलब है कि विलियमसन श्रीलंका के खिलाफ केवल कुछ सफेद गेंद के मैचों को मिस करेंगे और जब अनुबंधों की घोषणा की गई, तो उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।



**महिला एशिया कप** टी-20 विश्व कप की तैयारियों के लिए यह टूर्नामेंट काफी महत्वपूर्ण

# भारत का सामना पाकिस्तान से आज

**एजेंसी, दाम्बुला**

गत चैंपियन भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशिया कप के पहले मैच में शुक्रवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलेगी और अक्तूबर में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारियों के लिए इस टूर्नामेंट को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

हरमनप्रीत की कप्तानी वाली भारतीय टीम का एशिया कप में दबदबा रहा है जिसने चार में से तीन टी-20 खिताब और चारों बार 50 ओवरों के प्रारूप में जीत दर्ज की है। महिला एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट में भारत ने 20 में से 17 मैच जीते हैं। उसने 2022 में फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने इस टूर्नामेंट में 14 मैचों में 11 जीत दर्ज की है और हरमनप्रीत कौर का लक्ष्य इस सिलसिले को आगे बढ़ाने का होगा। इस महीने की शुरुआत में भारत ने दक्षिण अफ्रीका से 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि तीन टी-20 मैचों में से दूसरा बारिश में धुल गया। पाकिस्तान का मनोबल गिरा हुआ होगा, जिसे मई में इंग्लैंड ने 3 . 0 से हराया था। भारत के लिए सबसे अच्छी बात स्मृति मंधाना का शानदार फॉर्म है और हाल ही में गेंदबाजों ने एक इकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में आठ विकेट लिए, जबकि स्पिनर राधा यादव भी कामयाब रही है। स्पिनरों में दीप्ति शर्मा, सजीवन साजना और श्रेयांका पाटिल शामिल है। पाकिस्तान ने एशिया कप के लिए निदा दर को कप्तान बनाए रखा है, लेकिन टीम में काफी बदलाव किये गए हैं। ईरम जावेद, ओमैमा सोहेल और सैयदा आरूब शाह को इस साल पहली बार टीम में जगह मिली है, जबकि तस्मिया रूबाब पदार्पण करेंगी। ग्रुप-ए में नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात का भी सामना पहले दिन होगा। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। नेपाल 2016 के बाद पहली बार टूर्नामेंट में खेल रहा है जबकि यूएई का यह लगातार दूसरा टूर्नामेंट है।



**संभावित टीमें**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, डी हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयांका पाटिल, संजीवन साजना।

**पाकिस्तान :** निदा दार (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, फातिमा सना, गुल फिरोजा, ईरम जावेद, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नाशरा संधू, ओमैमा सोहेल, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह, तस्मिया रूबाब, तूबा हसन।

## मांडविया प्रतिभा पहचान कार्यक्रम के दूसरे चरण का आज करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक को लेकर खेलों की चर्चा के बीच केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया शुक्रवार को यहां सरकार के महत्वाकांक्षी 'खेलो इंडिया उदीयमान प्रतिभा पहचान (कीर्ति)' कार्यक्रम के दूसरे चरण का उद्घाटन करेंगे।



'कीर्ति' का पहला चरण मांडविया से पहले खेलमंत्री रहे अनुराग ठाकुर द्वारा 12 मार्च को चंडीगढ़ में लांच किया था। उनका लक्ष्य अधिसूचित प्रतिभा मूल्यांकन केंद्रों के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने के लिए पूरे वर्ष में देश भर में 20 लाख मूल्यांकन करना है। यह अपने पैमाने का देश की सबसे बड़ी प्रतिभा पहचान और मूल्यांकन कार्यक्रम है। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक 'कीर्ति' की सबसे बड़ी खासियत सूचना प्रौद्योगिकी पर आधारित पारदर्शी चयन है। विज्ञप्ति के मुताबिक महत्वाकांक्षी खिलाड़ी के खेल कौशल का अनुमान लगाने के लिए कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर आधारित डाटा एनालिटिक्स का उपयोग किया जा रहा है। इसके पहले चरण में 70 केंद्रों पर 3,62,683 पंजीकरणों में से, 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग 51,000 मूल्यांकन किए गए हैं।

## पेरिस ओलंपिक उद्घाटन से पहले सीन नदी को किया सील

**पेरिस।** सीन नदी के किनारे ओलंपिक आतंकवादी विरोधी इंतजामों की शुरुआत के साथ पेरिस में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई, जिसके चलते पहले से पास के लिए आवेदन नहीं करने वाले पेरिसवासियों और पर्यटकों के लिए कई किलोमीटर लंबा क्षेत्र सील कर दिया गया। कई लोगों की जुबान पर 'क्यूआर कोड' शब्द थे। यह वे पास है जो 26 जुलाई को होने वाले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह की सुरक्षा के लिए स्थापित सुरक्षा घेरे में लगाए गए धातु अवरोधों के पार जाने की स्वीकृति देता है, जिन लोगों के पास फोन पर या कागज के टुकड़ों पर यह कीमती कोड था वे धातु अवरोधों के बीच विभिन्न अंतराल पर बनी पुलिस चौकियों से आसानी से गुजर गए।

## हॉकी : महिला और पुरुष सब-जूनियर दक्षिण क्षेत्र चैंपियनशिप आज से

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला दक्षिण क्षेत्र चैंपियनशिप का दूसरा सत्र केरल के कोल्लम में शुक्रवार से खेला जाएगा, जिसमें छह टीमें कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, पुडुच्चेरी और केरल इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। इसमें सभी टीमें एक-दूसरे से एक बार राउंड रॉबिन आधार पर खेलेंगी। शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने एक बयान में कहा,''यह चैंपियनशिप सिर्फ जीतने के लिए नहीं है बल्कि सीखने के लिए है। इससे युवा खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाकर अनुभव हासिल करने का मौका मिलेगा।'' पुरुष वर्ग में पहले दिन आंध्र प्रदेश का सामना पुडुच्चेरी से, कर्नाटक का तेलंगाना से, तमिलनाडु का सामना केरल से होगा। वहीं, महिला वर्ग में तेलंगाना का सामना आंध्र प्रदेश से, तमिलनाडु का पुडुच्चेरी और केरल का कर्नाटक से होगा।



## तैराक नटराज की नजरें पेरिस ओलंपिक सेमीफाइनल पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में आठ स्वर्ण समेत दस पदक जीतने वाले भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज 2017 से लगातार खेल रहे हैं और कड़े अभ्यास से थककर आखिर उन्हें कुछ समय का ब्रेक लेना पड़ा। नटराज ने पीटीआई से बातचीत में कहा,''मुझे आराम की जरूरत थी, क्योंकि 2023 सत्र काफी व्यस्त था जिसमें इतने सारे टूर्नामेंट थे। मुझे लगा कि अगर ब्रेक नहीं लिया तो शरीर टूट जाएगा।''

उन्होंने कहा,''इससे चोट का भी डर रहता या अभ्यास की इच्छा ही मर जाती। शरीर पर काफी दबाव था लिहाजा मैंने कुछ समय का ब्रेक ले लिया।'' ब्रेक के बाद तरोताजा होकर 23 वर्ष के नटराज दूसरा ओलंपिक खेलने को तैयार हैं, जिसमें वह सौ मीटर बैकस्ट्रोक में भाग लेंगे। 'यूनिवर्सिलिटी कोटा' से ओलंपिक जा रहे नटराज ने तोक्यो ओलंपिक के लिए सरधे क्वालीफाई किया था। यूनिवर्सिलिटी कोटा के तहत जिस देश के तैराक सीधे क्वालीफाई नहीं कर सके हों , उनके सर्वोच्च रैंकिंग वाले दो तैराकों को ओलंपिक खेलने का मौका मिलता है।

नटराज ने कहा,''यह निराशाजनक था कि मैं सीधे क्वालीफाई नहीं कर सका, लेकिन इसे लेकर चिंतित नहीं हूं। मुझे कोटा मिल गया है और अब या तो मैं अपने अभ्यास पर फोकस कर सकता हूं या इसका दुख मना सकता हूं कि मुझे सीधे क्वालीफिकेशन नहीं मिला। मैं अभ्यास पर फोकस कर रहा हूं।'' ब्रेक से लौटने के बाद उन्होंने स्पेन और फ्रांस में मेयर नोस्ट्रम मीट में दो रजत पदक जीते।



## पेरिस ओलंपिक तैयारियों में डटे बैडमिंटन खिलाड़ी प्रणय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हाल ही में चिकनगुनिया की चपेट में आने वाले अनुभवी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं और अपने कोच तथा पूर्व खिलाड़ी आरएमवी गुरुसाईदत्त की देखरेख में खेल की गति को बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं।

प्रणय पिछले कुछ समय के लगातार बीमारियों की चपेट में रहे हैं। थॉमस कप विजेता की के इस अहम सदस्य को पेट की गंभीर बीमारी के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहना पड़ा था। इसके बाद पीठ की चोट ने उन्हें परेशान किया और फिर चिकनगुनिया के कारण उन्हें एक सप्ताह तक विश्राम करना पड़ा।



## पोलिश कैनोइस्ट बोरोवस्का डोपिंग के संदेह के कारण पेरिस 2024 से बाहर



**एजेंसी, वारसॉ**

स्प्रिंट कैनोइस्ट डोरोटा बोरोवस्का को एंटी-डोपिंग नियमों के कथित उल्लंघन के कारण 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए पोलैंड की टीम से हटा दिया गया है, पोलिश कैनो फेडरेशन ने बुधवार को इसकी पुष्टि की।

28 वर्षीय खिलाड़ी ने जून में हंगरी के सेजेड में 2024 ईसीए कैनो स्प्रिंट यूरोपीय चैंपियनशिप में महिलाओं की सी-1 प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। बोरोवस्का को ओलंपिक खेलों में पोलैंड की पदक की उम्मीदों में से एक माना जाता था। पोलिश कैनो फेडरेशन (पीसीएफ) ने एक बयान में कहा कि हम खेल में शुद्धता का समर्थन करते हैं और प्रतिबंधित डोपिंग पदार्थों के उपयोग की कड़ी निंदा करते हैं। हम संबंधित एंटी-डोपिंग अधिकारियों के साथ पूर्ण सहयोग की भी घोषणा करते हैं। हालांकि, हम एथलीट के अपराध के बारे में पहले से कोई राय नहीं रखते हैं और हमारा मानना है कि सभी को निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार है।

जून में बोरोवस्का से लिए गए नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया था। एथलीट इंटरनेशनल कैनो फेडरेशन के उस फैसले के खिलाफ अपील कर सकती है, जिसने पेरिस 2024 के लिए उसकी योग्यता को निलंबित कर दिया था। पीसीएफ ने कहा कि हमें एथलीट के कोचिंग स्टाफ से जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार वह इस अधिकार का प्रयोग करना चाहती है।

बोरोवस्का ने स्वीकार किया कि वह बहुत दुखी है, क्योंकि ओलंपिक स्वर्ण जीतना उसका सपना था। एथलीट ने बुधवार को पोलिश मीडिया से कहा कि मैंने कभी जान-बूझकर कोई अवैध पदार्थ नहीं लिया। मुझे विश्वास नहीं होता कि क्या हुआ। यह एक बुरे सपने जैसा लगता है। मैं अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए कुछ भी करुंगी।

## सुलिवन बने सबसे कम उम्र के एमएलएस खिलाड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चौदह वर्षीय फिलाडेल्फिया यूनियन के मिडफील्डर कैवन सुलिवन इतिहास में सबसे कम उम्र के मेजर सॉकर लीग (एमएसएल) खिलाड़ी बन गए हैं। सुलिवन, जिनके 18 साल की उम्र में मैनचेस्टर सिटी में जाने की उम्मीद है, पेंसिल्वेनिया के सुबारू पार्क में न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन पर 5-1 की जीत में 85वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी थे। 14 साल और 293 दिन की उम्र में, उन्होंने फ्रेडी एडू द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ दिया। सुलिवन किसी टीम खेल की शीर्ष प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के उत्तरी अमेरिकी खिलाड़ी भी बन गए।




## बेन स्टोक्स ने एंडरसन, ब्रॉड युग के बाद इंग्लैंड के लिए गति को बताया बड़ा हथियार

**एजेंसी, नॉटिंघम**

इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के बाद के दौर में गति को अपने लिए एक 'बड़ा हथियार' मानते हैं। एंडरसन वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में ट्रेंट ब्रिज पवेलियन की बालकनी में मौजूद रहेंगे, जबकि ब्रॉड मैदान के दूसरी तरफ स्काई स्पोर्ट्स के लिए कमेंट्री पैनल का हिस्सा होंगे।



एंडरसन और ब्रॉड के अब इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन में शामिल न होने के बावजूद, उनकी गेंदबाजी लाइन-अप अभी भी काफी मजबूत है। क्रिस वोक्स अपना 50वां टेस्ट कैप हासिल करेंगे, स्पीड सनसनी मार्क वुड सेट-अप में वापस आ गए हैं, और गस एटकिंसन ने थ्री लायंस के लिए अपने यादगार डेब्यू गेम के बाद खुद को दुनिया के सामने पेश किया है। अपने पहले टेस्ट मैच में एटकिंसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में सात विकेट लिए थे।

**फीफा रैंकिंग** फ्रांस दूसरे, स्पेन तीसरे, इंग्लैंड चौथे, ब्राजील पांचवें, बेल्जियम छठे, नीदरलैंड सातवें, पुर्तगाल आठवें व कोलंबिया नौंवे स्थान पर काबिज

# भारत 124वें स्थान पर और अर्जेंटीना शीर्ष पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय फुटबॉल टीम वीरवार को जारी फीफा पुरुष रैंकिंग में 124वें स्थान पर बरकरार है, जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन और कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना ने अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया।

जून में जारी फीफा रैंकिंग में भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सूची में तीन पायदान खिसक गई थी। ऐसा उसके कतर और अफगानिस्तान से 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में विफल होने के कारण हुआ था। पिछले साल दिसंबर से भारत का रैंकिंग में खिसकना जारी है। भारतीय टीम पिछले साल शीर्ष 100 में पहुंची थी जिसमें उसकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 99 रही थी, लेकिन इसके बाद से उसका खिसकना जारी है। एशिया में भारत 22वें स्थान पर बरकरार है जिसमें वह लेबनान, फलस्तीन और वियतनाम से पीछे है। अर्जेंटीना ने सफलतापूर्वक कोपा अमेरिका खिताब बरकरार रखने के बाद रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पकड़ मजबूत कर ली है।

फ्रांस (दूसरी रैंकिंग) यूरो 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दूसरे स्थान पर है। हाल में यूरोपीय चैंपियन बनी स्पेन पांच पायदान के फायदे से तीसरी रैंकिंग पर पहुंची। वहीं उससे हारने वाली इंग्लैंड एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गई और उसने ब्राजील को पछाड़ दिया जो एक पायदान खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंची। बेल्जियम रैंकिंग में छठे, नीदरलैंड सातवें, पुर्तगाल आठवें और कोलंबिया नौंवे स्थान पर काबिज हैं।

